सुप्रभात
रांची, मंगलवार
12.12.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net अगहन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 149

12 अक्षरा सिंह का गाना 'पटना की लड़की है...' रिलीज

न्यूज डायरी

राजस्थान में आज भाजपा विधायक दल की बैठक

जयपुर। राजस्थान में 115 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल करने वाली भाजपा के विधायक दल की बैठक मंगलवार को शाम चार बजे होगी। भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं विधायक भजनलाल शर्मा ने बताया कि बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुलायी गयी है। जिसमें केंद्रीय पर्यवेक्षक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सह पर्यवेक्षक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय और राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावडे मौजूद रहेंगे।

पीएम से मिले भाजपा विधायक अमर बाउरी

रांची। झारखंड भाजपा के विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान बाउरी ने पीएम को राज्य की राजनीतिक परिस्थिति से अवगत कराया।

झारखंड में अब पड़ने लगी कड़ाके की ठंड

रांची। राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। सुबह और शाम के समय लोगों को घरों में दुबके रहने को मजबूर कर दिया है। 24 घंटे में चतरा और गुमला का न्यूनतम तापमान सबसे कम रिकॉर्ड किया गया। दोनों जिलों का तापमान 7.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

लातेहार में बिहार के 3 साइबर अपराधी धराये

लातेहार। लातेहार पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल कर तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी आनंद कुमार, छोटू कुमार और सुलीचंद कुमार तीनों बिहार के शेखपुरा जिले के बरबीघा के हैं। इनके पास से 29 मोबाइल, 25 सिम कार्ड के अलावा साइबर क्राइम से संबंधित कई कागजात भी बरामद हुए हैं।

संसद में बोले शाह पीओके भी हमारा है

नयी दिल्ली। अमित शाह ने सोमवार को राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के केंद्र के निर्णय पर उच्चतम न्यायालय का फैसला विपक्षी दलों की बड़ी हार है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पीओके भारत का है और उसे 'हमसे कोई छीन नहीं सकता।

गहना आभूषण

सोना (बिक्री)	:	57,900 रु./10 ग्राम
चांदी	:	73,000 रु./प्रति किलो

तीसरी आंख

अनुच्छेद 370 हटाना संवैधानिक रूप से वैध

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, जम्मू-कश्मीर में अगले साल सितंबर तक चुनाव करायें

एजेंसी

शीर्ष कोर्ट ने क्या कहा

- जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग
- राज्य से देश का संविधान ऊपर है
- लद्दाख को अलग करने का फैसला वैध था
- केंद्र सरकार का फैसला बरकरार रहेगा

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अनुच्छेद 370 पर अपना ऐतिहासिक फैसला सुना दिया। कोर्ट ने केंद्र सरकार के फैसले पर अपनी मुहर लगा दी। अनुच्छेद 370 के हटाये जाने को सही ठहराया। शीर्ष अदालत ने कहा कि केंद्र सरकार का 5 अगस्त 2019 का फैसला बरकरार रहेगा। राष्ट्रपति के पास 370 पर फैसला लेने का अधिकार है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, संजीव खन्ना, बीआर गवई और सूर्यकांत की पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने फैसला पढ़ा।

अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और तत्कालीन राज्य जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी थी। कोर्ट ने कहा, अनुच्छेद 370 एक अस्थायी व्यवस्था थी। जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने का आदेश-जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।

शीघ्र चुनाव कराने का आदेश : जम्मू व कश्मीर में भारत का संविधान चलेगा।

(शेष पेज 11 पर)

राज्य का दर्जा जल्द बहाल किया जाये

अनुच्छेद 370 मामले में फैसला पढ़ते हुए सीजेआई ने कहा, 'हम निर्देश देते हैं कि 30 सितंबर 2024 तक जम्मू और कश्मीर की विधानसभा के चुनाव कराने के लिए भारत के चुनाव आयोग द्वारा कदम उठाये जायेंगे। साथ ही कहा कि राज्य का दर्जा जल्द बहाल किया जाये। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र शासित प्रदेश के रूप में लद्दाख के पुनर्गठन को बरकरार रखा। कोर्ट ने कहा, अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले में कोई दुर्भावना नहीं थी। याचिकाकर्ताओं की यह दलील कि केंद्र सरकार राष्ट्रपति शासन के दौरान राज्य में अपरिवर्तनीय परिणाम वाली कार्रवाई नहीं कर सकती, स्वीकार्य नहीं है। अनुच्छेद 370 एक अस्थायी व्यवस्था थी। विलय के साथ जम्मू-कश्मीर की संप्रभुता खत्म हो गयी। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। राज्य से देश का संविधान ऊपर है

ऐतिहासिक फैसला, उम्मीद की किरण : मोदी

पीएम मोदी ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने संबंधी सरकार के फैसले को बरकरार रखने के उच्चतम न्यायालय के निर्णय को सोमवार को ऐतिहासिक' करार दिया। उन्होंने कहा, यह सिर्फ एक कानूनी फैसला नहीं है बल्कि उम्मीद की किरण तथा एक मजबूत एवं अधिक एकजुट भारत के निर्माण के सामूहिक संकल्प का प्रमाण है। उज्ज्वल भविष्य का वादा है और एक मजबूत, अधिक एकजुट भारत के निर्माण के हमारे सामूहिक संकल्प का प्रमाण है। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के लिए आशा, प्रगति और एकता की शानदार घोषणा भी बताया। फैसले के बाद एक्स पर एक पोस्ट में कहा- अनुच्छेद 370 को निरस्त करने पर उच्चतम न्यायालय का फैसला ऐतिहासिक है। (शेष पेज 11 पर)

राज्य की खुशहाली के लिए तिनका-तिनका जोड़ रहा हूं : हेमंत

1932 आधारित नियोजन नीति का जारी रहेगा प्रयास

बोकारों में सरकार आपके द्वार

- 4923.29 लाख की 15 योजनाओं का उद्घाटन
- 193 योजनाओं का शिलान्यास किया
- लाभुकों के बीच 32156.79 लाख की परिसंपत्ति बांटी
- 17 को अनुकंपा, 72 पारा मेडिकल स्टॉफ नियुक्त

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची/बोकारो। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य की समृद्धि के लिए सरकार तिनका-तिनका जोड़ रही है। हमारी सरकार ने आदिवासी औ मूलवासी के हक-अधिकार के लिए विधानसभा से 1932 आधारित नियोजन नीति पारित कराया, लेकिन कुछलोगों ने जानबूझ कर इसमें कानूनी अड़गा लगा दिया। सीएम ने कहा, इनसब अचड़चनों के बावजूद 1932 आधारित नियोजन नीति के लिए हमारा प्रयास जारी रहेगा। श्री सोरेन सोमवार को बोकारो के चास स्थित सोनाबाद में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे।

सर्वांगीण विकास लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड का सर्वांगीण विकास ही उनकी सरकार का लक्ष्य है। सभी जरूरतमंद को पेंशन योजना से पहले ही जोड़ दिया जाना था, लेकिन, 2019 से पूर्व तक बुजुर्ग, निराश्रित, दिव्यांग पेंशन के लिए तरसते रहे। वर्ष 2019 तक राज्य में मात्र 15 लाख लोगों को ही पेंशन का लाभ दिया जा रहा था। आपकी सरकार ने मात्र चार वर्ष में 37 लाख लोगों को पेंशन देने का कार्य किया। आज बुजुर्ग, निराश्रित एवं दिव्यांग को पेंशन से जोड़ा गया। 2019 के पूर्व किसानों के आंसू पोछने का काम किसी ने नही किया। हमने सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना से राज्य की बेटियों को शिक्षा से जोड़ा। उनकी उच्च शिक्षा के लिए भी सरकार सहयोग कर रही रही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी ने नहीं सोचा था कि सरकार राज्य के लोगों के द्वार तक जायेगी। लेकिन, आज गांव-गांव पदाधिकारी योजनाएं लेकर लोगों के द्वार तक पहुंच रहे हैं। मेरा प्रयास है कि इस राज्य के हर द्वार तक योजना पहुंचे। इसके लिए सरकार विगत तीन वर्ष से शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दे रही है। राज्य में जब से हमारी सरकार आयी है, हम यहां के लोगों के हक-अधिकार को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं।

अब बीमार नहीं बीमायुक्त पशु दे रहे हैं : सीएम ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में किसानों को बीमारू पशु दिया जाता था। वहीं अब उनकी सरकार वीमा के साथ अपने किसानों को पशुधन दे रही है। किसानों को खेती-बाड़ी के अतिरिक्त आर्थिक लाभ के लिये बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, दीदी बाड़ी योजना का संचालन किया जा रहा है। जिसका लाभ किसान अवश्य लें। (शेष पेज 11 पर)

पीएम की मौजूदगी में कल शपथ लेंगे बीडी साय

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित सीएम विष्णुदेव साय 13 दिसंबर को पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। इस दौरान पीएम मोदी समेत कई केंद्रीय मंत्री साय के शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा भाजपा शासित प्रदेशों को सीएम भी शपथग्रहण समारोह में शिरकत कर सकते हैं। शपथग्रहण रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में दोपहर 2 बजे होगा। रविवार को प्रमुख आदिवासी नेता विष्णुदेव साय को विधायक दल का नेता चुन लिया। इसी के साथ ही यह सस्पेंस खत्म हो गया कि राज्य का नेतृत्व कौन करेगा।

मोहन यादव एमपी के अगले सीएम होंगे

तोमर स्पीकर, राजेंद्र शुक्ला और देवड़ा डिप्टी सीएम होंगे

एजेंसी

भोपाल। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री के नाम का इंतजार खत्म हो गया। पार्टी विधायक दल की बैठक में मोहन यादव के नाम पर मुहर लग गयी। मोहन यादव उज्जैन दक्षिण से तीसरी बार विधायक चुने गये हैं। इसके साथ ही पार्टी ने सीएम के साथ डिप्टी सीएम के नाम का भी एलान किया है। राजेंद्र शुक्ला और जगबीर देवड़ा डिप्टी सीएम होंगे। वहीं नरेंद्र सिंह तोमर विधान सभा अध्यक्ष होंगे। मुख्यमंत्री चुने जाते ही मोहन यादव ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व का धन्यवाद किया। साथ ही कहा कि जो जिम्मेदारी मिली है उसके लायक नहीं हूं लेकिन आपका प्यार, आशीर्वाद और सहयोग मिलेगा तो प्रयास करूंगा।

सबको चौंकाया : भाजपा नेतृत्व ने मध्य प्रदेश के नये मुख्यमंत्री के रूप में मोहन यादव के नाम की घोषणा के साथ ही सबको चौंका दिया। उनके नाम के एलान से पहले एमपी के सीएम की रेस में शिवराज सिंह चौहान, प्रह्लाद पटेल, नरेंद्र तोमर और वीडी शर्मा का नाम चल रहा था। नये सीएम की तलाश भी इसी के साथ खत्म हो गयी। (शेष पेज 11 पर)

कौन हैं मोहन यादव

चुने गये सीएम मोहन यादव (58) उज्जैन दक्षिण से तीसरी बार विधायक बने हैं। जुलाई 2020 से 2023 तक शिक्षा मंत्री रहे और 2013 से लगातार विधायक हैं। वह एबीवीपी से और आरएसएस से जुड़े रहे हैं।

कांग्रेसी सांसद के ठिकानों से मिले करोड़ों कैश का मामला संसद में उठा

रांची में छठे दिन भी आइटी छापा, अब इडी की इंट्री तय

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के रांची के रेडियम रोड स्थित आवास और लालपुर स्थित आर्या होटल में भी आयकर विभाग ने दबिश दी। सोमवार को आइटी की टीम रेडियम रोड और लालपुर स्थित आर्या होटल पहुंची। वहीं यह मामला सोमवार को संसद में भी उठा। सांसदों ने परिसर में प्रदर्शन किया।

यह होटल धीरज साहू के भाई गोपाल साहू की है। वहीं रविवार की देर रात तक भी आइटी की टीम धीरज साहू के आवास में बनी हुई थी। बताया जा रहा है कि धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से बरामद नगद 500 करोड़ को भी पार कर जायेगा। जानकारी के अनुसार धीरज साहू के यहां बरामद करोड़ों की नकदी में अब इडी की भी एंट्री तय मानी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही इनकम टैक्स के द्वारा राज्यसभा सांसद धीरज साहू को पूछताछ के लिए तलब किया जायेगा। इनकम टैक्स की कार्रवाई को लेकर ईडी मुख्यालय अपनी नजर बनाये हुए है। (शेष पेज 11 पर)

मुख्यमंत्री को इडी ने छठी बार भेजा समन

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी ने एक बार फिर समन जारी किया है। 12 दिसंबर को पूछताछ के लिए उन्हें बुलाया है। हालांकि पिछले एक साल में मात्र एक बार ही सीएम ईडी के सवालों का जवाब देने ईडी दफ्तर पहुंचे हैं। 14 अगस्त को एजेंसी के दफ्तर आने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नोटिस भेजा गया था।

सामान्य स्नातक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा टली

रांची। जेएसएससी ने 16 व 17 दिसंबर को होनेवाली झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 स्थगित कर दी है। जेएसएससी ने सोमवार को नोटिस जारी किया है।

केंद्रीयकर्मियों को झटका : ओल्ड पेंशन स्कीम बहाली का सरकार के सामने कोई प्रस्ताव नहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। ओल्ड पेंशन स्कीम को फिर से बहाल करने की मांग तेज पकड़ चुकी है और पिछले दिनों दिल्ली के रामलीला मैदान में देशभर से आये सरकारी कर्मचारियों ने सरकार पर दबाव बढ़ाने के लिए धरना प्रदर्शन भी किया है। सोमवार को संसद में भी ओल्ड पेंशन स्कीम के बहाली को लेकर केंद्र सरकार से सवाल पूछा गया। सरकार ने बताया कि उसे कई दफा ओल्ड पेंशन स्कीम को फिर से बहाल करने को लेकर अनुरोध पत्र मिलता रहा है, पर सरकार ने साफ कर दिया कि एक जनवरी 2004 या उसके बाद नियुक्त किये गये केंद्रीय कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम को फिर से बहाल करने का भारत सरकार के सामने कोई प्रस्ताव नहीं है। ये केंद्रीय कर्मचारियों को एक तरह से बड़ा झटका है। (शेष पेज 11 पर)

एक सवाल के जवाब में वित्त राज्य मंत्री ने दी जानकारी

प्रश्नकाल में वित्त मंत्री से लोकसभा सांसद ए गणेशमूर्ति और ए राजा ने सवाल किया कि क्या सरकारी कर्मचारियों के एसोसिएशन ने योगदान वाले पेंशन स्कीम की जगह आखिरी वेतन के आधार पर दिये जाने वाले ओल्ड पेंशन स्कीम को फिर से बहाल करने की मांग की है और इन मांगों पर सरकार का क्या रुख है? इस प्रश्न पर लिखित जवाब में वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा, एक जनवरी 2004 को या उसके बाद नियुक्त किये गये कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम को फिर से बहाल करने का भारत सरकार के सामने कोई प्रस्ताव नहीं है।

अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर झारखंड में मिली-जुली प्रतिक्रिया

झामुमो ने अदालत के निर्णय का किया स्वागत कांग्रेस बोली- जम्मू-कश्मीर पर राजनीति न हो

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से जम्मू कश्मीर में लोकतांत्रिक मूल्य होंगे बहाल : झामुमो

झारखंड कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर में जल्द से जल्द चुनाव कराने की मांग की

सर्वोच्च न्यायालय ने क्या कहा : जम्मू कश्मीर को विशेष अधिकार प्रदान करने वाला अनुच्छेद 370 को हटाने को सर्वोच्च न्यायालय ने संवैधानिक रूप से सही करार दिया है। सोमवार 11 दिसंबर को सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि राष्ट्रपति को अर्टिकल 370 हटाने का अधिकार है। सर्वोच्च न्यायालय ने फैसले में कहा कि संविधान के सभी प्रावधान जम्मू कश्मीर पर लागू होंगे।

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुच्छेद 370 हटाये जाने के मामले में दिए गए फैसले का स्वागत किया है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का स्वागत करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य और प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने जहां राष्ट्रपति द्वारा अनुच्छेद 370 को हटाए जाने को संवैधानिक करार दिया है। वहीं यह भी कहा कि जम्मू कश्मीर में भारत का संविधान लागू होगा, उच्चतम न्यायालय ने वहां चुनाव कराने की समय सीमा भी निर्धारित कर दी है।

झामुमो नेता मनोज पांडे ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले से जम्मू कश्मीर में लोकतांत्रिक मूल्य बहाल होंगे और वहां अमन शांति लाने में मदद मिलेगी।

वहीं झारखंड कांग्रेस ने जल्द से जल्द जम्मू कश्मीर में चुनाव कराने की मांग की है। प्रदेश महासचिव ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से जम्मू कश्मीर में लोकतांत्रिक सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया है।

निर्धारित समय में जम्मू कश्मीर में चुनाव कराए जाएं : कांग्रेस

झारखंड कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि अनुच्छेद 370 को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को आगाह किया है कि जम्मू कश्मीर के नाम पर राजनीतिक बंद कर, वहां जल्द चुनाव कराए जाएं। कोर्ट का आदेश यह भी है कि निर्धारित समय के अंदर जम्मू कश्मीर में चुनाव कराए जाएं। कांग्रेस नेता ने कहा कि दिल्ली को भी राज्य के सभी अधिकार मिलने चाहिए, इसकी घोषणा पत्र में उल्लेख के बाद भाजपा पीछे क्यों हट गई है।

अनुच्छेद 370 पर कोर्ट के फैसले का भाजपा ने किया स्वागत

मोदी सरकार के दृढ़ निश्चय पर उच्चतम न्यायालय ने लगायी मुहर : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 एवं 35ए के संबध में उच्चतम न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया है। श्री मरांडी ने कहा कि धारा 370 अब इतिहास बन चुका है। देश की एकता अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति पर उच्चतम न्यायालय ने मुहर लगाई है। उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ ने धारा 370 एवं 35-ए को हटाने के निर्णय, उसकी प्रक्रिया और उद्देश्य को पूर्ण रूप से सही ठहराया है।

मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर को देश की मुख्यधारा में जोड़ने का ऐतिहासिक काम किया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने अपने गहन ज्ञान से एकता के मूल सार तत्व को मजबूत किया है उन्होंने कहा कि आज जम्मू कश्मीर, लद्दाख विकास की मुख्यधारा में तीव्र गति से जुड़ रहा है।

मोदी की गारंटी को धरातल पर उतारने में सक्रिय भूमिका निभायें : बाबूलाल मरांडी

भाजपा मुख्यालय में सेवा में समर्पित भाव से कार्य करने के लिए तत्पर विस्तारकों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मजबूत भाजपा से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है। श्री मरांडी सोमवार को विस्तारकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। यह बैठक पार्टी मुख्यालय में किया गया था। पार्टी के कार्यकर्ता आम जनता की आशा और अपेक्षाओं को पूर्ण कराने के महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि देश समझ चुका है कि मोदी की गारंटी ही आत्म निर्भर भारत का विश्वास है। उन्होंने कहा कि हमें मोदी की गारंटी को धरातल पर उतारने में सक्रिय भूमिका निभानी है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सर्व स्पर्शी, सर्वव्यापी, सर्व समावेशी भाजपा ही मूल मंत्र है। उन्होंने आगामी लोकसभा में झारखंड की 14 लोकसभा सीट पर पार्टी की जीत एवं विधानसभा चुनाव में भाजपा नेतृत्व की मजबूत सरकार के लिए राज्य की युवा शक्ति को, नव मतदाताओं को जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बूथ और यूथ पर फोकस करें। बैठक को प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रवक्ता सरोज सिंह और संचालन प्रदेश सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

ईडी के छठे समन पर बिना देर किए पूछताछ के लिए जायें मुख्यमंत्री : बाबूलाल मरांडी

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी के छठे समन पर पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को सलाह देते हुए कहा कि वे बिना देर किये ईडी द्वारा जारी छठे समन का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि यदि राज्य का मुख्यमंत्री कानून का पालन नहीं करेगा तो फिर आम आदमी से इस संबंध में उम्मीद नही की जा सकती है। उन्होंने राज्यपाल से कानून का पालन नहीं होने पर मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बार बार मीडिया के सामने अपने को बेदाग बताते हैं तो फिर इस भ्रम को दूर करने का उनको ईडी बार बार अवसर दे रही है।

भूल सुधार : 11 दिसंबर 2023 दिन सोमवार के अंक में आईटी रेड से जुड़ी एक खबर में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू की जगह भूलवश भाजपा सांसद आदित्य साहू का नाम प्रकाशित हो गया, इसका हमें खेद है। ---**संपादक**

खबर एक नजर में

सर्वोच्च न्यायालय का फैसला स्वागत योग्य कदम : राजेंद्र प्रसाद

रांची। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को भारत सरकार के द्वारा हटाए जाने को निर्णय को सही ठहराने जाने पर फैसले का स्वागत किया है। प्रसाद ने कहा कि अनुच्छेद 370 अस्थाई व्यवस्था के तहत किया गया था। लेकिन इससे लंबे समय तक खींचा गया। जिससे लोगों का संवैधानिक अधिकारों का हनन हो रहा था।

प्रदेश भाजपा ने डॉ मोहन यादव को दी बधाई

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने मध्यप्रदेश में नव मनोनित मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ल एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की डबल इंजन सरकार डॉ मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में लोक कल्याणकारी योजनाओं के साथ मोदी की गारंटी सुनिश्चित करेगी। श्री मरांडी ने कहा कि यह सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी, सर्व समावेशी भाजपा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सभी वर्गों को सम्मान देने में विश्वास करती है।

अभय नंदन अम्बष्ट का हुआ प्रति-परीक्षण

पूजा सिंघल मामला

रांची। मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने की आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल से जुड़े मामले में सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में तत्कालीन नजारत डीसी अभय नंदन अंबष्ठ का प्रति-परीक्षण बचाव पक्ष की ओर से किया गया। जो पूरी नहीं हो सकी। मंगलवार को भी गवाह का प्रति-परीक्षण जारी रहेगा। हालांकि, पूजा सिंघल की ओर से गवाह का प्रति-परीक्षण पूरी कर ली गई है। अन्य की ओर से जारी है। सुनवाई के दौरान पूजा सिंघल समेत जेल में बंद अन्य आरोपियों को वीसी के माध्यम से पेशी हुई। पूजा सिंघल 25 मई 2022 से जेल में है। ईडी मामले में अब तक पूजा सिंघल के खिलाफ छह गवाहों को प्रस्तुत कर चुकी है।

पंकज मिश्रा के सहयोगी कृष्णा को मिली बेल

अवैध खनन मामला

रांची। झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत ने साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा की जमानत याचिका पर फैसला सुना दिया। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। कुछ शर्तों के साथ कृष्णा साहा को जमानत की सुविधा प्रदान कर दी गई है। कृष्णा साहा को बेल के लिए ट्रायल कोर्ट में एक-एक लाख के दो निजी मुचलके जमा करने होंगे। निचली अदालत से राहत नहीं मिलने के बाद कृष्णा साहा ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर जमानत की गुहार लगाई थी। पांच जुलाई को पूछताछ के बाद उसे देर रात ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। अवैध खनन से मनी लॉन्ड्रिंग की जांच ईडी कर रही है। कृष्णा के ठिकाने पर जुलाई में छापेमारी की गई थी। कृष्णा साहा पंकज मिश्रा का खास सहयोगी माना जाता है।

मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने जारी की अधिसूचना

विधानसभा सत्र में मुख्यमंत्री के विभागों से जुड़े प्रश्नों के सात कैबिनेट मंत्री सदन में देंगे जवाब

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर से प्रारंभ हो रहा है। 21 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र में कुल पांच कार्य दिवस होंगे। सरकार ने विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री के प्रसंगाधीन विभागों से संबंधित प्रश्न, ध्यानाकर्षण, निवेदन, याचिका, विधेयक, संकल्प आदि सभी प्रकार के विधायी प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सात कैबिनेट मंत्रियों को प्राधिकृत किया है, जो उनके विभागों से संबंधित प्रश्नों का सदन में उत्तर देंगे। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

इन मंत्रियों को मिली जबाव देने की जिम्मेदारी

आलमगीर आलम : गृह,कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रिमंडल निर्वाचन, कार्मिक विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय, विधि विभाग।

चम्पई सोरेन : वन, पर्यावरण एवं जलवायू परिवर्तन विभाग।

जोबा मांझी : राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार, निबंधन को छोड़कर, आइटी विभाग।

श्री बादल : खान एवं भूतत्व विभाग, पथ निर्माण, भवन निर्माण विभाग।

मिथिलेश कुमार ठाकुर : जलससांधन, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग।

सत्यानंद भोक्ता : नगर विकास एवं आवास विभाग।

बब्ना गुप्ता : उर्जा विभाग।

सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना का लाभ नहीं देनेवाली डीएसडब्ल्यूओ अनीशा कुजूर निलंबित

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य सरकार ने गोड्डा की जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीशा कुजूर को निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ छात्राओं ने सीएम हेमंत सोरेन से शिकायत की थी। छात्राओं ने सीएम को बताया था कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है। सीएम ने इस मामले को गंभीरता से लिया था और इसकी जांच का आदेश दिया था। जांच में शिकायत सही पाये जाने के साथ ही उन्हें सस्पेंड कर दिया गया।

बताते चलें कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना राज सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इसके तहत राज्य के योग्य किशोरियों के सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विवाह उन्मूलन, स्वतंत्र निर्णय लेने के लिए सक्षम बनाने के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है।

राज्य सरकार का मानना है कि इस योजना के लाभुक बालिकाओं को समय पर योजना का लाभ नहीं पहुंचाना जिला समाज कल्याण पदाधिकारी गोड्डा द्वारा अपने दायित्व के प्रति लापरवाही एवं पूर्व में दिए गए सरकारी निदेर्शों का उल्लंघन एवं उदासीनता को दर्शाता है। उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इस संबंध में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने आदेश जारी किया है। निलंबन अवधि में श्रीमती कुजूर का मुख्यालय प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय दुमका रहेगा।

संजय सेठ ने उठाया धर्मांतरण का मुद्दा

राज्यों को आदिवासियों की संस्कृति, परंपरा अक्षुण्ण बनाये रखने पर ध्यान देने की है जरूरत : अर्जुन मुंडा

रांची। झारखंड समेत राज्यों में आदिवासियों के धर्मांतरण के मुद्दे पर केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि यह राज्यों का विषय है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सदन में सांसद संजय सेठ के सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को ध्यान रखना चाहिये कि जनजातीय समुदायों के जीवन मूल्य, भाषा, संस्कृति और परंपराएं अक्षुण्ण रहें। दरअसल, सांसद सेठ ने पूछा था कि क्या सरकार का ध्यान उनके राज्य में आदिवासियों के धर्मांतरण पर है। जवाब में मुंडा ने कहा कि वैसे तो यह विषय राज्य सरकारों का है।

टेरर फंडिंग मामले में महेश अग्रवाल अमित अग्रवाल के मामले में बहस पूरी

अजय सिंह के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई 18 दिसंबर को

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आरोपी आधुनिक पावर कंपनी के तत्कालीन एमडी महेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल की अपील पर बहस पूरी हो गयी है जबकि अजय कुमार सिंह की अपील पर अब हाई कोर्ट में सुनवाई 18 दिसंबर को होगी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में यह मामला सोमवार को सूचीबद्ध था। इन तीनों ने अपने खिलाफ किए गए चार्जफ्रेम एवं खारिज किए गए डिस्चार्ज पिटिशन हाई कोर्ट में चुनौती दी है। प्रार्थी की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अधिवक्ता ऋषभ कुमार ने पैरवीकार है। दरअसल, रांची की एनआइए कोर्ट ने टेरर फंडिंग मामले में महेश अग्रवाल और अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल और अजय कुमार सिंह की डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज कर दिया था। साथ ही कोर्ट ने उन पर चार्जफ्रेम कर दिया है, जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

बता दें कि टेरर फंडिंग से जुड़े केस में रांची की एनआइए की विशेष अदालत में सुनवाई चल रही है। एनआइए ने टंडवा थाना में दर्ज प्राथमिकी को फरवरी 2018 को टेकओवर किया था। अनुसंधान के बाद एनआइए ने मामले में 17 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

कैश कांड के आरोपी अमित अग्रवाल कोर्ट में पेश

रांची। कैश कांड में गिरफ्तार कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल को सीबीआई की दिल्ली शाखा ने पांच दिनों की पूछताछ के बाद सोमवार को अदालत में पेश किया। उसे सीबीआई की विशेष अदालत ने न्यायिक हिरासत में लेते हुए पुन: जेल भेज दिया। सीबीआई ने आगे पुलिस रिमांड नहीं मांगा। सीबीआई ने जेल में बंद अमित अग्रवाल को सात दिसंबर को पूछताछ के लिए साथ ले गई थी। अदालत ने छह दिसंबर को पूछताछ के लिए पांच दिनों की पुलिस रिमांड की अनुमति प्रदान की थी। रिमांड अवधि 11 दिसंबर को खत्म होने से पूर्व उसे अदालत में पेश किया गया। सीबीआई को अमित अग्रवाल और कोलकाता पुलिस के अफसरों की संदिग्ध भूमिका में अहम जानकारी हाथ लगी है। मालूम हो कि अमित अग्रवाल ने वकील राजीव कुमार पर माइनिंग लीज आवंटन को लेकर दाखिल पीआईएल को मैनेज करने के लिए एक करोड़ रुपएमें डील करने का आरोप लगाते हुये कोलकाता पुलिस से शिकायत की थी। 50 लाख रुपये लेते कोलकाता पुलिस ने राजीव कुमार को धर दबोचा था।

राज्य के किसानों से छह लाख टन धान की होगी खरीदारी

धान खरीदने में 70.20 करोड़ रुपये की आयेगी लागत

झारखंड में पिछले पांच सालों में धान अधिप्राप्ति के न्यूनतम समर्थन मूल्य में हुई है बढ़ोतरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड सरकार राज्य के किसानों से इस वर्ष 6 लाख टन धान खरीदेगी। धान की खरीद पर सरकार 70.20 करोड़ रुपये खर्च करेगी। बताते चलें कि झारखंड में पिछले पांच सालों में धान अधिप्राप्ति के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी हुई है। अतिरिक्त बोनस में उतार-चढ़ाव देखा गया है। कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार खरीफ विपणन मौसम में वित्तीय वर्ष 2018-19 में न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 1750 रुपये थी और अतिरिक्त बोनस 150 रुपये दिया गया था। 2019-20 में यह 1815 रुपये प्रति क्विंटल व बोनस 185 रुपये था। 2020-21 में 1868 रुपये प्रति क्विंटल व बोनस 182 रुपये, 2021-22 में 1940 रुपये प्रति क्विंटल व बोनस 110 रुपये व 2022-23 में 2040 रुपये प्रति क्विंटल व सबसे कम बोनस मात्र 10 रुपये दिया गया था। हालांकि, इस बार स्थिति सुधरी है।

राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए साधारण धान खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 रुपये और ग्रेड-ए धान पर 2203 रुपये प्रति क्विंटल देने की घोषणा की है। इसके अलावा इस बार 117 रुपये बोनस दिया जायेगा। राज्य सरकार ने इस वर्ष छह लाख टन धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए 70.20 करोड़ रुपये अतिरिक्त राशि खर्च की जायेगी।

राज्य सरकार ने धान खरीद के बदले राशि का भुगतान किसानों के खाते में करने का निर्णय लिया है। इसके लिए समय-सीमा भी निर्धारित किया है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता अर्जुन उरांव का निधन

रांची। झारखंड क्षेत्रिय कांग्रेस के पूर्व महामंत्री, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अर्जुन उरांव के निधन पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि आज हमने पार्टी के समर्पित नेता को खो दिया है। उनके निधन से व्यक्तिगत तौर पर हम मर्माहत हैं। इस दुःख की घड़ी में पूरी कांग्रेस पार्टी उनके परिवार से साथ खड़ी है और ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में जगह दें। शोक व्यक्त करते वालों में पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, सतीश पाल मुंजानी, सूर्यकांत शुक्ला, केदार पासवान, सुरेन राम, जगदीश साहु, अरूण श्रीवास्तव, बशिष्ट लाल पासवान, अजय सिंह, रंजीत बाउरी, रामानंद केशरी सहित अन्य कांग्रेसी शामिल हैं।

पलामू में 15 और 16 दिसंबर को होगा राजद का प्रशिक्षण शिविर

शिविर में युवा कार्यकर्ता होंगे प्रशिक्षित

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। युवा राष्ट्रीय जनता दल अपने संगठन में शामिल कार्यकर्ताओं के अंदर लालू प्रसाद यादव की सामाजिक न्याय की अवधारणा, गांधी, लोहिया, अंबेडकर और जयप्रकाश का समाजवाद, राजद के गठन के उद्देश्य और वर्तमान परिपेक्ष्य में युवाओं का भूमिका पर परिचर्चा करेगा। इसके लेकर प्रदेश कार्यालय में युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान जानकारी दी गयी कि 15 और 16 दिसंबर को दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बेतला में किया जायेगा। इस शिविर में लातेहार, पलामू, चतरा, गढ़वा और लोहार के युवा राजद के कार्यकर्ता शामिल होंगे।

प्रशिक्षण शिविर में ये होंगे शामिल : प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और वक्ता के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सह झारखंड राजद के प्रभारी जय प्रकाश नारायण, पूर्व मंत्री सह राजद के वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व मंत्री सह राजद के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, युवा राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बुलो मंडल, युवा राजद के झारखंड प्रभारी राजीव झा, दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर लक्ष्मण यादव उपस्थित रहेंगे।

बैठक में ये रहे मौजूद : बैठक में युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष जफीर खान, प्रदेश महासचिव धर्मेंद्र सिंह, प्रदेश महासचिव गायत्री देवी, उर्मिला सोरेंग, प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता क्षितिज मिश्रा, प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता मंतोष यादव, प्रदेश सचिव अरशद अंसारी, रांची महानगर अध्यक्ष कमलेश यादव, राजेश यादव, शालिग्राम पांडे आदि थे।

सबसे तेज कोयला उत्पादन में सीसीएल ने बनाया नया रिकॉर्ड

कम समय में 50 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर किया ऐतिहासिक प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीसीएल देश की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए अब तक के इतिहास का सबसे तेज 50 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया है। पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 25 दिन पहले ही टीम सीसीएल ने इस उपलब्धि को हासिल कर लिया है। इसके अलावा कंपनी द्वारा ओबीआर, कोयला प्रेषण तथा उत्पादन में लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन जारी है। मालूम हो कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में कंपनी को 84 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे संसाधनों का समुचित उपयोग, बेहतर तकनीकी क्षमता तथा टीम समन्वय से सीसीएल सफलतापूर्वक हासिल करने को बढ़ रही है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में भी 76 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त किया था।

नई ऊंचाइयों को छू रही है कंपनी

सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी के नेतृत्व में कंपनी सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रही है। इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए डॉ. रेड्डी ने कहा कि यह प्रत्येक कर्मी के समर्पण का परिणाम है, उन्होंने आगे कहा कि कंपनी निश्चित रूप से इस वर्ष के उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त कर विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देगी। मालूम हो कि सीसीएल द्वारा उत्पादन के साथ-साथ हितग्राहियों के सर्वांगीण विकास के लिए सीएसआर के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल इत्यादि के लिए कई योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त भी कम्पनी पर्यावरणीय रूप से सतत खनन को ध्यान में रखते हुए इको पार्क, वृहत स्तर पर वृक्षारोपण इत्यादि कार्य भी कर रही है।

सजने लगा क्रिसमस बाजार

ट्रेनिंग में गये जवानों से वसूले जा रहे हैं वर्दी के पांच सौ रुपये

झारखंड पुलिस का कारनामा

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड पुलिस की ओर से प्रमोशन के लिए लातेहार में 28 नवंबर से ट्रेनिंग चल रही है। ट्रेनिंग के दौरान जवानों से वर्दी (स्वेटर) के लिए पांच सौ रुपये वसूले जा रहे हैं। रांची से 245 जवान ट्रेनिंग ले रहे हैं जबकि झारखंड से कुल आठ सौ जवान नेतरहाट में ट्रेनिंग ले रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, ट्रेनिंग सेंटर के डीएसपी कृष्णा महतो पर भी ट्रेनिंग के नाम पर पैसे वसूले जा रहे हैं। ट्रेनिंग लेनेवाले जवानों का कहना है कि वर्दी के लिए प्राइवेट दुकान भेजा जा रहा है। प्राइवेट दुकानदार वर्दी के नाम से ढाई सौ के बदले पांच सौ रुपये वसूला जा रहा है।

ट्रेनिंग के दौरान सजा

बताया गया कि ट्रेनिंग के दौरान वहां मौजूद नेपाली इंस्ट्रक्टर के द्वारा जवानों को प्रताड़ित किया जा रहा है। जवानों ने बताया कि दिन भर उन्हें वर्दी में फटीक का काम लिया जाता है। इस संबंध में जब डीएसपी से बात करने की कोशिश की गयी तो उनका फोन नॉट रिचेबल बताया।

विकसित भारत @2047: वायस ऑफ यूथ कार्यक्रम में शिक्षाविदों से रू-ब-रू हुए गवर्नर

विकसित भारत का लक्ष्य पाने के लिए हम सभी कड़ी मेहनत करें : राज्यपाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू किये गए विकसित भारत @2047 : वायस ऑफ यूथ कार्यक्रम में सोमवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शिक्षाविदों के संग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम जुड़े। इस अवसर पर राज भवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुख, शिक्षाविद थे। राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हम सभी को कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री के प्रयास से भारत आज दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री प्रयासरत हैं कि प्रत्येक व्यक्ति आर्थिक रूप से समृद्ध हो। अमृत काल में भारत कई मोर्चों पर तेजी से प्रगति कर रहा है। समग्र शिक्षा जैसी योजनाओं के तहत बुनियादी ढांचे का व्यापक विस्तार हुआ है।

2047 में सभी क्षेत्रों में समग्र विकास करना है लक्ष्य

राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत @2047 का लक्ष्य देश का प्रत्येक क्षेत्र में जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, अन्तरिक्ष, कृषि, उद्योग, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास है। हम भारत को पुनः विश्वगुरु के रूप में देखना चाहते हैं। अपने राष्ट्र को विश्व की आर्थिक महाशक्ति के रूप में देखना चाहते हैं, जो दूसरे के प्रति भी करुणा रखता है। कोरोना महामारी काल में हमारे वैज्ञानिकों के अथक प्रयास से ही बहुत कम समय में कोविड टीका विकसित किया गया। हमारे देश के लोगों का न केवल वृहत पैमाने पर टिकाकरण हुआ, बल्कि मानवता की रक्षा के लिए अन्य कई देशों को निःशुल्क टीका भेजा गया। उन्होंने कहा कि 2047 में सभी क्षेत्रों में समग्र विकास करना है और विकास के इस परिभाषा को गढ़ने में हमारे शैक्षणिक संस्थानों को आगे बढ़कर योगदान करना होगा तथा विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करना होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय में स्वच्छ वातावरण की बात कही।

सही मायने में प्रेरक भूमिका नहीं निभा पाते

उन्होंने कहा कि सभी संसाधन होने के बाद भी यथोचित विकास नहीं हो पाता है, क्योंकि वहां पर सही मायने में प्रेरक अपनी भूमिका नहीं निभा पाते हैं। आज प्रधानमंत्री सबसे बड़े प्रेरणास्रोत है और संसाधनों का सही उपयोग हो पा रहा है और देश प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। झारखण्ड विकसित तभी होगा, जब यहां के लोग विकसित होंगे और यहां के लोग तभी विकसित होंगे जब प्राकृतिक संसाधनों का समुचित लाभ उन तक पहुंच पायेगा। कार्यशाला में रांची आईआईएम के निदेशक डॉ दीपक श्रीवास्तव, जेयूटी के कुलपति प्रो डीके सिन्हा, आरयू के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य, बीएयू के वानिकी संकायाध्यक्ष डॉ एमएस मलिक, रांची महिला कॉलेज कीप्राचार्य डॉ सुप्रिया, इक्फाई विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रमण कुमार झा समेत कई शिक्षाविदों ने विकसित भारत @2047 पर अपने विचार रखे।

एसडीओ के दो पेशकारों पर चलेगा केस, रांची उपायुक्त ने दी स्वीकृति

रांची। कोतवाली थाना केस संख्या- 864/15 की प्राथमिकी के अभियुक्तों नितेश कुमार तत्कालीन पेशकार, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर और रमेश कुमार राम उर्फ रमेश कुमार, तत्कालीन पेशकार अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची के खिलाफ भादवि की धारा- 420/466/477 (ए)/34 भादवि के उपबंधों के अधीन धारा 197 के तहत रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की है।

क्या है मामला: बताया जा रहा है कि दोनों अभियुक्तों के खिलाफ सरकारी अभिलेखों में छेड़छाड़ करने का आरोप है। अब एसडीओ के दोनों अभियुक्तों के खिलाफ केस चलेगा।

जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम बचाव संघर्ष समिति ने लगाया आरोप, सौंपा ज्ञापन

जयपाल सिंह स्टेडियम पुनर्निर्माण कार्य चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट, इसकी जांच हो: दीपक वर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के पुनर्निर्माण कार्य में हुए भ्रष्टाचार एवं अनियमितता की शिकायत को लेकर जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम बचाव संघर्ष समिति ने सोमवार को मुख्यमंत्री सचिवालय को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के पुनर्निर्माण कार्य में जिस तरीके से संवेदक और प्रशासनिक मिलीभगत से भ्रष्टाचार की गाथा लिखी गई है, वह अभी खुले आंखों से देखा जा सकता है। समिति के दीपक वर्मा ने कहा कि पूर्व में भी कई बार जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम संघर्ष समिति ने पुनर्निर्माण के प्रारंभ काल से ही विभिन्न स्तर पर मांगपत्र के माध्यम से घटिया कार्य की शिकायत की थी। परंतु प्रशासनिक एवम संवेदक के बीच के मिलीभगत के कारण मनमानी तरीके से कार्य पूर्ण करा दिया गया। समिति के नीरज ने कहा कि संवेदक को ब्लैकलिस्ट करे निगम, नहीं तो समिति जोरदार आंदोलन करेगी। मुख्यमंत्री सचिवालय को ज्ञापन सौंपने वालों में ब्रजेश गुप्ता, अंश वर्मा, अभिषेक, राहुल कुमार, आदर्श कुमार, दीपक कुमार, आकाश नयन आदि उपस्थित थे।

सामूहिक दुष्कर्म का एक आरोपी गिरफ्तार अन्य की तलाश में पुलिस की छापेमारी तेज

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। दोस्त से मिलने खूंटी से रांची आयी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम देनेवालों की तुपुदाना पुलिस तलाश कर रही है। सूचना के मुताबिक एक संदिग्ध को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि अन्य आरोपी घर से फरार हैं। इस घटना में शामिल सभी आरोपियों की पहचान पुलिस ने कर ली है। पुलिस सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

यह मामला जिले के तुपुदाना ओपी क्षेत्र का है। जहां आरोपियों ने एक नाबालिग का पहले अपहरण किया, फिर उसे अपने साथ ले गए और रातभर उसके साथ दुष्कर्म किया। नाबालिग का पुलिस ने मेडिकल कराया है और उसके बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। इस संबंध में तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह ने बताया कि मामले में छापेमारी की जा रही है।

प्रेमी से मिलने आयी थी नाबालिग पीड़िता

नाबालिग ने पुलिस को बताया कि वह मूल रूप से खूंटी की रहने वाली है। अपने प्रेमी से मिलने के लिए खूंटी से रांची आयी थी। लेकिन शनिवार की रात प्रेमी के साथ उसकी किसी बात पर अनबन हो गई और वह उसके घर से बाहर निकल सड़क पर आ गई। नाबालिग को अकेली देख पहले बाइक सवार तीन युवकों ने तुपुदाना क्षेत्र के हुलहुन्दू के पास चर्च गेट के पास से उसे रात करीब 9 बजे अगवा किया। फिर उसे खरसीदाग स्थित एक सुनसान किशकी गांव के चुकरु जंगल में लेकर पहुंचे। जहां पहले से भी पांच युवक शराब पी रहे थे। उसके बाद सभी ने एक-एक कर नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म किया। जब लड़की की स्थिति खराब होने लगी तो उसे बाइक से लेकर रात 12 बजे दसमाइल चौक के पास छोड़ दिया। लड़की किसी तरह एक ऑटो वाले की सहायता से रात डेढ़ बजे तुपुदाना थाना पहुंची। फिर उसने पूरी कहानी पुलिस को बतायी।

सा रे गा रे वॉइस ऑफ झारखंड के लिए हुआ ऑडिशन कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सा रे गा रे वॉइस ऑफ झारखंड के लिए सोमवार को ऑडिशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चयनित प्रतिभागियों को गोल्डन टिकट से सम्मानित किया। यह टिकट चयनित प्रतिभागियों को मुकाबले के लिए अंतिम मुकाबले में प्रवेश के लिए पात्र बनाता है। ऑडिशन में 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आयोजन समिति के प्रमुख मोहम्मद साबिर हुसैन ने कहा कि यह कंपीटिशन हमारे शहर के स्वरों को एक नई मंच पर उत्कृष्टता की ऊंचाइयों तक पहुंचने का मौका देगा। इस मौके पर अरशद उबद सहित अन्य लोग मौजूद थे। अंतिम चरण का ऑडिशन छह जनवरी को किया जाएगा।

राज्य में महिला व बच्चों के खिलाफ यौन अपराध में अनुसंधान होगा तेज

महिला फॉरेंसिक एक्सपर्ट होगी नियुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड में महिला और बच्चों के खिलाफ यौन अपराध के अनुसंधान में तेजी आयी है। इसे लेकर महिला फॉरेंसिक एक्सपर्ट नियुक्त किए जायेंगे। अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के द्वारा झारखंड में यौन अपराध से संबंधित मामलों के अनुसंधान में आ रही कठिनाई को देखते हुए राज्य की महिला सिपाही से लेकर दरोगा स्तर के पुलिसकर्मियों को फॉरेंसिक सहायता के लिए नियुक्त किया जाएगा। इसे लेकर नियुक्ति की प्रकिया शुरू कर दी गई है।

63 महिला पुलिसकर्मी किए गए चयनित : फॉरेंसिक सहायता पहुंचाने के लिए राज्यभर से अलग-अलग जिले और अलग-अलग वाहिनी के कुल 63 महिला पुलिसकर्मियों को चयनित किया गया है। इसके बाद इंटरव्यू के बाद इन महिला पुलिसकर्मियों को फाइनल रूप से फॉरेंसिक सहायता के लिए नियुक्त किया जाएगा।

यौन उत्पीड़न के बाद सबूत के लिए होता है फॉरेंसिक जांच

फॉरेंसिक जांच एक प्रकार की चिकित्सा जांच है, जो यौन उत्पीड़न उपचार इकाई (एसएटीयू) में पेश की जाती है। यह दुष्कर्म या यौन उत्पीड़न के बाद सबूत पाने के लिए किया जाता है। फॉरेंसिक नमूने एकत्र करने का सबसे अच्छा समय घटना के बाद पहले 72 घंटे (3 दिन) है लेकिन घटना के सात दिनों के भीतर नमूने अभी भी एकत्र किए जा सकते हैं। यह साक्ष्य यौन अपराध की जांच करने में मदद करता है।

रांची में अपराधियों ने गोली मारकर किया घायल, रिम्स में भर्ती

रांची। राजधानी रांची में अपराधियों ने सोमवार को एक व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर दिया। बताया जाता है कि यह मामला राजधानी रांची के लाह कोठी की है। घायल को रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गोली किसने और क्यों चलाई है। वहीं इस मामले में सुखदेवनगर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी, राजनीतिक चर्चा हुई

रांची। झारखंड भाजपा के विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की है। इस दौरान बाउरी ने प्रधानमंत्री को झारखंड की राजनीतिक परिस्थिति से अवगत कराया। अमर कुमार बाउरी ने सोशल मीडिया एक्स पर मुलाकात की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि आधुनिक विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय जन नेता, प्रधानमंत्री, हम जैसे लाखों कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत नरेन्द्र मोदी जी का आज आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

किराना स्टोर में चोरी करनेवाला गिरफ्तार

रांची। रांची पुलिस ने किराना स्टोर में चोरी करनेवाले चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोर का नाम मोहम्मद रिजवान है और वह हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र का रहनेवाला है। रांची पुलिस को जानकारी मिली थी कि हिंदपीढ़ी इलाके में एक किराना स्टोर से रात में ताला तोड़ कर 40 हजार, चार गैस सिलेंडर और खाने-पीने के समान की चोरी कर ली गई है। जिसके बाद पुलिस ने इस कांड में शामिल युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 20 हजार, दो गैस सिलेंडर और एक मोबाइल बरामद किया है।

राज्य के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ सीइओ ने की बैठक

समावेशी और त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने में राजनीतिक दलों का सहयोग अपेक्षित : के रवि कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सोमवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस मौके पर उन्होंने न केवल सभी राजनीतिक दलों से अब तक मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर विभागीय स्तर से किये जा रहे प्रयासों के बारे में फीडबैक लिया, बल्कि इस अभियान में आगे भी उनके सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने सभी से अपील की कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की दिशा में चुनाव आयोग पूरी गंभीरता से काम कर रहा है, किंतु इस जरूरी काम में सभी आम और खास के सहयोग की भी जरूरत है।

उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से छूटने न पाए, इसको लेकर सभी राजनीतिक दलों को भी अपने-अपने स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाकर आयोग की मदद करनी चाहिए। इस पर सभी दलों के प्रतिनिधियों ने कहा कि वे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत चलाई जा रही गतिविधियों से पूरी तरह से संतुष्ट हैं, फिलहाल उन्हें कोई शिकायत नहीं है। साथ ही उन्होंने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को आश्वस्त किया कि लोकतंत्र के इस पर्व में सहभागी बनने से कोई भी पात्र व्यक्ति छूट न जाए इसको लेकर वे भी यथासंभव सकारात्मक भूमिका निभाने को तैयार हैं। कुछ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव भी दिए, जिन पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अधीनस्थों को निर्देश दिया गया। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के अलावा मुख्य निर्वाचन कार्यालय के ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी (मुख्यालय) संजय कुमार तथा अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, सिस्टम एनालिस्ट एसएन जमील आदि मौजूद थे।

ओबीसी और वैश्य समाज के सवाल पर राज्य सरकार गंभीर नहीं: माहेश्वर साहू

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। ओबीसी और वैश्य सामज के सवाल पर राज्य सरकार गंभीर नहीं है। ये बातें आयोजित प्रेस वार्ता में वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कही। चार वर्ष बीत जाने के बाद भी ओबीसी को 27% आरक्षण से वंचित रखा गया है। जिससे ओबीसी और वैश्य समाज में राज्य सरकार के खिलाफ काफी नाराजगी है। वैश्य मोर्चा मांग करता है कि सरकार मोर्चा से किये अपने वायदे पूरा करे।

उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठनों के आंदोलन और अभियान से ही देश में बदलाव एवं आम लोगों को अधिकार मिलते रहे हैं। इसलिए वैश्य मोर्चा अपने दायित्व को मजबूती से निभाने का संकल्प लेता है। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, हीरानाथ साहू, प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहू, आदित्य नारायण प्रसाद, केंद्रीय सदस्य नरेश साहू, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद साहू, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहू एवं युवा मोर्चा के अध्यक्ष हलधर साहू उपस्थित थे।

आज का राशिफल 12-12-2023

विक्रम संवत 2080, शक संवत 1945। ऋतु : हेमंत। सूर्य दक्षिणायन। मास : मृगशीर्ष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : अमावस्या 05:02 बजे प्रातः में समाप्त। नक्षत्र : अनुराधा 11:57 बजे समाप्त। योग : धृति 18:51 बजे समाप्त। करण : चतुष्पद 17.48 बजे तक, तदनंतर नाग 05:02 बजे प्रातः में समाप्त। चंद्रायु 24.6 घंटे। दिशाशूल : उत्तर।

मेष : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न होंगे। शुभांक-3-6-8

वृष : व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। शुभांक-4-5-6

मिथुन : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहे अवरोध दूर होंगे। शुभांक-2-4-5

कर्क : रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

सिंह : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। भाई-बहनों में प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

कन्या : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। शुभांक-7-8-9

तुला : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-6-8-9

वृश्चिक : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी।शुभांक-5-6-9

धनु : चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-5-7-8

मकर : थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभांक-4-6-7

कुंभ : कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेगी। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। लापरवाही से परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-3-5-7

मीन : प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6

हरित अर्थव्यवस्था से पर्यावरण को रख सकते हैं संरक्षित : डॉ शांडिल्य

डीएसपीएमयू में बॉटनी विभाग की ओर से तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) और बोटानिकल सर्वे ऑफ इंडिया कोलकाता के संयुक्त प्रयास से सोमवार को तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन डीएसपीएमयू सभागार में किया गया। इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का विषय था- प्लांट्स कलेक्शन, आईडेंटिफिकेशन, नॉमेनकल्चर एंड बोटानिकल इलस्ट्रेशन। कार्यशाला का उद्घाटन संयुक्त रूप से डीएसपीएमयू के वीसी डॉ टीके शांडिल्य, झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के वीसी टीएन साहू, बोटैनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के निदेशक डॉ एए माओ और डीएसपीएमयू की रजिस्ट्रार डॉ नमिता सिंह ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ शांडिल्य ने पृथ्वी पर उपलब्ध पौधों के वर्गीकरण और जैव विविधता की विस्तार से चर्चा की। इस क्रम में उन्होंने ग्रीन इकोनॉमी या हरित अर्थव्यवस्था को काफी सारगर्भित तरीके से विस्तारित करते हुए बताया कि यह एक ऐसा तरीका है, जिसके अंतर्गत हम जरूरी विकास के साथ अपने पर्यावरण को ही संरक्षित रख सकते है। जनकल्याण और सामाजिक सहभागिता में सुधार करते हुए उल्लेखनीय रूप से पर्यावरणीय खतरों के साथ पर्यावरणीय दुर्लभता को कम कर सकते है। यह हरित अर्थव्यवस्था है।

उन्होंने इस कार्यशाला की सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निश्चित है कि इस तीन दिवसीय कार्यशाला के उपरांत इस विषय पर एक सार्थक निष्कर्ष की प्राप्ति होगी जो आगे के शोध के लिए एक मार्गदर्शन का काम करेगी।

मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित बोटैनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के निदेशक डॉ एए माओ ने कहा बॉटनी विषय के बहुआयामी परिदृश्य की चर्चा करते हुए इनसे जुड़े करियर विकल्पों का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस विषय की उपयोगिता अकादमिक और शोध के अलावा भी बहुआयामी तरीके से है। विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने संबोधन में झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ टीएन साहू ने कार्यशाला के इस विषय को काफी उपयोगी बताया। कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने मौके पर कहा कि इस प्रकार के सेमिनार, कांफ्रेंस के द्वारा न सिर्फ नए निष्कर्ष निकाल कर सामने आते है, बल्कि विद्यार्थियों में भी नई जानकारी का समावेश होता है। उदघाटन सत्र के पश्चात कई तकनीकी सत्र इस कार्यशाला की समन्वयक डॉ गीतांजलि सिंह और डॉ शालिनी लाल द्वारा संचालित किए गए। इन सत्रों में डॉ आर के गुप्ता, डॉ देवेंद्र सिंह और डॉ एसके नसीम अली विशेषज्ञ के तौर पर शामिल हुए।

उद्घाटन सत्र में कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, डीन, साइंस डॉ ईश्वरी प्रसाद गुप्ता, समन्वयक डॉ गीतांजलि सिंह और डॉ शालिनी लाल, बॉटनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के साइंटिस्ट, विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग के शिक्षक और विद्यार्थी के साथ इस कार्यशाला में भाग लेने वाले 50 प्रतिभागी शामिल रहे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

दिसंबर में वेतनमान के कार्य नहीं हुए तो उग्र आंदोलन : प्रमोद कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजभवन के समीप टेट सफल सहायक अध्यापक समन्वय समिति के बैनर तले 112 दिनों से चल रहे अनिश्चितकालीन धरना सह प्रदर्शन में सोमवार को सरायकेला खरसांवा के टेट पास पारा शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि अब आश्वासन से काम नहीं चलेगा। दिसंबर में वेतनमान के कार्य नही हुए तो उग्र आंदोलन किया जायेगा।

संघ के प्रदेश संरक्षक प्रमोद कुमार ने कहा कि सरकार को बनाने में उनका अहम योगदान रहा है। कोल्हान से सरकार को 14 में 14 विधायक दिए है। इस उम्मीद से कि झारखंडियों का यहां के माटीपूत्रों टेट पास पारा शिक्षकों (12,072) लोगों का कल्याण होगा। वेतनमान मिलेगा। सरकार के मुखिया सह शिक्षा मंत्री हेमंत सोरेन बीते 2019 के विधानसभा चुनाव में विभिन्न मंचों से घोषणा की थी कि उनकी सरकार राज्य में बनती है तो तीन माह के अंदर में पारा शिक्षको को वेतनमान दिया जायेगा।

सरायकेला खरसांवा के जिला अध्यक्ष बादल सिंह सरदार ने कहा कि उनकी मांगों से हरेक जगहों पर मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जा रहा है। ऐसे में अगर 28 से पुर्व शिक्षकों को वेतनमान नहीं मिला तो पारा शिक्षको का आक्रोश सरकार को झेलना पड़ेगा।

आज के कार्यक्रम में अतुल चंद्र महतो, भीष्मदेव सिंह मुंडा, मनोज कुमार महतो, सत्यप्रकाश महतो, संतोषी महतो, आशा महतो, संगीता हांसदा, सिमोती मुर्मू, यशोदा प्रधान, निशिमा हस्सा, रीता मुंडा, दिलीप मंडल, रंजीत दास, धीरेन महतो, बुद्धेश्वर महतो, गौर सिंह मुंडा, मधुसूदन महतो, इंद्रदेव महतो, गुरुपद महतो, सामू सोरेन, नरेश महतो, जगदीश प्रधान, चुमरू हेंब्रम, रमेश बंकिरा, उमेश सोय, महावीर सिंह मुंडा, मंगल हांसदा, प्रकाश टुडू, राजाराम सोरेन, शुभदिश महतो, पदमलोचन नायक, मधुसूदन महतो, जयराम दिग्गी, नंदलाल रघु, रामसिंह सामड़, योगेंद्र महतो समेत सैकडों टेट पास पारा शिक्षक उपस्थित थे।

गुरु गोविंद सिंह का 356वां प्रकाश पर्व 20 व 21 जनवरी को

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। गुरुद्वारा गुरु नानक सत्संग सभा में दशम पातशाह गुरु गोविंद सिंह के 356वें प्रकाश पर्व को लेकर सोमवार को बैठक बुलाई गई। सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रकाश पर्व से संबंधित सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई और इसे अंतिम रूप दिया गया।

गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में 5 जनवरी से 13 जनवरी तक कृष्णा नगर कॉलोनी,रातु रोड गुरुद्वारा से रोजाना सुबह 5:30 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। प्रकाश पर्व 20 एवं 21 जनवरी को मनाया जाएगा। इस उपलक्ष में तीन विशेष दीवान सजाए जाएंगे। 20 तारीख को सुबह आठ से साढ़े दस एवं रात को आठ से साढ़े ग्यारह तथा 21 तारीख को सुबह दस से दोपहर ढाई बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा। सभी दीवानों की समाप्ति के उपरांत गुरु का अटूट लंगर भी चलाया जाएगा। इन दीवानों में सिख पंथ के विख्यात रागी जत्था भाई जसप्रीत सिंह विशेष रूप से शिरकत करेंगे। साथ ही बैठक में तय हुआ कि 16 दिसंबर को गुरु तेग बहादुर का शहीदी गुरुपर्व मनाया जाएगा।

इस उपलक्ष्य में रात आठ बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा, जिसमें सिख पंथ के महान रागी जत्था भाई जसप्रीत सिंह (सोनू वीर) शबद गायन से साध संगत को निहाल करेंगे।

बीआइटी में अनुसंधान और प्रकाशन में लेटेक्स व नैतिक प्रथाओं के उपयोग पर कार्यशाला शुरू

5 दिनी कार्यशाला में देश के कई विवि से प्रतिभागी ले रहे हैं हिस्सा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। अनुसंधान और प्रकाशन में लेटेक्स और नैतिक प्रथाओं का उपयोग करके तकनीकी दस्तावेज लेखन शीर्षक से पांच दिवसीय कार्यशाला सोमवार को बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआइटी) मेसरा में शुरू हुआ। कार्यशाला का आयोजन डीएसटी, भारत सरकार से बीआईटी मेसरा द्वारा प्राप्त पर्स अनुदान के तहत किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्घाटन बीआइटी मेसरा के कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना ने किया। इस अवसर पर बीआइटी मेसरा के रजिस्ट्रार प्रो. संदीप दत्ता, सीएसई बीआईटी मेसरा के एचओडी प्रो. एस विश्वास, बीआइटी मेसरा के रिमोट सेंसिंग विभाग के एचओडी प्रो वीएस राठौड़ भी उपस्थित थे। कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉ अभिजीत मुस्तफी ने कार्यशाला के विषय का परिचय दिया।

कार्यशाला का संचालन करने वाले प्रमुख संसाधन व्यक्तियों यानी प्रोफेसर डी दत्ता, प्रोफेसर, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, तेजपुर विश्वविद्यालय और डॉ एस सुबुद्धि ने परिचय दिया। एमएससीबीडी विश्वविद्यालय, ओड़िशा से 50 से अधिक प्रतिभागियों ने कार्यशाला के लिए पंजीकरण कराया है, जो विशेष रूप से हैंड्स ऑन मोड में आयोजित की जाएगी। कार्यशाला के एक भाग के रूप में प्रतिभागियों को लेटेक्स और संबंधित गतिविधियों में टाइप सेटिंग तकनीकी दस्तावेजों की मूलभूत अवधारणाओं से अवगत कराया जाएगा।

खबर एक नजर में

पंडरा स्कूल के छात्रों संग अधिकारियों ने लिया 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संकल्प

रांची। राजकीयकृत मध्य विद्यालय पंडरा रांची के कैंपस में सोमवार को सुविख्यात साहित्यकार डॉ सुब्रमन्यम भारती की जयन्ती के मौके पर आजादी के अमृत काल में श्रृंखलाबद्ध क्रम में अखिल भारत में आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत के मूलमन्त्र को आत्मसात करते हुए झारखंड और गोवा राज्य की संस्कृतियों के महामिलन का साक्षी बना है। विद्यालय में सोमवार को उपस्थित लगभग 900 बच्चों के साथ साथ प्रबंधन एवं संचालन समितियों के सदस्यगण, अभिभावक समूह, मर्गदर्शक शिक्षक शिक्षिका समूह, प्रशिक्षु शिक्षक दल सहित मौके पर विद्यालय परिसर में उपस्थित हेहल सीओ एवं उनके कार्यालय के कर्मी भी बच्चों की गंगा यमुनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साक्षी बने एवं हस्ताक्षरपत्रिका पर स्वयं का हस्ताक्षर अंकित कर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का संकल्प लिया है।

डीपीएस के विद्यार्थियों का क्लैट में शानदार प्रदर्शन

रांची। डीपीएस के विद्यार्थियों ने अपनी मेधा शक्ति और विश्लेषणात्मक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) 2024 मे अपनी सफलता का परचम लहरा कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में नमन ने एआईआर 259 हासिल किया एवं टॉपर बने। अन्य क्वालीफायर में अभ्युदय तुलस्यान (एआईआर 1583), स्तुति अनवी (एआईआर 2717), सौम्या रंजन (एआईआर 5922), सृष्टि जैन (एआईआर 7894) और सौभाग्य राठी (एआईआर 18387) शामिल है (लिस्ट जारी है)। डीपीएस के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

हेलमेट पहनें और अपनी जान बचायें

रांची। सड़क सुरक्षा विभाग एव रिलेशनस के संयुक्त तत्वावधान में मोराबादी स्थित रांची यूनिवर्सिटी पी जी डिपार्टमेंट ऑफ जूलोजी में सोमवार को सड़क सुरक्षा के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया गया। रिलेशनस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि सड़क सुरक्षा जीवन के लिए होती है। सड़कों पर अक्सर दुर्घटना होती रहती है। इसी के बचाव हेतु विद्यार्थियो को सड़क सुरक्षा के नियम से भी अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि हमे कभी भी दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अथिति रोड सेफ्टी डीपार्टमेंट के रोड सेफ्टी इंजिनियर गौरव कुमार, रोड सेफ्टी मैनेजर जमाल खान आदि उपस्थित थे।

मोहनलाल नोपानी मेमोरियल अंडर 17 क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

रांची। विकास विद्यालय में 5वी मोहनलाल नोपानी मेमोरियल अंडर-17 क्रिकेट टूर्नामेंट सोमवार को शुरू हुआ। मैच का उद्घाटन विकास विद्यालय के प्राचार्य पी एस कालरा ने किया। इस टूर्नामेंट में कुल 13 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्राचार्य पी एस कालरा ने टॉस कर मैच को आरम्भ कराया। पी एस कालरा ने कहा कि विद्यालयों में इस प्रकार के आयोजन से खेल भावना का विकास होता है। साथ ही बच्चों में आपसी सद्भावना का भी चहुँमुखी विकास होता है। पहले दिन चार मैच खेले गए। पहले मैच में कलकत्ता पब्लिक स्कूल 13 रनों से विजय रहा। दूसरे मैच में जवाहर विद्या मंदिर की टीम जीती। तीसरे मैच में विवकानंद विद्या मंदिर ने 08 विकेट से जीत दर्ज की। चौथे मैच में शारदा ग्लोबल स्कूल ने 23 रन से अपनी जीत दर्ज की।

एमिटी यूनिवर्सिटी में कार्यक्रम का आयोजन

रांची। एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के माननीय संस्थापक-अध्यक्ष और चांसलर के दृष्टिकोण और मिशन को ध्यान में रखते हुए, इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के आदेश के तहत मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग और एमिटी बिजनेस स्कूल ने एमिटी यूनिवर्सिटी में सोमवार को अतिथि समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर 'कैरियर अवसर के रूप में उद्यमिता और नवाचार पर कार्यशाला' को संबोधित करते हुए, रिसोर्स पर्सन महेश कुमार गुप्ता, प्रिंसिपल, झारखंड सरकार टूल रूम, ने उद्यमिता की गतिशील दुनिया और इसके द्वारा प्रदान किए जाने वाले विशाल कैरियर अवसरों के बारे में अमूल्य विचार साझा किया। इस अवसर पर एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति डॉ. अशोक के. श्रीवास्तव मौजूद थे।

बेहतर नर्सिंग सेवाओं के लिए मेडिका अस्पताल को एनएबीएच मान्यता

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) ने भगवान महाबीर मेडिका सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का मूल्यांकन किया और पाया कि यह नर्सिंग उत्कृष्टता के लिए एनएबीएच मानकों का पूर्ण रूप से अनुपालन करता है। मेडिका अस्पताल पूर्वी भारत में एकमात्र अस्पताल है, जिसके पास उसकी सेवाओं के लिए एनएबीएच मान्यता, आपातकालीन स्थिति के लिए एनएबीएच प्रमाणन और एनएबीएच नर्सिंग उत्कृष्टता की मान्यता है।

मेडिका अस्पताल रांची के एवीपी अनिल कुमार शर्मा ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा, यह उपलब्धि हमारे अस्पताल के असाधारण नर्सिंग स्टाफ, उनके कौशल और व्यापक रोगी कल्याण के प्रति उनके योगदान के लिए एक प्रमाण है। यह प्रमाणीकरण हमें एक रूपरेखा प्रदान करता है, जिसका उपयोग हम अपनी प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने, अपने वर्क फ्लो को परिष्कृत करने और बेहतर निर्णय लेने में अपनी नर्सों का मार्गदर्शन करने के लिए कर सकते हैं। यह हमारी नर्सिंग सेवाओं के समर्पण के तहत हमारी शानदार नर्सिंग प्रबंधन टीम के संयुक्त प्रयास और विकास मानसिकता से संभव हुआ है।

रांची जिला बस ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण मोहन सिंह का निधन, शोक

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रांची जिला बस ओनर्स एसोसिएशन, एचईसी श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष और पूर्व पार्षद कृष्ण मोहन सिंह का सोमवार की सुबह 10 बजे पटना के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। परिजनों ने बताया कि वह शादी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रांची से पटना गये थे। वहीं उनका अपेंडिक्स फट गया था। 29 नवंबर को एक ऑपरेशन हुआ था। दूसरा ऑपरेशन 10 दिसंबर को किया गया था। इसके बावजूद उनकी तबीयत बिगड़ी हुई थी और सोमवार को सुबह 10 से 11 के बीच में उनका निधन हो गया। लगभग 55 वर्ष के कृष्ण मोहन सिंह के निधन से परिजनों में काफी शोक है। झारखंड प्रदेश बस एसोसिएशन के अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह एवं समस्त बस एसोसिएशन के सदस्यों ने उनके निधन पर शोक जताया है। सच्चिदानंद सिंह ने कहा कि उनका आकस्मिक रूप से जाना भारी नुकसान है। कृष्ण मोहन सिंह का पार्थिव शरीर पटना से आज रांची लाया जा रहा है। मंगलवार

प्रतुल शाहदेव ने शोक व्यक्त किया

रांची। एचइसी श्रमिक कर्मचारी यूनियन के महामंत्री एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण मोहन सिंह के आकस्मिक निधन पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शोक व्यक्त किया। श्री शाहदेव ने कहा कि कृष्ण मोहन सिंह अपने जीवन काल के अंतिम समय तक समाज सेवा से जुड़े रहे। प्रतुल ने ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने एवं परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की कामना की।

रवि अग्रवाल बने अभाविप के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। विश्व के सबसे बड़ा छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 69वां राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में सोमवार को सम्पन्न हुआ। इसमें देश भर से 10 हजार से भी ज्यादा छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया था।

अधिवेशन में सभी प्रांतों के दायित्व की घोषणा हुई। जिसमें छात्रों के हित की लड़ाई लड़ने वाले रांची विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव 2019 में रामलखन सिंह यादव कॉलेज में निर्वाचित सचिव रवि अग्रवाल को झारखंड प्रदेश कार्यकारणी का सदस्य बनाया गया। रवि अग्रवाल समाजिक कार्य और छात्रों की समस्या के समाधान की दिशा में हमेशा आगे रहते हैं, वे पहले भी प्रदेश के दायित्व का निर्वाह कर चुके हैं।

उन्होंने ने कहा कि संगठन ने पुनः मुझे सामान्य से कार्यकर्ता को प्रदेश की जिम्मेवारी दी है, वे छात्रों की समस्या के समाधान और संगठन के हर कार्य में खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

रांची के कैरो बार में मारपीट, बाउंसर जख्मी

दोनों पक्षों ने दिये आवेदन, प्राथमिकी दर्ज थानेदार ने कहा, जेल जायेंगे दोषी

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रांची के लालपुर स्थित काइरो बार एंड लाउंज में जमकर मार-पीट हुई। बार बांसर और युवकों के बीच यह मार-पीट हुई है। युवकों को बार संचालक के बाउंसर ने पिटाई की। जिसमें एक बाउंसर और तीन युवक घायल हो गये है। जिसके बाद घायलों को सदर से रिम्स रेफर किया गया। जिसमें से दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं।

घटना के बाद मौके पर लालपुर पुलिस पहुंची। पुलिस वहां पहुंचकर जांच में जुट गई। घटना रविवार देर रात की है। दोनों पक्ष एक- दूसरे पर मार-पीट का आरोप लगा रहे है। बता दें, युवक बार में बर्थडे पार्टी मनाने गए थे। जहां हंगामा और मारपीट के दौरान एक गाड़ी भी दुर्घटनाग्रस्त हुई है। घायल में प्रिंस सिंह, प्रदीप विश्वकर्मा, दीपक कुमार और सुदीप उरांव शामिल है। कैरो बार को संरक्षण देने का आरोप लालपुर थाना प्रभारी आदिकांत पर भी लगा है। हालांकि, थानेदार का कहना है कि जो आरोपी दोषी हैं, उन लोगों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

गौरतलब हो कि वर्ष 2021 में रांची के ईस्ट जेल रोड स्थित कायरा लाज हुक्का बार में पाञ्चकग विवाद में एक बुजुर्ग की पिटाई ने तूल पकड़ लिया था। इसके बाद जमकर हंगामा हुआ। काफी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा होकर हंगामा करते रहे।

स्थानीय लोगों का कहना था अक्सर कैरो लाउंज में पहुंचने वाले लोग शराब पीकर हंगामा करते हैं जिससे आसपास में रहने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जानकारी के अनुसार मोहल्ला में ही रहने वाले राकेश नामक व्यक्ति ने सड़क किनारे खड़ी गाड़ी को हटाने की बात कही। इसके बाद कायरा लाज के बाउंसर भड़क गए। इस दौरान एक बुजुर्ग की भी पिटाई की गई थी। इसी दौरान मौके पर ही मौजूद एक दूसरे बाउंसर ने पिस्टल के बप्त से राकेश की गर्दन पर प्रहार कर दिया। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राकेश के साथ मारपीट होता देख आसपास मौजूद अन्य लोग भी मौके पर पहुंचे। इनके साथ भी बाउंसरों ने मारपीट कर दी। राकेश के अलावा अन्य कई लोगों को गंभीर चोटें लगी जिससे वे घायल हो गए थे। बाउंसरो द्वारा मारपीट किए जाने के बाद थोड़ी देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया था। मारपीट करने के बाद सभी बाउंसर कायरा लाज में चले गए और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया।

पुलिस हंगामा शात करा रही थी उसी दौरान कायरा लॉज में दोस्तों के साथ बर्थडे पार्टी मना कर बाहर निकल रही युवतियों को देखकर स्थानीय महिलाएं दोबारा भड़क गई और हंगामा करने लगी। इस दौरान युवतियों को दौड़ाकर पीटा भी। पांच-छह युवतिया मौके से अपनी जान बचाकर भागने लगी। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिस के जवानों ने बीच-बचाव किया। स्थानीय लोगों का कहना था कि एक दिन पहले शनिवार को भी हंगामा हुआ था।

स्पीड न्यूज

बेड़ो : अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो सगे भाई घायल

बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली पहाड़ के समीप बेड़ो सांई मंदिर मार्ग पर सोमवर की अपराह्न लगभग तीन बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो सगे भाई बरटोली नेहालु बेड़ो निवासी 20 वर्षीय कृष्णा उरांव व 17 वर्षीय रितेश उरांव पिता विशु उरांव गिरकर घायल हो गए। जिसे एसआई रामचंद्र यादव ने 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डॉ कुसुमलता ने दोनों घायलों का उपचार किया। घायल कृष्णा ने बताया कि वे अपने बाइक से बेड़ो से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

सिकिदिरी घाटी में कार पलटी, कोई हताहत नहीं

सिकिदिरी। सिकिदिरी-गोला पथ के सिकिदिरी घाटी में सोमवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे एक कार असंतुलित होकर पलट गई। कार चला रही बोकारो जिला की जिप उपाध्यक्ष बबिता देवी बालबाल बच गई। घटना की सूचना मिलने पर सिकिदिरी थाना के एसआई अरुण सिंह मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में जुट गए। ग्रामीण धनेश्वर रजवार और रमण कुमार ने वाहन के अंदर से महिला को निकाला। बोकारो जिला जिप उपाध्यक्ष स्वयं कार चला कर बोकारो से रांची की ओर आ रही थी। इसी दौरान झपकी लगने से कार असंतुलित होकर पलट गई।

विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग दे रहे हैं सोनाहातू के बीडीओ

सोनाहातू। प्रखंड के छात्रों को जो जेपीएससी या यूपीएससी परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं उन्हें सोनाहातू बीडीओ खगेश कुमार निःशुल्क शिक्षा देने का काम कर रहे हैं। रोजना सुबह 7 बजे 9 बजे तक प्रखंड परिसर में बीडीओ खगेश कुमार कोचिंग दे रहे हैं। अभी तक 30 छात्रों ने रोजना कोचिंग ले रहे है। इस संबंध में बीडीओ खगेश कुमार ने कहा है कि जेपीएससी या यूपीएससी की परीक्षा में शामिल होने के लिये तैयारी कर रहे 12वी उतीर्ण छात्रों को निःशुल्क शिक्षा देंगे। गरीब या असहाय बच्चों को विशेष सुविधा मिलेगी। कोचिंग की सुविधा अनुमंडल स्तर तक के छात्रों को दिया जायेगा।

रेलवे ट्रैक से एक व्यक्ति का शव बरामद

ओरमांझी। थाना क्षेत्र के धकजीवन रेलवे ट्रैक से लगभग 60 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। सूचना मिलने के बाद पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा पंचनामा कर शव को पोस्टर्माटम के लिए रिम्स भेज दिया गया। सोमवार की सुबह जैसे ही रेलवे लाइन पर शव मिलने की जानकारी हुई। आसपास के ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचने लगे। उसके माथे में गहरी चोट के निशान थे। वहीं जिस स्थान पर व्यक्ति का शव पड़ा था। उससे लगभग 100 फीट दूर छतिग्रस्त साइकिल पड़ी थी, जिसमें एक थैला टंगा था। थैले में कुछ काजतात के साथ साइकिल का टूटा ब्रेक भी था। कयास लगाया जा रहा है कि व्यक्ति आसपास के गांव का ही होगा। पुलिस छानबीन कर रही है।

बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवक घायल

सिकिदिरी। सिकिदिरी-ओरमांझी पथ के कुटे चौक के समीप बोलेरो की चपेट में आने से तीन युवक घायल हो गए। घटना सोमवार की शाम करीब छह बजे की है। कुटे गांव निवासी बिनोद पाहन, सांडी गांव निवासी साहिल कुमार व सतीश कुमार शामिल हैं। साहिल का दाहिना पैर टूट गया है। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को आनंदी स्थित लाइफ केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तीनों युवक बाइक में सवार होकर ओरमांझी से अपने घर लौट रहे थे। उसी समय यह घटना हुई।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ रहे ग्रामीण, फॉर्म भरने में हो रही परेशानी

सरकार से लाभ लेने पहुंचे वृद्धों की मदद कर रहे छात्र

जन प्रतिनिधियों के सहयोग नहीं करने पर विद्यार्थी भर रहे हैं अनपढ़ लाभुकों के फॉर्म

खबर मन्त्र संवाददाता

वृद्धों का फॉर्म भरते स्कूली छात्राएं व छात्र।

ओरमांझी। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभाग पंचायत पहुंचकर गरीब वृद्ध व जरूरतमंद को सरकारी योजना का लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है। कई को लाभ तो मिल रहा है, लेकिन कई वृद्ध को योजना का लाभ कैसे लें इसकी जानकारी नहीं है या फार्म भरने में असमर्थ हैं। वैसे लोगों की मदद करने की पहल छात्र-छात्राओं द्वारा की गई है। सोमवार को बारीडीह पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे गरीब वृद्ध इधर-उधर भाटक रहे थे। ऐसे में कक्षा 7वीं की छात्रा रिया कुमारी, कक्षा 6ठी की छात्रा तुलसी कुमारी व कुमारी चंचल, कला बीए के छात्र कमलेश कुमार महतो के साथ वृद्धों को मदद कर रहे थे। कार्यक्रम स्थल के आगे एक स्कूल बेंच पर बैठ सभी विद्यार्थी जानकारी देने के साथ सभी का फार्म भी खुद भर दे रहे थे। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा बच्चों की इस पहल की सरहना करते हुए कहा जो कार्य पंचायत के जनप्रतिनिधि को करना चाहिए वह कार्य बच्चे कर रहे हैं। कार्यक्रम में लोगों की भीड़ हो व लाभ ज्यादा लोगों को मिले, इसके लिए जिला जनसंपर्क इकाई रांची के कलाकार मेघनाथ महतो, मानकी बिरेंद्र शाही, सुमित्रा देवी व रोहित कुमार आदि द्वारा नुकड़नाटक व नागपुरी गीत संगीत द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे थे। और लोगों को योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाने की बात कही। शिविर में 1601 आवेदन प्राप्त किये गये। जिसमें से 652 मामलों का तत्काल निष्पादन किया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्वीकृति पत्र और परिसम्पतियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख किरण उरांव, बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, सीओ विजय कुमार, उप प्रमुख परवेज आलम व मुखिया निर्मला भेंगरा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

खानापूर्ति करने वाले सरकारी अधिकारी नपेंगे : मुस्ताक आलम

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। झामुमो जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम रातू दक्षिणी पंचायत पहुंचे। उन्होंने कुंबाटोली में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हिस्सा लिया। श्री आलम ने कहा कि राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों से अबुआ आवास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, सर्वजन पेंशन योजना व सोना-सोबरन धोती-साड़ी आदि योजनाओं का लाभ उठाने की अपील करते हुये खानापूर्ति करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई के संकेत दिये। इससे पूर्व ग्रामीणों ने उन्हें समस्याओं से अवगत कराया। इस पर श्री आलम ने समाधान का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम में थे शामिल

मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड प्रभारी कलाम आजाद, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सह बुढ़मू प्रभारी जनक नायक, शमीम मंसूरी, असलम अंसारी, जाबिर अंसारी, लक्ष्मण राम, राकेश वर्मा, साहिल यादव, गोपाल पांडेय, शमसाद अंसारी, मो आसिफ व बबलू मिंज तथा राजेश पांडेय शामिल थे।

बगैर हेलमेट बाइक वालों को पेट्रोल दिये तो होगी कार्रवाई

पेट्रोल पंप संचालकों पर पुलिस सख्त

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। हेलमेट नहीं होने पर पंप से पेट्रोल नहीं मिलेगा। वहीं बिना हेलमेट पेट्रोल की बिक्री करने वाले पंप संचालकों पर भी कार्रवाई होगी। सोमवार को ओरमांझी थाना प्रभारी आलोक सिंह द्वारा क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप संचालक व प्रबंधकों के साथ हुई बैठक में यह बात कही। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-20, कच्चू व सिकिदिरी रोड में दो पहिया वाहनों की कई दुर्घटनाएं हुई है, जिसमें कई बाइक सवारों की मृत्यु हो गई। वहीं कई बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में इलाज करा रहे है। विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा में पाया गया कि बाइक दुर्घटना में ज्यादातर मृत्यु हेलमेट नहीं पहनने व सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग के क्रम में भी देखा जाता है कि कई बाइक चालक हेलमेट पहने नहीं होते हैं। वहीं कई बाइक सवार हेलमेट बाइक या हाथ में लटका कर चलते हैं। थाना प्रभारी द्वारा सभी संचालक व प्रबंधकों को (हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं) लिखा पंपलेट देते हुए पंप में चिपकाने के लिए कहा है। साथ ही चेकिंग के दौरान पेट्रोल पंपों में बिना हेलमेट पहने हुए बाइक सवारों को पेट्रोल देते पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अपने बच्चों को बिना हेलमेट बाइक चलाने के लिए नहीं दें।

इटकी में अबुआ आवास के लिए उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

इटकी। प्रखंड के इटकी पश्चिमी पंचायत में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगे शिविर में अबुआ आवास योजना का आवेदन के लिये ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। शिविर में बाल विकास परियोजना, मनरेगा, खाद आपूर्ति, सर्वजन पेंशन, सर्व शिक्षा अभियान, पीएचइडी, स्वास्थ विभाग, अबुआ आवास योजना और अंचल सहित अन्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर योजना एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किया गया। जहां सबसे ज्यादा आवेदन अबुआ आवास के लिये ग्रामीणों ने दिया। बीडीओ गौतम प्रसाद साहू ने शिविर में लगे स्टॉल का निरीक्षण किया व ग्रामीणों के समस्याओं को सुना

कार्यक्रम में ये लोग थे मौजूद

कार्यक्रम में डॉ शिवानंद कांशी, बीपीआरओ धनेश्वर राम, बीएसओ हेमंत एक्का, पीएमवाईजी प्रखंड समन्यवक धीरज लकड़ा, विकास कुमार, रंजन कुमार, धर्मदास टोप्पो, अजीत कुमार, सुधीर राम तिवारी व अबरार इमाम सहित ग्रामीण मौजूद थे।

पिठोरिया : घर से 1.40 लाख नकद सहित जेवरात की चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता

पिठोरिया। पिठोरिया के कुम्हार टोली स्थित धनंजय कुशवाहा के घर से दिनदहाड़े नगद समेत लाखों रुपए की चोरी कर चोर फरार हो गए। फरार होने के क्रम में कई स्थानों पर सीसीटीवी के कमरे में दिखाई दिये चोर अपनी बाइक से जाते हुए दिखे इस संबंध में पिठोरिया थाना में पीड़िता की ओर से मामला दर्ज कराया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बतलाया कि सुबह 10.00 बजे कपड़ा खरीदने के लिए दुकान गया था । आधे घंटे के अंदर किसी ने उसको फोन पर सूचना दिया कि तेरा घर में चोरी हो गया है। घर लौटकर उसने देखा कि गोदरेज एवं अलमारी में रखें नगद 1,40000 रुपया के अलावे दो पीस सोने का मंगलसूत्र एदो पीस झुमका सोने काए गला का चैन सोने का एक पीसए पायल दो पीसए चांदी का ब्रेसलेट दो पीस सोने का एपेडल चार पीस सोने काएअंगूठी तीन पीस सोने का गायब था। इधर-उधर पता करने पर कुछ भी पता नहीं चला। पीड़िता धनंजय कुमार कुशवाहा ने पुलिस को बतलाया कि दोनों चोर अपनी मोटरसाइकिल से आए और बिजली का मीटर से बिल निकालने को कहकर मीटर चेक करने लगे वहीं पर किसी ने बतलाया कि घर का मालिक नहीं है। उनके आने के बाद बिल निकालना उसी समय एक चोर पीछे की बाउंड्री लांघकर अंदर घुसा और ताला तोड़कर घर के अंदर घुस गया। आलमीरा से सारा कीमती सामान निकाल और बैग में भरकर फरार हो गया।

एक नजर में

टाटीसिलवे आदर्श नगर का मुख्य मार्ग जर्जर

रांची। खिजरी ब्लाक अंतर्गत आदर्श नगर टाटीसिल्वे रोड नंबर 4 का मुख्य मार्ग से लगभग आधा किलोमीटर तक पैदल चलना तो दूर इसपर फोर व्हीलर, टू व्हीलर को भी चलाना बहुत मुश्किल हो गया है। आदर्श नगर जाने का यही मुख्य मार्ग है। बरसात के दिनों में ग्रामीणों को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने कई बार विधायक, मुखिया, सांसद से कहा लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। विगत पांच साल से यही स्थिति बनी हुई है। यहां दो हजार घर की आबादी बसती है, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। चुनाव के समय सांसद, विधायक प्रत्याशी यहां जरूर आते हैं, लेकिन सड़क बनवाने का आश्वासन देकर चले जाते हैं। आज तक उनका आश्वासन कोरा आश्वासन ही बना हुआ है। मौके पर उप मुखिया अजय सिंह पंचायत समिति सदस्य इंदु देवी समेत सभी ग्राम वासी मौजूद रहे।

मनातू कांके के प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मानित

कांके। मनातू गांव कांके में बीती रात कुर्मी/ कुड़मी विकास मोर्चा के द्वारा वर्ष 2023 में मैट्रिक, इंटर, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन पास करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कुर्मी/ कुड़मी विकास मोर्चा मनातू के ग्राम अध्यक्ष अनूप कुमार महतो ने कहा कि मनातू में प्रतिभा सम्मान समारोह पिछले छह वर्षों से किया जाता रहा है। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जैक के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर कुर्मी/कुड़मी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार, महिला अध्यक्षा सुषमा देवी जिला अध्यक्ष सोनालाल महतो, प्रखंड अध्यक्ष दीपक महतो विधायक प्रतिनिधि प्रभात भूषण, केंद्रीय मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश महतो मनातू मुखिया पूनम देवी, उप मुखिया प्रतिमा देवी अनिल महतो मनोज महतो रोशन महतो संदीप महतो संजय महतो प्रेम किशोर महतो महावीर महतो रामचंद्र महतो कैलाश महतो तुलसी महतो इत्यादि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। समाजसेवी अनूप कुमार महतो ने कहा कि छात्र एवं छात्राओं की प्रतिभा को सम्मानित कर उन्हें सशक्त मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।

अयोध्या से ओरमांझी पहुंचा निमंत्रण कलश, गांव-गांव में होगा भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर के गर्भगृह में रामलाला विराजेंगे। इस दौरान गांव-गांव के मंदिरों में लोग भजन-कृतन भी करेंगे। इसे लेकर विश्व हिन्दू परिषद द्वारा ओरमांझी प्रखंड के लिए निमंत्रण कलश भेजा गया है। निमंत्रण कलश बरजंग दल ओरमांझी को मिला है। बजरंग दल प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर महतो व समिति के सदस्यों द्वारा निमंत्रण कलश की आरती कर उकरीद मंदिर में रखा गया है। इसकी जानकारी देते हुए कामेश्वर महतो ने बताया कि निमंत्रण कलश प्रखंड के सभी 18 पंचायत के गांव-गांव के मंदिरों में ले जाया जाएगा। वहां के लोगों को 22 जनवरी को होने वाले अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ व रामलाला विराजने पर गांव-गांव में कार्यक्रमों की जानकारी भी दी जाएगी। वहीं 21 दिसंबर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा भक्तों से किए गए आग्रह पत्र भी वितरित किया जाएग। कामेश्वर महतो के साथ अरविंद कुमार, अजय कुमार, दिनेश महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

बुढ़मू में 35,56,000 की परिसंपत्ति वितरित

सरकार आपके द्वार

खबर मन्त्र संवाददाता

बुढ़मू। पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सोमवार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता मुखिया गंगोत्री देवी व संचालन निल जी के द्वारा किया गया। उक्त आयोजन में झामुमो के जिला टीम हुए शामिल। पंचायत के ग्रामीणों को सरकार के द्वारा चलाई गई योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही योजनाओं का लाभ दिया गया। जिसमें कुल 35 लाख छप्पन हजार परिसंपत्ति का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कुल 1450 आवेदन प्राप्त हुए।

कार्यक्रम में ये लोग थे मौजूद

मौके पर कार्यक्रम के प्रभारी जिला कृषि पदाधिकारी रामनरायण सिंह झामुमो के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू मनरेगा लोकपाल पुष्पलता जयसवाल प्रमुख सत्य नारायण मुंडाए बीडीओ धीरज कुमार सीओ शंकर कुमार विद्यार्थी उप प्रमुख हरदेव साहू झामुमो विधानसभा प्रभारी जनक नायक जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद बुढ़मू प्रखंड अंजुमन एंड वेलफेयर ट्रस्ट के सदर शमीम बड़ेहार धर्म गुरु महेंद्र मुंडा समेत अन्य उपस्थित थे।

निधन पर जताया शोक

पिपरवार। पताल पंचायत के मेढ़ी कसियातरी निवासी चन्द्रवीर गंझु के निधन पर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने दुःख प्रकट किया है। वहीं पीड़ित परिवार को खाद्य सामग्री दी है।

मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल : हेसल टाटी पंचायत को हरा बना चैंपियन

अनगड़ा। प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमत्रण फुटबॉल कप 2023 का सोमवार को फाईनल मैच खेला गया। आठ दिसम्बर से आयोजित मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल टूर्नामेंट में प्रखंड के सभी पंचायत के फूटबॉल टीमों ने हिस्सा लिया। साथ हीं सात बालिका फूटबॉल टीमों ने भी हिस्सा लिया। सोमवार को फाइनल मैंच हेसल पंचायत एव टाटी पंचायत के बीच खेला गया, जिसमें हेसल पंचायत की टीम ने टाटी पंचायत की टीम को दो एक से पराजित किया, विजेता और उप विजेता टीम को ट्रापी और मेडल प्रदान किया गया मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल सोय सिद्ध कान्हू क्लब के अध्यक्ष दीनदयाल बेदिया सचिव शशि कुमार खेल प्रभारी सहजाद खान पंकज तिर्की सहित विभिन्न पंचायत के मुखिया उपस्थित थे।

घर बनाने के नाम पर ठगी, मामला दर्ज

नामकुम। खरसीदाग ओपी क्षेत्र के तेतरी निवासी धर्मेन्द्र कुमार ने ओपी में अमित पाठक पर साढ़े छह लाख रुपये की ठगी करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। धर्मेन्द्र ने बताया है कि वे सेना से रिटायर होने के बाद तेतरी में अपना मकान बनवा रहे थे। मकान की सफाई जिसमें पूटी, पेंटिंग, प्लंबरिंग, टाईल्स आदि काम के लिए उन्होंने युवराज ट्रेडिंग के संचालक अमित पाठक को सारा काम सवा चौदह लाख में ठेके पर दे दिया। अग्रिम राशि के तौर पर धर्मेन्द्र ने अमित को साढे छह लाख रुपये दिए और काम शुरू करने की बात कही। जिसके बाद अमित पैसा लेकर दूसरे दिन से दुकान बंद कर फरार हो गया।

डीएवी बचरा ने जीता राज्य स्तरीय बैडमिंटन का खिताब

खबर मन्त्र संवाददाता

पिपरवार। डीएवी धनबाद कोयलानगर में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के छात्रो ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रर्दशन किया । खेल कुद एवं शारीरिक शिक्षा अध्यापक एसके पाण्डेय और शिक्षिका आर आर दत्ता के मार्ग निर्देशन में गए प्रतिभागियो ने बेहतर खेल खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया। इस राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के छात्रो की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल की टीम को कडे मुकाबले में 2-0 से पराजित कर राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता जीत लिया हैं। इस बैडमिंटन प्रतियोगिता में बालक वर्ग में मुख्य रूप से डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के छात्र प्रियांशु तिवारी अनीश कुमार पीयूष तिवारी आसिफ असलम आदि शामिल थे । राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का विजेता बनने के पश्चात अब थे बैडमिंटन टीम राष्ट्रीय स्तर पर बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर दिल्ली रवाना होगी । राज्य स्तरीय विजेता प्रतिभागियों को इस प्रतियोगिता के पश्चात उपस्थित अतिथियो द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के छात्रो द्वारा डीएवी स्कूल राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का खिताब जीतकर विद्यालय सहित पिपरवार कोयलांचल का नाम रौशन करने पर डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के प्राचार्य राजीव रंजन झा सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने विजेता टीम के सभी खिलाडियो को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
PLANNING & INVESTIGATION DIVISION
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, JHARKHAND

Invitation of Proposal (e-procurement Short Tender Notice)
National Competitive Bidding, 3rd Call Date:-06.12.2023

Road Construction Department, Government of Jharkhand (GOJ) invites proposal for the works mentioned in table through e-procurement. The bid shall be submitted online on the Website https://jharkhandtenders.gov.in. The bidder(s) should havenecessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:-

Sl No.	e-Tender Ref No.	Name of Work	EMD (In Rs.)	Cost of Tender Document (In Rs.)	Period of assignment
1	RCD/PI Div./Ranchi/59/2023-24	Comprehensive Annual Maintenance of fire fighting system at "NIRUPAN BHAWAN" Doranda, Ranchi.	30000.00	5000.00	01 year
2	RCD/PI Div./Ranchi/60/2023-24	Comprehensive Annual Maintenance and operation of one 125 KVA (Sterling) D.G. Set including cost of diesel (for 45 hours per month) & one D.G. operator at "NIRUPAN BHAWAN" Doranda, Ranchi	30000.00	5000.00	01 year
3	RCD/PI Div./Ranchi/61/2023-24	Comprehensive Annual Maintenance and operation of 02 nos(six passenger lift)at "NIRUPAN BHAWAN" Doranda, Ranchi	10000.00	5000.00	01 year

2.. Period of availability of tenders online/date and time of bidding on -line /last date of opening of tender papers are given below:-

Sl. No.	Procurement officer	Place of Opening of Tender Papers	Availability of tender on-line for bidding (Date and Time) From	To	Bid Submission (Date and Time) Start	Close	Date and Time of opening of Technical bid
1	2	3	4	5	6	7	8
1	Executive Engineer, Planning& Investigation Division,RCD, Ranchi	Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004	13.12.2023 At 10.30 AM	27.12.2023 upto 12.00 Noon	13.12.2023 At 10.30 AM	27.12.2023 upto 12.00 Noon	28.12.2023 at 12.30 PM
Advertisement No		PR 310370 Road (23-24).D					

3. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit as indicated above will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023.
4. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.
5. The submitted Tender document shall be properly paginated, failing which the bid summarily be rejected.
6. The Undersigned have reserves the right to accept/reject any or the entire firm's proposals without assigning any reason thereof.
7. Other details can be seen in Tender documents on e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in).

Executive Engineer
Planning& Investigation Division
Road Construction Department,Ranchi

PR 313168 Road(23-24)#D

धारा 370 हटाना सही

देश की राजनीति में एक बड़ा मुद्दा रहा कश्मीर का 370 का विशेष दर्जा समाप्त करने के खिलाफ दायर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय सुना दिया है। सीएस ने कहा कि यह निर्णय सही है और संविधान के मूल भावना को आहत नहीं करता है। पांच जजों की खंड पीठ ने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और देश के संविधान का हर प्रावधान वहां लागू हो सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को रद्द किए जाने को सही ठहराया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था और राष्ट्रपति के पास इसे हटाने का पूरा अधिकार है। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल सहित 23 लोगों ने कश्मीर से धारा 370 को वर्तमान राजग सरकार द्वारा समाप्त किये जाने और राष्ट्रपति के आदेश से वहां शासन बहाल किये जाने के खिलाफ याचिका दायर की थी। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि कश्मीर में सितंबर 2024 के पहले राज्य का चुनाव भी करा लिया जाना चाहिए। राज्य का विशेष दर्जा हटाए जाने से निवेश, बुनियादी ढांचे के विकास और व्यापार के अवसरों में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त हुआ। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अनुच्छेद 370 हटने के बाद देश की जीएसडीपी दोगुनी होकर 2.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है, जो अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से पहले महज एक लाख करोड़ रुपये थी। 6 दिसंबर 2023 को संसद में जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 पर चर्चा का जवाब देते हुए, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा,जो केवल चार वर्षों में दोगुनी होकर आज 2,27,927 करोड़ रुपये हो गई है।

मोहन ने दिल जीता

मध्य प्रदेश को देश का दिल है और इसके नये मुख्य मंत्री मोहन यादव जी का मुख्यमंत्री बनना धैर्य और संगठन के प्रति निष्ठा की जीत है। राजनीति में 41 वर्षों तक संघर्ष करने वाले श्री यादव महाकाल की नगरी उज्जैन दक्षिण के विधायक हैं। 1982 में माधव विज्ञान महाविद्यालय छात्रसंघ के सह-सचिव और 1984 में माधव विज्ञान महाविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष रहे हैं। उन्होंने वर्ष 1984 मे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उज्जैन के नगर मंत्री और 1986 मे विभाग प्रमुख की जिम्मेदारी संभाली। 1989-90 में परिषद की प्रदेश इकाई के प्रदेश मंत्री और सन 1991-92 में परिषद के राष्ट्रीय मंत्री रह चुके हैं। 1993-95 में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, उज्जैन नगर के सह खंड कार्यवाह, सायं भाग नगर कार्यवाह और 1996 में खण्ड कार्यवाह और नगर कार्यवाह रहे हैं। संघ में सक्रियता की वजह से मोहन यादव 1997 में भाजयुमो प्रदेश समिति में अपनी जगह बनाई। इसके बाद उन्होंने संगठन में रहकर अलग-अलग पदों पर काम किया। उन्होंने एमबीए उतीर्ण किया है और डॉक्टरेक्ट भी है।2004-2010 के बीच वह उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) रहें। 2011-2013 में मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, भोपाल के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) भी बने। पहली बार 2013 में वह विधायक बने। 2018 में भी पार्टी ने उनपर भरोसा किया और वह चुनाव जीतने में सफल रहे। 2020 में जब बीजेपी की सरकार बनी तो मोहन यादव फिर से मंत्री बने। निश्चित ही यह निर्णय चौकाने वाला है लेकिन यही मोदी स्टाईल है। दो राज्यों में नये सीएम को कमान सौपने के बाद अब राजस्थान में भी परिवर्त्तन तय माना जा रहा है। चूंकि इन राज्यों के चुनाव ही पीएम मोदी के नाम पर लड़े गये थे इसलिये मोदी का प्रयोग की उम्मीद सभी को थी।

सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 370 पर अपने फैसले में भारत की संप्रभुता और अखंडता को बरकरार रखा

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

5 अगस्त का ऐतिहासिक दिन हर भारतीय के दिल और दिमाग में बसा हुआ है। हमारी संसद ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का ऐतिहासिक निर्णय पारित किया और तब से जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में बहुत कुछ बदलाव आया है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत किया है। इसने हमें याद दिलाया कि एकता और सुशासन के लिए साझा प्रतिबद्धता ही हमारी पहचान है।

सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को निरस्त करने पर 11 दिसंबर को ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में भारत की संप्रभुता और अखंडता को बरकरार रखा है, जिसे प्रत्येक भारतीय द्वारा सदैव संजोया जाता रहा है। सुप्रीम कोर्ट का यह कहना पूरी तरह से उचित है कि 5 अगस्त 2019 को हुआ निर्णय संवैधानिक एकीकरण को बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया था, न कि इसका उद्देश्य विघटन था। सर्वोच्च न्यायालय ने इस तथ्य को भी भलीभांति माना है कि अनुच्छेद 370 का स्वरूप स्थायी नहीं था।

जम्मू, कश्मीर और लद्दाख की खूबसूरत और शांत वादियां, बर्फ से ढके पहाड़, पीढ़ियों से कवियों, कलाकारों और हर भारतीय के दिल को मंत्रमुग्ध करते रहे हैं। यह एक ऐसा अद्भुत क्षेत्र है जो हर दृष्टि से अभूतपूर्व है, जहां हिमालय आकाश को स्पर्श करता हुआ नजर आता है, और जहां इसकी झीलों एवं नदियों का निर्मल जल स्वर्ग का दर्पण प्रतीत होता है। लेकिन पिछले कई दशकों से जम्मू-कश्मीर के अनेक स्थानो पर ऐसी हिंसा और अस्थिरता देखी गई, जिसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती। वहां के हालात कुछ ऐसे थे, जिससे जम्मू-कश्मीर के परिश्रमी, प्रकृति प्रेमी और स्नेह से भरे लोगों को कभी भी रू-ब-रू नहीं होना चाहिए था। लेकिन दुर्भाग्यवश, सदियों तक उपनिवेश बने रहने, विशेषकर आर्थिक और मानसिक रूप से पराधीन रहने के कारण, तब का समाज एक प्रकार से भ्रमित हो गया। अत्यंत बुनियादी विषयों पर स्पष्ट नजरिया अपनाने के बजाय दुविधा की स्थिति बनी रही जिससे और ज्यादा भ्रम उत्पन्न हुआ। अफसोस की बात यह है कि जम्मू-कश्मीर को इस तरह की मानसिकता से व्यापक नुकसान हुआ।

देश की आजादी के समय तब के राजनीतिक नेतृत्व के पास राष्ट्रीय एकता के लिए एक नई शुरूआत करने का विकल्प था। लेकिन तब इसके बजाय उसी भ्रमित समाज का दृष्टिकोण जारी रखने का निर्णय लिया गया, भले ही इस वजह से दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों की अनदेखी करनी पड़ी।

मुझे अपने जीवन के शुरूआती दौर से ही जम्मू-कश्मीर आंदोलन से जुड़े रहने का अवसर मिला है। मेरी अवधारणा सदैव ही ऐसी रही है जिसके अनुसार जम्मू-कश्मीर महज एक राजनीतिक मुद्दा नहीं था, बल्कि यह विषय समाज की आकांक्षाओं को पूरा करने के बारे में था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नेहरू मंत्रिमंडल में एक महत्वपूर्ण विभाग मिला हुआ था और वे काफी लंबे समय तक सरकार में बने रह सकते थे। फिर भी, उन्होंने कश्मीर मुद्दे पर मंत्रिमंडल छोड़ दिया और आगे का कठिन रास्ता चुना, भले ही इसकी कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। लेकिन उनके अथक प्रयासों और बलिदान से करोड़ों भारतीय कश्मीर मुद्दे से भावनात्मक रूप से जुड़ गए। कई वर्षों बाद अटल जी ने श्रीनगर में एक सार्वजनिक बैठक में इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत का प्रभावशाली संदेश दिया, जो सदैव ही प्रेरणा का महान स्रोत भी रहा है।

सरल शब्दों में कहें तो, अनुच्छेद 370 और 35 (ए) जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के सामने बड़ी बाधाओं की तरह थे। ये अनुच्छेद एक अटूट दीवार की तरह थे तथा गरीब,वंचित, दलितों-पिछड़ों-महिलाओं के लिए पीड़ादायक थे। अनुच्छेद 370 और 35(ए) के कारण जम्मू-कश्मीर के लोगों को वह अधिकार और विकास कभी नहीं मिल पाया, जो उनके साथी देशवासियों को मिला। इन अनुच्छेदों के कारण, एक ही राष्ट्र के लोगों के बीच दूरियां पैदा हो गईं। इस दूरी के कारण, हमारे देश के कई लोग, जो जम्मू-कश्मीर की समस्याओं को हल करने के लिए काम करना चाहते थे, ऐसा करने में असमर्थ थे, भले ही उन लोगों ने वहां के लोगों के दर्द को स्पष्ट रूप से महसूस किया हो।

मेरा हमेशा से दृढ़ विश्वास रहा है कि जम्मू-कश्मीर में जो कुछ हुआ था, वह हमारे राष्ट्र और वहां के लोगों के साथ एक बड़ा विश्वासघात था। मेरी यह भी प्रबल इच्छा थी कि मैं इस कलंक को, लोगों पर हुए इस अन्याय को मिटाने के लिए जो कुछ भी कर सकता हूँ, उसे जरूर करूँ। मैं हमेशा से जम्मू-कश्मीर के लोगों की पीड़ा को कम करने के लिए काम करना चाहता था।

एक कार्यकर्ता के रूप में, जिसने पिछले कई दशकों से इस मुद्दे को करीब से देखा हो, वो इस मुझे मुद्दे की बारीकियों और जटिलताओं से भली-भांति परिचित था। मैं एक बात को लेकर बिल्कुल स्पष्ट था- जम्मू-कश्मीर के लोग विकास चाहते हैं तथा वे अपनी ताकत और कौशल के आधार पर भारत के विकास में योगदान देना चाहते हैं। वे अपने बच्चों के लिए जीवन की बेहतर गुणवत्ता चाहते हैं, एक ऐसा जीवन जो हिंसा और अनिश्चितता से मुक्त हो।

इस प्रकार, जम्मू-कश्मीर के लोगों की सेवा करते समय, हमने तीन बातों को प्रमुखता दी- नागरिकों की चिंताओं को समझना, सरकार के कार्यों के माध्यम से आपसी-विश्वास का निर्माण करना तथा विकास, निरंतर विकास को प्राथमिकता देना।

मुझे याद है, 2014 में, हमारे सत्ता संभालने के तुरंत बाद, जम्मू-कश्मीर में विनाशकारी बाढ़ आई थी, जिससे कश्मीर घाटी में बहुत नुकसान हुआ था। सितंबर 2014 में, मैं स्थिति का आकलन करने के लिए श्रीनगर गया और पुनर्वास के लिए विशेष सहायता के रूप में 1000 करोड़ रुपये की घोषणा भी की। इससे लोगों में ये संदेश भी गया कि संकट के दौरान हमारी सरकार वहां के लोगों की मदद के लिए कितनी संवेदनशील है। मुझे जम्मू-कश्मीर में विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से मिलने का अवसर मिला है और इन संवादों में एक बात समान समान रूप से उभरती है - लोग न केवल विकास चाहते हैं, बल्कि वे दशकों से व्याप्त भ्रष्टाचार से भी मुक्ति चाहते हैं। उस साल मैंने जम्मू-कश्मीर में जान गंवाने वाले लोगों की याद में दीपावली नहीं मनाने का फैसला किया। मैंने दीपावली के दिन जम्मू-कश्मीर में मौजूद रहने का भी फैसला किया।

जम्मू एवं कश्मीर की विकास यात्रा को और मजबूती प्रदान करने के लिए हमने यह तय किया कि हमारी सरकार के मंत्री बार-बार वहां जायेंगे और वहां के लोगों से सीधे संवाद करेंगे। इन लगातार दौरों ने भी जम्मू एवं कश्मीर में सद्भावना कायम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मई 2014 से मार्च 2019 के दौरान 150 से अधिक मंत्रिस्तरीय दौरे हुए। यह अपने आप में एक कीर्तिमान है। वर्ष 2015 का विशेष पैकेज जम्मू एवं कश्मीर की विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। इसमें बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन, पर्यटन को बढ़ावा देने और हस्तशिल्प उद्योग को सहायता प्रदान करने से जुड़ी पहल शामिल थीं। हमने खेलशक्ति में युवाओं के सपनों को साकार करने की क्षमता को पहचानते हुए जम्मू एवं कश्मीर में इसका भरपूर सदुपयोग किया।

खास बात

महिलाओं को शिकार बनाते साइबर अपराधी

नागेन्द्र सिंह

चौंकाने वाली बात ये है कि मोबाइल और सोशल मीडिया के इस दौर में युवतियां इसका ज्यादा शिकार बन रही हैं। सूबे के महिला हेल्पलाइन पर साइबर बुलिंग से जुड़ी कई शिकायतें सामने आई हैं। ऐसा ही एक केस सामने आया जिसमें पीड़ित युवती ने अपने एक दोस्त रहे युवक पर अपनी तस्वीर को अश्लील साइट पर डालने की शिकायत दर्ज कराई है।

महिला हेल्पलाइन पर आ रहीं लगातार शिकायतें

साइबर बुलिंग का ये अकेला मामला नहीं है। महिला हेल्पलाइन पर कई लड़कियों ने शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने कहा कि उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर गंदे-गंदे मैसेज आ रहे हैं। महिला हेल्पलाइन नंबर पर एक और लड़की ने बताया कि उसकी किसी ने फेक फेसबुक आईडी बनाकर दोस्तों और करीबियों से पैसों की डिमांड की है। कई लोगों ने जब उन्हें पर्सनली कॉल किया तब उन्हें इस मामले का पता चला, जिस पर उन्होंने शिकायत का फैसला लिया।

'अश्लील साइट पर डाल दी लड़की की तस्वीर'

ऐसे ही एक मामले में कॉलेज की एक छात्रा ने महिला हेल्पलाइन में फोन कर बताया कि उसकी एक लड़के से दोस्ती थी। लेकिन कुछ समय बाद ही उनके बीच बातचीत बंद हो गई। दोस्ती टूटने के बाद वो शख्स इसकदर गंभीर हो गया कि कई बार पीड़िता से बात करने की कोशिश की। हालांकि, जब वो बातचीत के लिए तैयार नहीं हुई तो उसने चौंकाने वाला कदम उठाया।

साइबर सेल की टीम कर रही मामले की जांच

लड़की को कहीं से पता चला कि उसकी तस्वीर को किसी ने अश्लील साइट पर डाल दिया। ये जानकारी जैसे ही पीड़िता को मिली तो उसने तुरंत ही महिला हेल्पलाइन में इस मामले की शिकायत दर्ज कराई। इसमें उन्होंने अपने उसी कॉलेज के दोस्त पर आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि ऐसा कदम वही उन्हें बदनाम करने के लिए किया है। इन मामलों की शिकायत आने के बाद तुरंत ही इसे साइबर सेल में भेज दिया गया। लड़कियों को सोशल मीडिया के इस्तेमाल में सावधानी बरतने के भी निर्देश दिए गए हैं।

भगवान की लीला

विचार-प्रवाह

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

सबरी देखि राम गृह आए। मुनि के बचन समुझि जिए भाए।। गीधराज की मौत सीधा के लिये हुई थी। सीता स्वयं भक्ति स्वरूप थी। इस प्रकार गीधराज की मृत्यु भक्ति के लिये ही हुई। गीधराज के दाह संस्कारके बाद राम और लक्ष्मण आगे की ओर बढ़ें। श्रीराम जान रहे थे कि रावण अपहरण के बाद यह जरूर पता लगाने का प्रयास करेगा कि मेरी क्या दशा होती है? अतः उन्होंने नाटक करना ही उचित समझा। वे चले जा रहे थे और घोर विलाप कर रहे थे। यहां तक कि वे पशु पक्षियों से और पेड़ पौधों से भी पूछ रहे थे कि आप मेरी सीता का पता बता सकते हैं? उनकी यह दशा देखकर लक्ष्मण खुद को अचंभित महसूस कर रहे है कि मुझे हमेशा ज्ञान देने वाले हैं और आज इनको क्या हो गया है? इतना मोह में कैसे हैं?लेकिन श्रीराम तो नाटक कर रहे थे। इस बीच शंकर और सती जंगल से गुजर रहे थे। शंकर जी ने श्रीराम की यह लीला देखी और कहा- ओह संसार के उद्धार के लिये धर्म की रक्षा के लिये प्रभु कितना बढ़िया नाटक कर रहें हैं। विश्व के रंगमंच पर मैंने नारा विरह का पाठ इस तरह का पाठ अभी तक नहीं देखा। मैं आपके इस नाटक को प्रणाम करता हूं। सती देखी कि देवाधिदेव महादेव जो सदा निरंकार के समाधि-ध्यान में रहने वाले हैं। इनका इष्ट तो यह निराकार परमात्मा है जो सर्वव्यापक है और उस ज्ञान में रहनेवाले ये राजा के बेटों को प्रणाम क्यों कर रहें हैं? एक राजकुमार को भगवान कहकर प्रणाम किया। इस बात को सती नहीं समझ सकी। सती ने शंकर से सवाल किया कि आपने किनको प्रणाम किया?

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

श्री राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के लोकार्पण के पूर्व श्री अयोध्या जी को वायु सेवा से जोड़ने के जिस लक्ष्य को लेकर हम चले हैं, वह तिथि अब नजदीक आ चुकी है...



– योगी आदित्यनाथ

आपके ट्वीट

कंप्यूटर आज के युग की मूलभूत आवश्यकता है । विश्व भर में बढ़ते डिजिटलीकरण को ध्यान में रखते हुए महिलाओं एवं बच्चों को भी तकनीकी कौशल एवं कंप्यूटर का ज्ञान होना परमावश्यक है।

–स्वामी अवधेशानंद गिरी

उच्चतम न्यायालय की संवैधानिक पीठ ने धारा 370 और 35ए को हटाने के लिए दिए गये निर्णय, उसकी प्रक्रिया और उद्देश्य को सही ठहराया है। कश्मीर के साथ मोदी सरकार के न्याय पर सर्वोच्च मुहर लगी है।

– जेपी नड्डा, भाजपा अध्यक्ष

द्विवेदी युग के प्रतिनिधि कवि : मैथिलीशरण गुप्त

साहित्य

प्रो हराधन कोइरी

मैथिलीशरण गुप्त भारतीय संस्कृति और संस्कार के उन्नायक कवि हैं। बारह दिसम्बर को उनका उनसठवाँ पुण्य तिथि है। पुण्य तिथि के अवसर पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का पुनरावलोकन करने के साथ-ही उनके काव्यादर्शों को आत्मसात कर हिन्दी साहित्य में फिर से स्थापित करने की आवश्यकता है। उनकी कविताओं में राष्ट्रीय भावना,वैष्णवी आस्था और समन्वय की विराट चेष्टा है। समाज की उन्नति में पारिवारिक जीवन मूल्यों की बड़ी भूमिका होती है। गुप्त जी अपनी कविताओं में पारिवारिक मूल्यों के संरक्षण के प्रति अधिक तत्पर दिखते हैं। उनकी यह तत्परता 'साकेत' में सर्वत्र दिखाई पड़ती है, जिसके कारण उन्हें कौटुम्बिक कवि भी कहा गया है। वे सच्चे अर्थों में आस्था और विश्वास के कवि हैं। अपने काव्य गुरु आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के उपकार को स्वीकारते हुए 'साकेत' की भूमिका में लिखते हैं--

करते तुलसीदास भी कैसे मानस नाद?

यदि उन्हें महावीर का मिलता नहीं प्रसाद। गुप्त जी साहित्य में हो रहे उत्तरोत्तर परिवर्तनों को अभिव्यक्त करने में सफल कवि थे। मैथिलीशरण गुप्त ने दो प्रबंध काव्य 'साकेत' और 'जय भारत' एवं उन्नीस खंड काव्यों की रचना की है। इसके पीछे द्विवेदी युगीन संस्कार और उनकी मर्यादावादी दृष्टिकोण रहा है। उनकी प्रसिद्धि का आधार ग्रंथ 'साकेत' में उन्होंन रामकथा को दुहराया ही नहीं है बल्कि रामकथा का पुनर्मूल्यांकन किया है। इसके साथ ही उर्मिला और कैकेयी के जैसे उपेक्षित पात्रों को अपनी सहानुभूति से अधिक संवेदनशील और युगानुकूल बनाया है। चित्रकूट की सभा में कैकेयी कहती हैं - युग युग तक चलती रहे यह कठोर कहानी, रघुकुल में भी थी एक अभागिन रानी। निज जन्म जन्म तक सुने जीव यह मेरा धिक्कार! उसे था महास्वार्थ ने घेरा। कैकेयी का यह चरित्र कवि की मौलिक प्रतिभा का परिचायक है। इतना ही नहीं गुप्त जी के राम वाल्मीकि और तुलसी के राम से भिन्न हैं। उनके राम इस भूतल को ही स्वर्ग बनाने आये हैं। राम स्वयं कहते हैं- मैं आया उनके हेतु जो कि तापित हैं,

जोविवश,विकल,बलहीन,दीन,शापित हैं।भव में में नव वैभव व्याप्त कराने आया, नर को ईश्वरता प्राप्त कराने आया

संदेश यहाँ मैं नहीं स्वर्ग का लाया,

इस भूतल को ही स्वर्ग बनाने आया।

मैथिलीशरण गुप्त को उपेक्षितों के कवि कहा गया है। उन्हें ऐसा कहना उचित भी है। उन्होंने भारतीय साहित्य में उपेक्षित नारी पात्रों को देखने की एक नई दृष्टि दी है। उसी का परिणाम है कि उनके प्रसिद्ध काव्य 'साकेत' में उर्मिला के चरित्र को विशेष प्रतिष्ठित मिली है। वहीं 'यशोधरा' काव्य में गौतम की पत्नी यशोधरा को। 'विष्णुप्रिया' काव्य में चेतनदेव की पत्नी विष्णुप्रिया को और 'रत्नावली' काव्य में तुलसीदास की पत्नी रत्ना आदि की वेदना को सशक्त सहानुभूति दी है। साथ -ही नारी स्वाभिमान की अभिव्यक्ति भी करायी है। यशोधरा अपनी सखियों से कहती हैं-

सिद्धि हेतु स्वामी गये ये

गौरव की बात ,पर चोरी चोरी गये,

यह बड़ा व्याघात। आगे फिर यशोधरा कहती हैं। हम क्षत्राणी हैं और क्षत्रिय धर्म की निर्वाह करना जानते हैं। हमें दुख इस बात की है कि मेरे पति ने मुझे पहचाना परन्तु जाना नहीं ।

क्षात्र धर्म के नाते सखी, वह मुझसे कहकर जाते । कविवर मैथिलीशरण गुप्त साहित्य को केवल मनोरंजन की वस्तु नहीं मानते हैं,बल्कि उसमें जीवन के लिए संदेश भी होना चाहिए। 'भारत-भारती' में वे कहते हैं-केवल मनोरंजन न कवि का कर्म होना चाहिए-? उसमें उचित उपदेश का भी मर्म होना चाहिए।

कार्टून वर्ल्ड

लेटर टू एडिटर

स्वच्छता के अवरोध

वर्तमान सरकार स्वच्छता अभियान को लेकर बहुत गंभीर है। वहीं शौचालयों के निर्माण में भी विशेष उपलब्धियां हासिल की जा रही हैं। लेकिन उनकी दशा भी दयनीय ही है। महिला शौचालयों पर तो ताला ही जड़ा हुआ होता है। ऐसे में महिलाएं शौच के लिए कहां जाएं? पार्किंग में बने सार्वजनिक शौचालय पर भी ताला लगा पाया गया।

–राजेंद्र कुमार शर्मा, रांची

प्रदूषण का संकट

देश में लगातार वायु प्रदूषण में हो रही वृद्धि से कई शहरों में एक्यूआई 300 से ऊपर पाए जाने की पुष्टि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वैज्ञानिकों ने की है। प्रदूषित शहरों के नागरिक दमा, खांसी, फेफड़ों तथा चर्म आदि से रोगग्रस्त हैं। समय रहते राज्य बोर्ड को तथा केंद्रीय बोर्ड को ही विशेषाधिकार और संसाधनों से लेस करना होगा। यह आज सबसे जरूरी है।

–बीएल शर्मा, जमशेदपुर

देश में चौड़ी होती अमीर और गरीब की खाई

देशांतर

इंदिवजल धस्माना

देश में अमीर और गरीब के बीच की खाई चौड़ी होती जा रही है। 2021 में देश की कुल राष्ट्रीय आय का करीब 20 फीसदी महज एक फीसदी लोगों के हाथों में है। दूसरी ओर निचले तबके की आधी आबादी कुल राष्ट्रीय आय की महज 13.1 फीसदी कमाई करती है। यह जानकारी विश्व असमानता रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में आर्थिक सुधार और उदारीकरण का ज्यादातर लाभ शीर्ष एक फीसदी लोगों को मिला है।

दुनिया भर में असमानता पर साक्ष्य आधारित शोध करने वाली फ्रांस की विश्व असमानता लैब द्वारा तैयार की गई इस रिपोर्ट में कहा गया है, 'भारत में काफी गरीबी और असमानता है, जबकि यहां का एक वर्ग अकूत संपत्ति का मालिक है।'

इस रिपोर्ट को विश्व असमानता लैब के सह-निदेशक लुकस चांसेल ने तैयार किया है, जिसमें फ्रांस के अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी आदि ने सहयोग किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 में भारत में एक फीसदी अमीरों के पास देश की कुल आय का 22 फीसदी है। शीर्ष 10 फीसदी अमीरों के पास कुल आय का 57 फीसदी है।

2021 में भारत में वयस्क आबादी की औसत राष्ट्रीय आय 2,04,200 रुपये सालाना रही। हालांकि रिपोर्ट में इसे स्पष्ट किया गया है कि औसत राष्ट्रीय आय असमानता को ढक देती है। 2020 में शीर्ष 10 फीसदी और निचले तबके की 50 फीसदी आबादी की आय का अंतर 1 से 22 फीसदी रहा। रिपोर्ट से पता चला है भारत दुनिया में सर्वाधिक असमानता वाले देशों में से एक है। ब्रिक्स देशों में दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील में भारत की तुलना में आय की असमानता कहीं ज्यादा है। दक्षिण अफ्रीका में शीर्ष 10 फीसदी और नीचे के 50 फीसदी की आय में अंतर 63 फीसदी है जबकि ब्राजील में यह अंतर 29 फीसदी है। चीन और रूस में यह अंतर 14 फीसदी है। दुनिया की बात करें तो कुल आबादी के 10 फीसदी अमीरों के पास अभी वैश्विक आय की 52 फीसदी आय पहुंचती है, जबकि निचले तबके वाली 50 फीसदी आबादी के हिस्से महज 8.5 फीसदी आय आती है।

हालांकि 2018 विश्व असमानता रिपोर्ट में भी भारत के शीर्ष एक फीसदी के पास कुल आय का 22 फीसदी हिस्सा जाता था और 2014 में शीर्ष 10 फीसदी के हाथों में करीब 56 फीसदी कमाई होती थी। इसका मतलब है कि आय का वितरण तब से लेकर अब तक कमोबेश उतना ही बना हुआ है। निचले तबके के 50 फीसदी परिवारों के पास तकरीबन नगण्य संपत्ति है। मध्य वर्ग भी अपेक्षाकृत गरीब है और कुल संपत्ति का 29.5 फीसदी उनके पास है, जबकि शीर्ष 10 फीसदी के पास 65 फीसदी और एक फीसदी के हाथों में कुल संपत्ति का 33 फीसदी है।

देश में लोगों की औसत संपत्ति 4,200 डॉलर है। मध्य वर्ग की औसत संपत्ति 26,400 डॉलर (7,23,930 रुपये) है। शीर्ष 10 फीसदी लोगों के पास औसतन 2,31,300 डॉलर (63.54 लाख रुपये) और एक फीसदी के पास औसतन 61 लाख डॉलर (32.44 करोड़ रुपये) है।

रिपोर्ट के अनुसार भारत में असमानता का स्तर ब्रिटिश राज की तुलना में कहीं ज्यादा हो गया है। उस समय शीर्ष 10 फीसदी आबादी के पास कुल राष्ट्रीय आय का करीब 50 फीसदी था। आजादी के बाद यह हिस्सेदारी घटकर 35 से 40 फीसदी पर आ गई। 1980 के दशक के मध्य से उदारीकरण की नीतियों से दुनिया भर में आय और संपत्ति की असमानता बढ़ी है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

एक नजर में

पुलिस के खिलाफ ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

दारू। कबलासी पंचायत के तियुज में 13 नवंबर को एक सड़क दुर्घटना में राकेश कुमार सिंह की मौत हो गई थी। दुर्घटना के बाद स्कॉर्पियो फरार हो गया था। घटना की जानकारी पुलिस को देने के बाद भी पुलिस इस मामले में पूरी तरह निष्क्रिय बनी रही और उसने जांच में कोई भी रुचि नहीं दिखाई। मृत नाबालिक युवक के परिजन थक हार कर खुद अपने स्तर से युवक को मार कर फरार होने वाले वाहन की जानकारी में जुट गए। दर- दर भटकते हुए झुमरा से इचाक तक दर्जनों सीसीटीवी के फुटेज को खंगाला गया। जो काम पुलिस की जिम्मेवारी थी वो काम परिजन कर रहे थे। चूंकि यह मामला एक ऑटो चालाक मजदुर वर्ग की बेटे की थी सो पुलिस ने इसमें कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। घटना के इतने दिन बीतने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया गया। मृत बच्चे के पिता परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने सोमवार को बड़ी संख्या में थाना पहुंचकर थाना प्रभारी के सामने अपना आक्रोश प्रकट किया। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि इस मामले में थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है और गाड़ी की पहचान होने के बाद उसके मालिक को नोटिस भेजा गया है। विरोध प्रकट करने वालों में केदार सिंह, संतोष सिंह, गोवर्धन सिंह, विवेक कुमार सिंह, टिंकू सिंह, राजकुमार सिंह, हरिहर सिंह आदि शामिल थे।

राम मंदिर निर्माण को ले टाटीझरिया से गई ईंटें

टाटीझरिया। सांसद जयंत सिंहा द्वारा हजारीबाग के बानादाग में श्री राम मंदिर बनाने की घोषणा की गई है। मंदिर निर्माण में सहयोग हो,इसलिए सांसद ने अपने संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक गावों में श्री राम रथ भेजा है। सोमवार को रथ टाटीझरिया पहुंचा,जहां फौदारी बाबा मंदिर होलंग में पूजा – अर्चना कर रथ को बेरहो, धरमपुर, डूमर, मंडपा,खंभवा,बाडी, डहरभंगा और टाटीझरिया में घुमाया गया। रथ के साथ प्रमुख संतोष मंडल,सांसद प्रतिनिधि ,मिथिलेश कुमार पाठक, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र यादव,सांसद प्रतिनिधि कैलाशपति सिंह,योधी प्रसाद यादव,अमरेश सिंह,रविंद्र यादव,राजु यादव,महेश अग्रवाल,सहदेव यादव,कृष्णा साव,प्रमोद सिंहा,अजय सिंह,अजय कुमार,गौतम कुशवाहा,विजय ठाकुर,राजीव रंजन सिंहा,झुनझुन गुप्ता,संदीप चौधरी,जीवलाल साव,प्रकाश साव समेत अन्य चल रहे थे।

मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बच्चों को दिया पोशाक

बरही। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरियाडीह में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने स्कूली बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया।मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य है। उन्हें अनुशासन, शालीनता के अलावे स्वक्षता के लिए प्रेरित करने की जरूरत है। उन्होंने साफ-सफाई पर बल देते हुए बच्चों के बीच उन्हें प्रेरित किया। वहीं महिला समाजसेवी सह नेत्री ममता देवी ने बताया कि बच्चे पढ़ाई लिखाई में अपना ध्यान लगाकर पढ़े। पढ़ लिखकर ही वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। मौके पर महिला समाजसेवी सह नेत्री ममता देवी, पंचायत समिति सदस्य संतोषी कुमारी, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, प्रधानाध्यापिका मीना कुमारी, सहायक शिक्षक मधु देवी, अजीत प्रसाद, रामजी प्रसाद, रेखा कुमारी, दीनानाथ प्रसाद सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

बरही में बिरहोर बच्चों को मिला खिलौना

बरही। श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल ने केवाल स्थित बिरहोर टोला में टॉय डिस्ट्रीब्यूशन (ड्राइव) कैम्प का आयोजन किया गया। स्कूल के शिक्षक और बच्चों ने बिरहोर बच्चों के बीच जाकर खिलौना का वितरण किया। स्कूल प्रबंधन द्वारा बिरहोर बच्चों के साथ बैठकर बच्चों को खेल खेल में पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित किया। बिरहोर बच्चों को पढ़ाई के फायदे से अवगत कराया। उपस्थित सभी बच्चों को खिलौने और पढ़ाई से संबंधित किताब कॉपी का वितरण करने पर बच्चों में खुशियां देखी गई। स्कूल के बच्चे अति पिछड़ा बिरहोर टोला के बच्चों के साथ अपनी खुशियां साझा की। इस दौरान श्रीदास के बच्चों ने समाज से वंचित बच्चों को खेलने की सामग्री के अलावा पढ़ने के सामग्री और चॉकलेट्स भेंट की। स्कूल प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि श्रीदास स्कूल सामाजिक और व्यावहारिक कार्यों में बच्चों की सहभागिता पर भी ध्यान देता है। टॉयज ड्राइव कैंप का मकसद था कि बच्चे आपसी भाईचारा सीख सकें और वंचित लोगों के लिए दया की भावना और जरूरतमंदों की मदद करने के लिए अपना योगदान को जान सकें।

राज्यपाल रघुवर दास से मिले अरुण साहू

बरही। प्रदेश तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष सह तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू ने उड़ीसा के राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर उनके आवास पर मिलकर बधाई दी। उन्होंने झारखंड की सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों पर चर्चा करते हुए विशेष रूप से बरही विधानसभा के प्रमुख जनमुद्दों पर चर्चा किया। अरुण साहू ने कहा कि रघुवर दास का अनुभव और क्षमता उड़ीसा को नए ऊँचाइयों तक पहुँचाने में सहायक साबित होगा। उनके नेतृत्व में उड़ीसा के लोगों का सामाजिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक क्षेत्र में काफी विकास होगा। इसके साथ ही श्री साहू ने सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में उड़ीसा के विकास के लिए नए परियोजनाओं की शुरुआत की उम्मीद जताई और रघुवर दास को एक बेहतर राज्यपाल बनकर उड़ीसा राज्य के सर्वांगीण विकास हेतु शुभकामना दिया। इस मौके पर तिलेश्वर साहू सेना की प्रमुख संरक्षिका साबी देवी एवं धर्मपत्नी शिल्पी साहू भी मौजूद रही।

आइएमएस स्कूल ने मनाया स्थापना दिवस

दारू। आइएमएस एमएमएम इंग्लिश मीडियम स्कूल पिपचो में सोमवार कोअपना 26वा वार्षिक स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में कई कार्यक्रम आयोजित किया गए इस कार्यक्रम मे चंद्रशेखर, आरएफसी (आईएमएस) मुख्य अतिथि के रूप मे मौजूद थे इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रिंसिपल श्रेनमोझी ने किया। इस अवसर पर बच्चों के बीच कई तरह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा नाट्य प्रस्तुति और डांस का कार्यक्रम देख मौजूद लोग दंग रह गये और उन्होंने बच्चों की काफी हौसला अफजाई किया।आईएमएस इंग्लिश मीडियम स्कूल के संवाददाता जयापॉल ने रैंक धारकों और विभिन्न आयोजनों के विजेताओं को पुरस्कार दिए।इस विद्यालय के पूर्व टॉपर पंकज यादव के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में बड़ी संख्या मे स्कूली बच्चे और उनके माता-पिता मौजूद थे।

जेएसपी को मिला सीएसआर एक्सीलेंस अवार्ड

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली देश की अग्रणी स्टील कंपनी जिन्दल स्टील एंड पॉवर (जेएसपी) को ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने में उत्कृष्ट योगदान के लिए सीएसआर एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान सीएसआर जर्नल की ओर से मुंबई में 9 दिसंबर को आयोजित एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, फिल्म अभिनेता

ग्रामीण व आदिवासी प्रतिभाओं का खेल सुविधा दिलाना हमारी प्राथमिकता : शालू जिन्दल

आमिर खान और डॉ. कुमार विश्वास की मौजूदगी में जेएसपी को प्रदान किया। जेएसपी के सीएसआर ग्रुप हेड प्रशांत कुमार होता ने यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किया।

सीएसआर एक्सीलेंस अवार्ड के लिए निर्णायक मंडल का आभार व्यक्त करते हुए जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल ने कहा कि हम देश की 25,000 से अधिक ग्रामीण और आदिवासी खेल प्रतिभाओं के विकास के लिए समर्पित हैं और उनके लिए खेल सुविधाओं का निर्माण कराने के साथ-साथ उन्हें विश्व स्तरीय प्रशिक्षण दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। ताकि वे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश को गौरवान्वित करें। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ और झारखंड के पतरातू में लड़कियों की फुटबॉल टीम और ओडिशा के सुंदरगढ़ में लड़कियों की हॉकी टीम को सहयोग प्रदान किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में ओपी जिन्दल क्रिकेट एकैडमी से अभी तक 2000 खिलाड़ियों को लाभ हुआ है। कंपनी ने हाल ही में छत्तीसगढ़ के रायगढ़ स्टेडियम में बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, आधुनिक व्यायामशाला, बहु-उद्देश्यीय कक्ष एवं पैवेलियन समेत अंतरराष्ट्रीय स्तर की अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई है।

2047 तक भारत को विकसित बनाने का लें संकल्प : चौधरी

भुरकुंडा । विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सोमवार को पटेलनगर पंचायत भवन में विभिन्न कार्यक्रमों का उद्घाटन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के एडीजी शंभू नाथ चौधरी, नरेंद्र मोदी विचार मंच के धनपत महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित व फीता काटकर किया। चौधरी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगो में जागरूकता लाना है। साथ ही वंचित, शोषित, गरीब, दलित

वर्ग जो छूट गए हैं, उन्हें बिना भेदभाव, जाति-धर्म से अलग उठकर प्रधानमंत्री के योजनाओ का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा की पंडित दीनदयाल की सोच अंतोदय योजना यानी अंतिम व्यक्ति तक सरकारी लाभ पहुंचे इसे पूरा करने का काम किया जा रहा है। श्री चैधरी ने कहा की शत प्रतिशत योजना का लाभ देने के लिए सरकार जागरूकता लाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश संपन्न प्रदेश है। आने वाले समय में देश के अव्वल राज्यों में एक झारखंड प्रदेश भी होगा। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को कहा कि आप ज्यादा से ज्यादा सरकारी योजना का लाभ ले। भारत में 10 से 11 करोड़ सखी मंडल काम कर रही है जिन्हें सरकार ने लखपति बहने बनाने का लक्ष्य रखा है।

दिगवार में कैश व जेवरात चोरी

कुजू। दिगवार निवासी प्रमोद कुमार पिता चेतन महतो के आवास में बीती रात चोरों ने घर में घुसकर नगदी समेत कई कीमती जेवरातों की चोरी कर ली। इस संबंध में प्रमोद द्वारा पुलिस को लिखित सूचना दी गई है। बताया जाता है कि भुक्तभोगी परिवार को चोरी की सूचना सुबह उठने के बाद हुई। परिवार ने बताया कि रात में खाना खाने के बाद सभी अपने-अपने कमरे में सो गए। इस बीच रात्रि करीब एक बजे चोर छत की ओर से प्रवेश किए। फिर जिस कमरे में कोई नहीं सोया था उसमें घुसकर अलमारी को खोलते हुए करीब 30 हजार रुपए एवं चांदी का तीन जोड़ा पायल, सोने का झुमका, नथनी आदि चुरा ले गए। परिवार ने पुलिस से छानबीन कर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

सरकार के खिलाफ डीलर संघ ने किया प्रदर्शन

दारू। प्रखंड मुख्यालय में डीलर संघ के अध्यक्ष राम प्रकाश वर्मा की अध्यक्षता मे सोमवार को एक बैठक किया गया ।इस बैठक मे मौजूद पीडीएस दुकानदार काला बिल्ला लगाकर बैठक में भाग लिये। बैठक में सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया कि सरकार द्वारा यदि डीलरों की मांग को 31 दिसंबर तक मांग पूरी नहीं की गयी तो एव जनवरी 2024 से वह सभी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे । इस बारे मे संघ के अध्यक्ष राम प्रकाश वर्मा ने बताया कि सरकार हमलोगों का करोना काल की अवधि पीएमजीकेवाई योजना के तहत बितरित किये गये अनाज की कमिशन राशि का भुगतान नही कर रही है जिसकी मांग कर रहे हैं । इसके साथ ही संघ ने कमीशन एक रूपया के जगह तीन रूपया , पीडीएस दुकानदारो को तीस हजार रुपए मानदेय, अनुकंपा नियम के तहत उतराधिकारी को अधिकार देना ।केन्द्रीय कमिटी के निर्देश पर 15 दिसंबर तक सभी काला बिल्ला लगाकर विरोध स्वरूप कार्य करेंगे। केंद्रीय कमेटी का जैसा निर्देश होगा उसी के अनुसार आगे का कार्य किया जाएगा। संघ ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा की यदि 31 दिसंबर तक उनकी मांग पुरा नही किया गया तो 1 जनवरी 2024 से सभी पीडीएस दुकानदार हड़ताल पर चले जाएंगे। विरोध करने वालों मे संघ के अध्यक्ष रामप्रकाश वर्मा महासचिव प्रदीप कुमार देव, सचिव मोहम्मद इरशाद,कोषाध्यक्ष दुनेश्वर राम, लक्ष्मी महिला मंडल समूह इरगा, कांति देवी, किशोर प्रसाद, अमित कुमार, श्यामा मोहन प्रसाद, किशोर प्रसाद ,नरेंद्र सिंह, सरवन कुमार सिंह, त्रिभुवन प्रसाद सहित कई अन्य पीडीएस दुकानदार मौजूद थे।

कटकमदाग में वारंटी के घर चस्पाया इश्तेहार

कटकमदाग। न्यायालय के आदेशानुसार कटकमदाग पुलिस ने गुमला जिले के घाघरा थानान्तर्गत ग्राम शिवराजपुर निवासी उग्रवादी महतो जी उर्फ खड़िया उर्फ बलजीत उर्फ संजय महतो के घर पर व आसपास चौक-चौराहे में डुगडुगी बजाकर इश्तेहार चिपकाया। इश्तेहार में एक माह के अंदर न्यायालय में उसे आत्मसमर्पण करने को कहा गया है। आत्मसमर्पण समर्पण नहीं करने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। महतो के विरुद्ध कटकमदाग थाना में कांड संख्या 31/17 के तहत धारा 386 भादवि एवं 20, 38, 40, यूएपीए एक्ट तथा 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

कार्यालय :- असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

विज्ञापन संख्या 04 / 2023

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के तहत जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू के द्वारा संविदा के आधार पर ए0एन0एम0/स्टाफ नर्स/लैब टैकनिशियन/प्रखंड डाटा प्रबंधक/काउन्सेलर/फर्मासिस्ट एवं अन्य निम्नांकित पदों हेतु वांछित योग्यता एवं अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक 30.12.2023 है। आवेदन पत्र निबंधित डाक एवं स्पीड पोस्ट के माध्यम से असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में भेजा जा सकता है। उक्त तिथि के पश्चात् एवं हाथो-हाथ या अन्य किसी माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

Sl. No.	Post Name	Vacancy	GEN	EWS	SC	ST	OBC I	OBC II
1	ANM RCH	04	00	00	03	00	00	01
2	ANM MTC	02	00	00	02	00	00	00
3	ANM RBSK	03	00	00	02	01	00	00
4	ANM NUHM	16	07	01	04	02	01	01
5	Staff Nursre RCH	37	06	00	20	05	05	04
6	Staff NURSE SNCU	06	01	00	03	01	01	00
7	STAFF NURSE DEIC	01	01	00	00	00	00	00
8	STAFF NURSE NUHM	07	03	00	02	01	01	00
9	STAFF NURSE NPCDCS (District Clinic)	02	01	00	01	00	00	00
10	BLOCK DATA MANAGER RCH	01	00	00	00	01	00	00
11	NUTRITIONAL COUNSELLOR MTC	01	01	00	00	00	00	00
12	RMNCH/FP COUNSELLOR RCH	01	0	00	01	00	00	00
13	AYUSH PHARMACIST	02	01	00	01	00	00	00
14	PHARMACIST RCH	01	00	00	01	00	00	00
15	PHARMACIST RBSK	05	00	00	04	01	00	00
16	PHARMACIST NUHM	03	01	00	02	00	00	00
17	PHARMACIST NTEP	01	01	00	00	00	00	00
18	L.T. NUHM	03	01	00	02	00	00	00
19	X-RAY TECH RCH	01	00	00	01	00	00	00
20	MALARIYA TECHNICAL SUPERVISER (MTS)	01	01	00	00	00	00	00
21	SENIOR TUBERCULOSIS LABROTATORY SUPERVISOR	01	00	00	01	00	00	00
22	DIST PUBLIC PRIVATE MANAGER DPPM	01	01	00	00	00	00	00

संविदा की शर्तें:-

1. उपरोक्त पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन एक वर्ष के संविदा आधारित पद के लिए किया जायेगा। आवश्यकतानुसार चयनित अभ्यर्थियों के कार्यो का मूल्यांकन के आधार पर प्रत्येक वर्ष संविदा अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ाई जा सकती है।
2. संविदा के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को चयन प्राधिकार के द्वारा एक माह का अग्रिम नोटिस अथवा एक माह का मानदेय भुगतान कर बिना कारण बताये हुए संविदा अनुबंध को समाप्त किया जा सकता है।
3. संविदा के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानदेय का भुगतान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त इन्हें राज्य सरकार द्वारा प्रदत स्थायी सेवकों को सुविधा/भत्ता के अनुरूप कोई सुविधा/भत्ता अनुमान्य नहीं होगा।
4. संविदा के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों द्वारा सेवा स्थायीकरण का दावा भविष्य में नहीं किया जायेगा तथा दावा मान्य नहीं होगा।

305/RCH

आवेदन की प्रक्रिया:-

अभ्यर्थी को आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित कागजात (पद एवं योग्यता के अनुरूप) भेजना अनिवार्य है:- (कागजात संलग्न नहीं रहने की स्थिति में आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा) एवं त्रुटि पूर्ण, अधूरा, अपलेखन एवं अस्पष्ट आवेदन पर विचार नही किया जायेगा। सभी कागजात क्रमानुसार संलग्न करना अनिवार्य है।

1. मूल आवेदन, दो स्व-अभिप्रमाणित फोटोग्राफ सहित।
2. बैंक में जमा किये गये शुल्क के कागजात की स्वहस्ताक्षरित मूल प्रति।
3. मैट्रिक का प्रवेश पत्र, अंक पत्र एवं मूल प्रमाण-पत्र की स्व-अभिप्रमाणित प्रति।
4. इंटरमीडिएट का प्रवेश पत्र, अंक पत्र एवं मूल प्रमाण पत्र की स्व-अभिप्रमाणित प्रति।
5. तकनीकि शिक्षा से संबंधित योग्यता का प्रवेश पत्र, अंक पत्र एवं मूल प्रमाण पत्र की स्व-अभिप्रमाणित प्रति।
6. स्नातक अथवा इसके समक्षक योग्यता से संबंधित प्रवेश पत्र, अंक पत्र एवं मूल प्रमाण पत्र की स्व-अभिप्रमाणित प्रति। (वांछित योग्यता के अनुरूप)
7. उच्चतर शिक्षा से संबंधित योगयता का अंक पत्र एवं मूल प्रमाण पत्र की स्व-अभिप्रमाणित प्रति। (वांछित योग्यता के अनुरूप)
8. ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें शैक्षणिक योग्यता में सी0जी0पी0ए0 ;ब्ळच्।द्ध स्कोर प्राप्त है, उन्हें संबंधित संस्थान का सी0जी0पी0ए0 रूपान्तरण चार्ट ;ब्ळच्। ब्वदअमतेपवद बैंतजद्ध प्रस्तुत करना होगा।
9. कार्यानुभव से संबंधित प्रमाण पत्र की स्व-अभिप्रमाणित प्रति। (कार्यानुभव वांछित पद एवं योग्यता के अनुरूप होने पर ही मान्य होगा)। कार्यानुभव वांछित योग्यता प्राप्त करने की तिथि के उपरान्त ही मान्य होगा।
10. कम्प्यूटर से संबंधित प्रमाण पत्र की स्व-अभिप्रमाणित प्रति। (वांछित योग्यता के अनुरूप)
11. आरक्षण के दावा हेतु सक्षम पदाधिकारी द्वार निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र की स्व-अभिप्रमाणित प्रति।
12. निबंधित आवेदन पत्र जिला के **असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू** के कार्यालय में भेजा जा सकता है। लिफाफे के उपर स्पष्ट रूप से मोटे अक्षर में **आवेदित पद का नाम एवं पद कोड** अंकित करना अनिवार्य होगा।

आवेदन शुल्क:-

आवेदन हेतु प्रत्येक पद के लिए सामान्य कोटि/अ0क0व0/पिछड़ा/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के आवेदको को 400/- रू0 तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के आवेदकों के लिए 200/-रू0 का शुल्क जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू के खाता संख्या 0107000190950426 ;प्थ्ैब् ब्वकम. च्न्छठ0010700द्ध पंजाब नेशनल बैंक, मेदिनीनगर, पलामू के खाता में जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित शुल्क जमा किये जाने वाले रसीद की प्रति (मूल प्रति) आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। रसीद की प्रति (मूल प्रति) संलग्न नहीं रहने या बिना शुल्क वाले आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

चयन प्रक्रिया:-

1. अभ्यर्थियों का चयन शैक्षणिक एवं तकनीकी प्राप्तांक तथा आवश्यकतानुसार लिखित परीक्षा, कौशल जॉच एवं साक्षात्कार में से एक अथवा अधिक में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर किया जायेगा।
2. चयनित अभ्यर्थियों का मूल्यांकन कुल 100 अंकों के आधार पर किया जायेगा जिसमें से 60 अंक शैक्षणिक एवं तकनीकि योग्यता के प्राप्तांक के आधार पर एवं शेष 40 अंक आवश्यकतानुसार लिखित परीक्षा कौशल जॉच एवं साक्षात्कार में से एक अथवा अधिक के आधार पर किया जायेगा। मुल्यांकन हेतु अन्त में जिला चयन समिति का निर्णय मान्य होगा।
3. आवेदन जमा करने के उपरान्त किसी भी प्रकार की सूचना जिला वेबसाइट ूण्चंसंउनण्दपबण्पद के माध्यम से समय-समय पर सूचित किया जायेगा।
4. चयन प्रक्रिया में जिला स्तरीय आरक्षण के सभी बिन्दुओं का अनुपालन किया जायेगा।
5. चयन प्रक्रिया पूरी होने के पहले संसूचित रिक्तियों में बदलाव किया जा सकता है।
6. चयन प्रक्रिया के आधार पर तैयार किये गये मेधा सूची में से मेधा क्रमांक के अनुसार, रिक्ति के अनुसार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। यह मेधा सूची अगले एक वर्ष के लिए मान्य होगा।
7. एक से अधिक पदो के लिए अभ्यर्थी के द्वारा अलग-अलग आवेदन, पोस्ट कोड को स्पष्ट करते हुए अलग-अलग लिफाफे में भेजना अनविार्य है।
8. वैसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा संस्थान द्वारा प्रदत सी0जी0पी0ए0 ;ब्ळच्।द्ध चार्ट प्रस्तुत नहीं किया जायेगा उनके लिए 01 से 10 के बीच प्राप्त सी0जी0पी0ए0 को 10 गुणा कर तथा 01 से 05 के बीच प्राप्त सी0जी0पी0ए0 को 20 से गुणा कर प्राप्तांक निकाला जायेगा।
9. चयन की प्रक्रिया में कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार तथा राज्य भाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के द्वारा लागु की गई स्थानीय नीति का अक्षरंशः पालन किया जायेगा।
10. जिला चयन समिति द्वारा आवश्यकतानुसार नियुक्ति की शर्तों में आवश्यक संशोधन किया जा सकता है।

305/RCH

चयन के लिए उम्र सीमा पद एवं कोटिवार निम्नवत् है:-

(आयु की गणना हेतु तिथि:- 30.11.2023)

Sl. NO.	Post	Category	Min. Age (Years)	Max. Age (Years)
1	ANM, & Staff Nurse,	Gen	21	35
		OBC		37
		Female Unreserved		38
		ST/SC		40
2	Pharmacist, Lab Technician, Block Data Manager, Councelor, Senior Tuberculosis Laboratory Supervisor (STLS), Ayush Pharmacist, X-ray Technician & DPPM	Gen	21	45
		OBC		47
		Female Unreserved		48
		ST/SC		50

पद के अनुसार योग्यता एवं अर्हता निम्नवत है:-

Sl. NO.	POST CODE	Post & Programme	QUALIFICATION	HONRARIUM (RS. Per. Month)
1	ANM 01	ANM-RCH	(a) 10+2 or Intermediate or equivalent examination & should have completed ANM course from Institution recognized by Govt. and approved by INC. (b) Registered under Jharkhand Nursing Council.	Rs. 11466/-
2	ANM 02	ANM-MTC		Rs. 12,039/-
3	ANM 03	ANM-RBSK		Rs. 12,039/-
4	ANM 04	ANM-NUHM		Rs. 10,395/-
5	GNM 05	Staff Nurse-RCH	(a) 10+2 or Intermediate or equivalent with 3 years of General and Midwifery Training from Govt. recognized Institution. (b) Registered under Jharkhand Nursing Council.	Rs. 16,564/-
6	GNM 06	Staff Nurse-SNCU		Rs. 15,766/-
7	GNM 07	Staff Nurse- RBSK		Rs. 15,000/-
8	GNM 08	Staff Nurse- NUHM		Rs. 15,015/-
9	GNM 091	Staff Nurse-NPCDCS (Dist. NCD Clinic)		Rs. 18,900/-
10	BDM-10	Block Data Manager-RCH	(a) Graduation of any discipline from any recognized university with at least one year dipoma in computer Application/PGDCA/DOEACC"O" level from Govt. recognized institute/ITI/IDTR/ OR Bachelor in CA/B.SC (Computer science)/ DOEACC"A" level from Govt. Recognized institute university. (b) Minimum two year of post qualification relevant experience with reputed organization in relevant field.	Rs. 15,000/-
11	LT-11	Lab Technician-NUHM	10+2 Intermediate and Diploma in Lab Technician from Govt. recognized Institute with one year of experience in relevant field.	Rs. 10,973/-
12	NC-12	NUTRITIONAL Counselor-MTC	1. Master's/Bachelor's degree in Food & Nutrition/Home Science (Hons/Pass) 2. One year work experience in Health Sector/Relevant Field. 3. Basic Computer skills, especially those related to MS Office. 4. Good data management Skills. 5. Fluency in local langauage. Both writing & speaking. 6. Ability to work in a team & Preference will be given to the female candidate.	Rs. 13,643/-
13	FPC-13	RMNCH/FP	1. Graduate Degree in Social Work/Public administration/Psychology/Socialogy/Home Science/ Hospital & Health Mangement/ Rural Development From any recognized University or General Nursing and Midwifery (GNM) From Institute Recognized by INC. 2. Preference will be given to the condidates having higher qualification in the above mentioned stream. 3. I year work experience in Health Sector or as a counselor in relevant field. 4. excellent Interpersonal Communication Skills. 5. Fluency in Local Language both wirting and speaking. 6. Computer skills, MS Office package and datea management Skill. 7. Basic computer Skills, especially those related to MS Office. 8. Ability to work in a team . & Preference will be given to the female candidate.	Rs. 15,000/-
14	AYUSH- 14	AYUSH Pharmacist	1. **Ayurvedic Compounder:** Diploma in Ayurvedic pharmacy from govt. Recognised in institute. 2. **Unani Compounder:** Diploma in Unani Pharmacy from govt. Recognized institute 3. **Himeopathic Compounder**: Diploma in Homeopathic Pharmacy from govt. Recognised institute.	Rs. 10,000/-
15	PH-15	Pharmacist-RCH	1. Diploma in pharmacy from govt. Recognized in institute. Should have registered under. Jharkhand State Pharmacy Council. 2. Computer Proficiency (MS Office) & Internet.	Rs. 16,639/-
16	PHRBSK-16	Pharmacist (RBSK)		Rs. 11,550/-
17	PHRNTEP-17	Pharmacist (NTEP)		Rs. 15,000/-
18	PHRNUHM - 18	Pharmacist (NUHM)		Rs. 10,973/-
19	X-RAYT-19	X-ray tech- RCH	*Intermediate (10+2) with 2 years course in Diploma in Xray Technology/ Radiology form recognized Govt. Institution. *Minimum Two Year relevant experience of post Qualification.	Rs. 17, 642/-
20	STLS-20	Senior Tuberculosis Laboratory supervisor (STLS)	1. Graduate 2. Diploma in Mediacal Laboratory technology or equivalent from a govt recognized institution. 3. Permanent two wheeler driving license & should be able to drive two wheeler. 4. Certificate curse in computer operations (minimum two months) 5. Minimum on year experience in RNTCP	Rs. 21, 420/-
21	MTS – 21	MALARIA TECHNICAL SUPERVISOR (NVBDCP)	• Gradate preferably from biology stream and in case the candidate with desired qualification is not available a graduate with science in class XII shall be given preference. • Experience candidates in health related programme shall be given preference. Theecandidates should have a valid two wheeler driving license	Rs. 24,036/-
22	DPPM – 21	District PPM (Public Private Mix) Coordinator	**Essential Qualification/Requiremnets:** 1. Post Graduate Degree 2. One year Experience of working in the field of Communication /ACSM/Public Private Partnership/Health Projects/Programs. 1. Permanent two wheeler driving licence & should be able to drive two wheeler. **Preferable Qualification:** 1. Preference to those who have worked in RNTCP 2. Certificate/Diploma/Degree/Master holders in Social Sciences/Mass Media Communication/ Rural Development Advocacy/Partnership/ related field. 3. Basic knowledge of computer.	Rs. 17,392/-

305/RCH

ह0/-
असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,पलामू

ह0/-
उप विकास आयुक्त
पलामू

ह0/-
उपायुक्त
पलामू

PR 313199 District(23-24).D

जानलेवा फ्लोराइड की समस्या और बचाव

डा. राधेश्याम द्विवेदी

फ्लोराइड के उपयोग को प्रोमोट करनेवाले लोग इस प्रश्न का उत्तर नहीं देते कि जब हमारे टूथपेस्ट, माउथवॉश और अन्य हेल्थ प्रोटक्ट्स में फ्लोराइड होने के साथ ही पानी में प्राकृतिक रूप में भी सूक्ष्म मात्रा में फ्लोराइड होता है तो उसे पीने के पानी में अलग से मिलाए जाने की क्या जरूरत है? आज दुनिया भर में करोड़ों लोग अपने बाथरूम में ऐसे अनेक प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करते हैं जिनमें फ्लोराइड मिला होता है। भारत में हमें पानी के फ्लोरिडेशन को लेकर चिंतित होने की जरूरत नहीं है क्योंकि यहां पानी में फ्लोराइड नहीं मिलाया जाता। परन्तु पानी में प्राकृतिक फ्लोराइड की बहुत अधिक मात्रा होने के कारण भारत के 20 राज्यों में हजारों लोग हड्डी और दांतों के विकारों से ग्रस्त हैं। भारत में फ्लोराइड की अधिकतम मान्य मात्रा 1.2 फीसदी है और सरकार ने ऐसे क्षेत्रों में पानी से फ्लोराइड निकालने के लिए रिवर्स ऑस्मॉसिस प्लांट लगाए हैं। वर्ष 2014 तक 19 राज्यों की 14,132 बस्तियों में पानी में फ्लोराइड का स्तर सामान्य से अधिक देखा गया.सरकार ने वर्ष 2008-09 में नेशनल प्रोग्राम आफ प्रिवेन्सन एण्ड कन्टरोल आफ फलोरेसिस चलाया जिसे 2013-14 में नेशनल रुरल हेल्थ मिशन के आधीन कर दिया गया. इसने अभी तक 111 जिलों में फ्लोराइड के कारण होनेवाले फ्लोरोसिस के निदान, उपचार और रोकथाम के लिए कदम उठाए हैं।

■ **20 हजार की आबादी में 2500 लोग बीमार, 200 दिव्यांग :** ताजनगरी आगरा में आधा दर्जन- रौता की घड़ी, पट्टी, खेड़ा, पंचघई, रोहता, देवरी, जारनी गढ़ी और सेमरी ऐसे गांव हैं, जहां की 20 हजार की आबादी में ढाई हजार लोग बीमार हैं, जबकि दो सौ लोग दिव्यांग हो चुके हैं। बीमारों का घुटने में सूजन है और दिव्यांगों के पैर घुटने से मुड़ गए हैं। यह सब भूजल में प्रदूषण की वजह से हो रहा है। कोई जवानी में हुई बूढ़ी किसी का पैर हुआ टेढ़ा है। 35 साल की मीना देवी करीब 90 डिग्री झुककर घर से बाहर निकलती है। 15 साल की बेटी प्रीति का पैर टेढ़ा हो गया है। 32 साल के सुनील पांच साल से बेड पर लेटे हैं। उनका घुटना और कमर इस लायक नहीं बचा कि वह चल सकें। टायलेट भी दूसरों के सहारे जाते हैं। पास के पट्टी गांव में रहने वाले 19 साल के सुरेंद्र का घुटना खराब हो गया है, वह लड़खड़ा कर चलते हैं। ये जूता फैक्ट्री में

काम करते हैं। इसी गांव में 3 साल का चिंटू पैरों से दिव्यांग है। वह खड़ा नहीं हो पाता। मां भावना ने बताया- डेढ.साल पहले तक वह चल रहा था, लेकिन अब चलने से लाचार है। 17 साल के प्रेम का हाथ टेढ़ा हो गया है। उनके पिता गोरे लाल ने बताया- पूरा गांव दिव्यांगों का होता जा रहा है। डॉक्टर कहते हैं कि घर में आरओ लगवाओ। लेकिन मजदूरी करके इतना रुपया नहीं जुट पा रहा। एक अन्य खेड़ा गांव में 35 साल की ऊषा कहती हैं- न चल पाने की वजह से खुद को बूढ़ी महसूस करती हैं। बरौली अहीर मंडल में ऐसे एक दर्जन गांव हैं, जहां दिव्यांगता हर घर को अपने आगोश में ले रही है। डॉक्टरों के पास इलाज के लिए जाओ तो वो घर में आरओ लगवाने की बात कहते हैं। वह कहते हैं दवाई तभी असर करेगी, जब आरओ पानी पीएंगे। लेकिन मजदूरी में इतनी कमाई नहीं हो पाती है कि आरओ प्लांट लगवा सकें।

■ **बूढ़ा और दिव्यांग होने की वजह :** जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जीएसआइ) की रिपोर्ट के अनुसार- बरौली अहीर के गांवों के भू-जल में एक लीटर पानी में 6 से 7 मिलीग्राम (एमजीएल) फ्लोराइड है। जबकि मानव स्वास्थ्य के लिए पानी में फ्लोराइड की 1.5 एमजीएल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। पानी में फ्लोराइड ज्यादा होने से गठिया सहित हड्डी की कई बीमारियां हो जाती हैं। इसी वजह से लोग बूढ़े और दिव्यांग हो रहे हैं।

इस स्थिति का बड़ा कारण यहां से गुजरने वाली आगरा केनाल भी है, जिसमें पिछले काफी समय से निरंतर बिना शोधित किया हुआ गंदा पानी छोड़ा जा रहा है। इससे यहां का भूमिगत जल खराब हो चुका है। इस नहर में अनट्रीटेड इंडस्ट्रियल का गंदा पानी दिल्ली और हरियाणा से छोड़ा जा रहा है। यह अंडरग्राउंड वाटर रिसोर्स को जहरीला बना रहा है। गांवों में अमीरों ने अपने घर में आरओ लगावा लिए हैं। गांव के प्रधान राधे लाल के घर में आरओ लगा हुआ है। लेकिन मजदूर भूजल ही पीने को मजबूर हैं। राधेलाल का कहना है- गांवों की हालत लगातार बदतर होती जा रही है। गांव में कुछ लोगों ने अपने घर में आरओ लगवाया है। इन लोगों को हर 15-20 दिनों पर आरओ को खोलकर साफ करना पड़ता है। यह भूजल में काफी ज्यादा फ्लोराइड होने की वजह से है। जबकि ऐसे ही आरओ को शहरी क्षेत्र में साल में एक बार साफ कराना पड़ता है। ग्रामीणों को भूजल में फ्लोराइड के बारे में 10 साल पहले पता चला था। जब गांवों में दिव्यांगों की संख्या बढ़ने लगी तो भूगर्भजल विभाग ने भूमिगत जल की जांच की। ग्रामीण दयाल शरण कहते हैं- काफी प्रदर्शन और हंगामा करने के बाद जल निगम ने साल 2012 में इतनी बड़ी आबादी के लिए सिर्फ 2 गांव पट्टी और खेड़ा पंचगई में आरओ प्लांट लगाया। लेकिन यह भी डेढ़ साल में खराब हो गया। इसके बाद 100 से ज्यादा अधिकारियों और नेताओं को गांव की हालत बता चुके। पानी का कोई ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं।

■ **शादी में आ रही प्रॉब्लम :** ज्यादातर घरों में युवाओं के विकलांग होने की वजह से उनकी शादी में प्रॉब्लम आ रही है। ऐसे में युवाओं को दिव्यांग जीवनसाथी ही मिल रहे हैं। पंचगढ़ी गांव के दयालु ने बताया- दर्जनों ऐसे युवक-युवतियां हैं, जो रिश्ते का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन उनके सामान्य युवक-युवती शादी को तैयार नहीं हैं। भूगर्भ जल मंत्री एसपी सिंह बघेल ने बताया- जल निगम के अधिकारियों से इस मामले में बात करेंगे और पेयजल का समाधान निकालेंगे। रिवर कनेक्ट अभियान ने हाल ही में इन गांवों का सर्वे किया और सीडीओ नागेंद्र प्रताप सिंह को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। उन्होंने पेयजल सुधार की मांग की थी। अभियान से जुड़े बृज खंडेलवाल ने बताया- उनकी रिपोर्ट और ज्ञापन को सीडीओ ने रख लिया, लेकिन दिलचस्पी नहीं दिखाई। कई बार इस तरह ज्ञापन दिए जा चुके हैं। 20 हजार आबादी में गढ़ी पंचगई- 2500 दिव्यांगों की संख्या- 34, खेड़ा पंचगई- 2500 दिव्यांगों की संख्या- 30, पट्टी- 2000 दिव्यांगों की संख्या- 42 है।

■ **कुछ उपयोगी सुझाव :** भूमिगत पानी में पाए जाने वाले तत्त्वों की मात्रा जरूरत से ज्यादा हो जाए तो कई रोगों का खतरा हो सकता है। ऐसी समस्या के शिकार राजस्थान के कुछ हिस्से हैं। यहां पानी में फ्लोराइड की मात्रा इतनी अधिक है कि शरीर में विभिन्न प्रकार की विकृतियां पैदा हो रही हैं। पश्चिमी राजस्थान अधिक प्रभावित सामान्य तौर पर पीने योग्य पानी में फ्लोराइड की मात्रा एक से डेढ़ मिग्रा. प्रति लीटर तक हानिकारक नहीं होती है। पश्चिमी राजस्थान का रेगिस्तान वाला हिस्सा ही अधिक है, जो प्रकृति के प्रकोप को लगातार झेलता रहा है। यहां के अधिकांश गांवों में पीने के पानी में फ्लोराइड की मात्रा बहुत ज्यादा है। इससे दांत, आंत, रीढ़ की हड्डी व शरीर के सभी जोड़ों पर इसका दुष्प्रभाव दिखाई देने लगता है। दांतों में फ्लोराइड का जमाव 2-3 वर्ष के 50 प्रतिशत बच्चों में शुरू हो जाता है। इसी प्रकार 4-8 साल के बच्चों के खोखले दांत पूर्ण रूप से गिर जाते हैं। राजस्थान के जालोर, सांचोर, नागौर, चूरू, पाली के कई भागों में ऐसे मरीज बड़ी संख्या में देखे जा सकते हैं।

■ **जोड़ों का दर्द :** फ्लोराइडयुक्त पानी पीने से लोग जोड़ों के असहनीय दर्द के शिकार हो जाते हैं। इससे रीढ़ की हड्डी में फ्लोराइड जमना शुरू हो जाता है, जिसके फलस्वरूप व्यक्ति में आंशिक व पूर्णतया कूबड़ की आशंका रहती है।

■ **नसों में शिथिलता :** फ्लोराइड युक्त पानी पीते रहने के कारण रीढ़ की हड्डी में जमाव के कारण स्पाइनल कॉर्ड व इसकी नसों पर दबाव बढ़ने से हाथ-पैरों की नसों में शिथिलता आ जाती है व मरीज लकवे का शिकार हो जाता है व बाकी उम्र उसे बिस्तर पर गुजारने को मजबूर होना पड़ता है। आंतों में अल्सर, पुरुषों में नपुंसकता व महिलाओं में बार-बार गर्भपात होकर बांझपन का शिकार होने का कारण भी यही फ्लोराइड बनता है।

■ **बचाव ही उपाय :** इन बीमारियों से निजात पाने के लिए बचाव ही एकमात्र उपाय है। राजीव गांधी ड्रिंकिंग वाटर मिशन क्षेत्र के गांवों में फ्लोराइड रहित पानी पहुंचाने का कार्य कर रहा है। इनका मिशन गांव में बरसात के पानी को संग्रह कर उसे शुद्ध करके पीने योग्य बनाना है।

■ **फ्लोराइड से निजात:** फ्लोराइड युक्त पानी को शुद्ध करने के लिए आईआईटी कानपुर व यूनीसेफ द्वारा विकसित यंत्र जिसका खर्च मात्र 1500 रुपए है। इन्होंने गांव-गांव में उपलब्ध करवाकर इसकी उपयोगिता की जानकारी दी ताकि फ्लोराइड रहित पानी सर्वत्र उपलब्ध हो सके। जिन हैंडपंपों, कुओं या अन्य भूमिगत स्त्रोतों में फ्लोराइड की मात्रा अधिक है, उन्हें बंद कराकर पीने योग्य पानी की योजना बनाई जाए।

■ **पानी का संग्रह :** गांव के हर घर में बरसात के पानी का संग्रह करने के लिए हौद या टांका बनाया जाए और वर्षभर इसी पानी का प्रयोग किया जाए। सावधानी इस बात की रखने की आवश्यकता है कि इस जल को भी पूर्णतः शुद्ध रखा जाए। इसे कीड़े-मकोड़े और अन्य विषाणुओं व विषैले पदार्थों से बचाने के लिए उचित व्यवस्था की जानी चाहिए।

शल्यक्रिया की जरूरतः जो मरीज रीढ़ की हड्डी के टेढ़ेपन के कारण लकवे के शिकार हो जाते हैं, उनका एकमात्र उपचार सर्जरी है। सावधानी व सजगता से लोगों को कूबड़ और आंशिक विकलांगता से बचाया जा सकता है।

क्या मोटापा सिर्फ हंसने की चीज है?

क्षमा शर्मा

मोटी लड़कियां या औरतें सिर्फ हंसने की चीज नहीं हैं। टीवी, इंटरनेट, फिल्मों के प्रभाव में महानगर ही नहीं, छोटे शहरों और कस्बों तक की लड़कियां अपनी पसंदीदा हीरोइनों जैसी पतली दिखना चाहती हैं, जिनकी फिल्में लगातार हिट होती हैं, जिनकी खूबसूरती इसलिए है कि वे पतली हैं और इस पतले होने के कारण उनकी भारी मांग है। मीडिया भी रात-दिन इनके पतले होने के गुणगान में लगा रहता है। अच्छे फिगर का मतलब है पतला होना। अब पतला चाहे अपने स्वास्थ्य की कीमत पर ही हुआ जाए। पतला करने के तरह-तरह के नुस्खे मौजूद हैं। लड़कियों को हर हाल में इन्हें अपनाने और दुनिया की नजर में स्मार्ट बनने की सलाह दी जाती है। ऐसी छवियां समाज में बेहद लोकप्रिय बताई जाती हैं। एक तरफ वे लोग हैं, जिन्हें दो वक्त का खाना नसीब नहीं, एक तरफ वे हैं जो आकर्षक दिखने के लिए सब कुछ होते हुए भी भूखे मर रहे हैं। लड़कियां भूखे रह कर एनोरोक्सिया नाम की बीमारी का शिकार होकर दम तोड़ रही हैं।

एक निजी प्रकाशक ने बारहवीं कक्षा के लिए हेल्थ ऐंड फिजिकल एजूकेशन से संबंधित पुस्तक में महिला के शरीर को 36-24-36 के मानकों पर सर्वश्रेष्ठ बताया। इस पुस्तक पर चर्चा में जोर-शोर से सोशल मीडिया कूद पड़ा। जैसा कि अक्सर होता है, सोशल मीडिया के क्रांतिकारी अक्सर क्रांति से भी आगे की बात करते हैं। मानव संसाधन मंत्रालय ने भी महिलाओं को इस तरह परिभाषित करने को लैंगिक भेदभाव के अंतर्गत माना और पुस्तक की भर्त्सना की। प्रकाशक ने भी कहा कि वह इस पुस्तक को वापस ले रहा है। अब प्रकाशक के खिलाफ मुकदमा भी हो गया है। कहीं तो इस तरह के भेदभाव और महिलाओं को उनके शरीर के कारण परिभाषित करने की आलोचना हुई! वरना विज्ञापनों, फिल्मों, धारावाहिकों में आजकल कैसी महिलाएं नजर आती हैं! सबकी सब पतली दिखने के लिए कुछ भी करने को तैयार रहती हैं। उन्हें वैसा ही बनने के लिए प्रेरित किया जाता है।

करीना कपूर जब जीरो फिगर बनाती हैं, तो सब उनकी वाहवाही करते हैं। प्रकारांतर से बताया जाता है कि मोटी लड़कियों की ग्लैमर वर्ल्ड में कोई जगह नहीं है। अगर है भी तो टुनटुन, गुड्डी मारुति की तरह, इसलिए कि उनके मोटापे पर हंसा जा सके और उनकी हरकतों को मूर्ख औरतों की हरकत बताया जा सके। पतली तन्वंगी औरत, स्मार्टनेस की पहचान है। विवाह से लेकर नौकरी के बाजार तक उसकी भारी मांग है। एक बार मशहूर अभिनेत्री रेखा ने कहा था कि अगर वे एक रोटी भी खाती हैं तो उनका वजन बढ़ने लगता है। यानी चाहे जितना कमाओ, भूखे रहकर हमेशा छरहरी दिखना है, प्रोडयूसर, डायरेक्टर और हीरो की नजर में बने रहना है। फिर दर्शकों की कामनाएं जगाने के लिए अगर अच्छा फिगर चाहिए तो भूखों मरना ही पड़ेगा। बहुत-सी स्त्रियां अपने आकर्षक दिखने की खूब तारीफ भी करती पाई जाती हैं। पतला माने सेक्सी। एक बार करिश्मा कपूर ने कहा था कि अगर लोग उन्हें सेक्सी कहते हैं तो उन्हें बहुत गर्व होता है। पतली और सेक्सी दिखने-कहलाए जाने की यह सौगात फिल्मी दुनिया से होते हुए साधारण लड़की तक भी जा पहुंची है। महानगरों से लेकर छोटे शहरों, कस्बों, गांवों तक में लड़कियों की बुद्धिमानी को कोई नहीं पूछता, वे कैसी दिखती हैं इसी पर जोर अधिक है। अफसोस कि इन छवियों का कोई पुख्ता विरोध होता नजर नहीं आता। जितनी सौंदर्य प्रतियोगिताएं होती हैं क्या मानव संसाधन मंत्रालय ने उनके मानकों पर गौर किया है। क्या किसी मोटी लड़की तो दूर, गठीले बदन वाली

लड़की को भी आज तक किसी ने मिस इंडिया, मिस वर्ल्ड या मिस यूनीवर्स बनते देखा है। इन प्रतियोगिताओं की सच्चाई जाननी हो तो इरा त्रिवेदी की किताब- इस ताज के हीरे चुभते हैं- को पढ़ा जा सकता है। मोटी लड़कियों और महिलाओं को किस घटिया नजर से देखा जाता है। एक किताब तो आपकी नजर में आ गई। प्रकाशक ने उसे बाजार से हटा भी लिया, मगर युवाओं के मन में फिल्मी दुनिया या विज्ञापनों और धारावाहिकों की दुनिया लड़कियों की जो छवि बनाती है, उसे मजबूत करती है, उसे कैसे रोकेंगे। ये छवियां तो रात-दिन हमारे मन में छाई रहती हैं।

क्या ग्लैमर वर्ल्ड में औरतों की ऐसी छवि को पेश करना जायज है। क्या ये लैंगिक भेदभाव से परे हैं। सोनाक्षी सिन्हा और सोनम कपूर ने एक बार कहा था कि फिल्म इंडस्ट्री में आने से पहले वे तो नब्बे किलो की थीं। इतने वजन के साथ फिल्मों में उन्हें कौन काम देता। परिणीति चोपड़ा ने अभी अपना वजन बहुत घटाया है और उनके इंटरव्यू कुछ इस तरह छापे जा रहे हैं कि अब उन्हें काम मिलना बहुत आसान होगा। अभिनय के लिए अभिनय प्रतिभा नहीं, छत्तीस-चौबीस-छत्तीस से भी आगे का फिगर चाहिए। मजेदार है कि औरतों पर तो इस तरह कामुक दिखने की छवि हावी कर दी जाती है, मगर पुरुषों पर ऐसा शायद ही कोई मानक लागू होता हो। सोशल मीडिया के वीर इन बातों पर आखिर क्यों चुप रहते हैं। या कि यह मान लिया गया है कि ग्लैमर की दुनिया के लिए सब जायज है और किताब के लिए ही सब कुछ गलत है। आखिर इस लैंगिक भेदभाव को कैसे रोका जाएगा। सच तो यह है कि स्त्रियों के इस तरह के शरीर को दिखाने और बनाने में तरह-तरह के व्यापार भी जुड़े हैं।

आधुनिक जीवनशैली बांट रही हैं बीमारियां

मनीषा सिंह

हम जिस आधुनिक जीवनशैली पर इतना इतरा रहे हैं, उसके बारे में एक सच यह है कि उसने पूरे समाज को आरामतलब बना दिया है। संक्रमण से होने वाली बीमारियों से कहीं ज्यादा लोग जीवनशैली की वजह से पैदा हुई बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। देह को श्रम से दूर करने की हर कोशिश दिल, फेफड़े, मधुमेह, अवसाद और मोटापे जैसी बीमारियों के रूप में सामने आ रही है। दुर्भाग्य यह है कि लोग बिना यह जाने अपनी आधुनिक जीवनशैली का जश्न मना रहे हैं कि वह कितनी घातक है। कुल मिलाकर दुनिया में होने वाली पचास लाख मौतों को इस किस्म की निष्क्रिय जीवनशैली से जोड़ा जा सकता है। ब्रिटेन की एक संस्था 'ब्रिटिश हार्ट फाउंडेशन' ने अपने एक अध्ययन में पाया कि वहां दो करोड़ से ज्यादा लोग शारीरिक श्रम नहीं करते, जिसके फलस्वरूप दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। नए किस्म की जीवनशैली इसके लिए जिम्मेदार है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में शारीरिक श्रम न करने पर बीमारियां बढ़ने की आशंका ज्यादा रहती है।

पिछले दिनों एक रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय महिलाओं के लिए मोटापा एक लाइलाज समस्या बनता जा रहा है। गांवों में खेतिहर और शहरों में मजदूर महिलाओं के लिए खानपान संबंधी हालात अब भी ज्यादा नहीं बदले हैं, इसलिए उन्हें मोटापे की चिंता से नहीं निपटना है, बल्कि वे कमजोर और दुबली हैं। मोटापे की समस्या मध्यवर्गीय परिवारों में तेजी से बढ़ रही है। पहले किशोरियां अपने घर के आसपास बैडमिंटन जैसे शहरी और शारीरिक व्यायाम को अनिवार्य बनाने वाले कुछ देहाती खेल खेला करती थीं और उनका खानपान भी ऐसा सुपाच्य था, जो शरीर की चर्बी को संतुलित रखता था। लेकिन अब शारीरिक परिश्रम को लगभग खत्म करने वाली उनकी दिनचर्या ने मोटापे को उनके लिए भी समस्या बना दिया है। शहरी लड़कियों की तरह ग्रामीण-कस्बाई स्त्रियों के जीवन में भी टीवी ने घुसपैठ कर ली है, जिसने घर के बाहर की उनकी गतिविधियों पर विराम लगा दिया है। लेकिन उनकी शारीरिक श्रम वाली गतिविधियां कम करने वाला यह चलन उनके आलस्य या टीवी देखने के शौक के कारण ही कायम नहीं हुआ है, इसकी एक बड़ी वजह असुरक्षा का माहौल भी है।

बदलती जीवनशैली का एक प्रभाव हमारे खानपान पर

भी हुआ है। शहरों में ही नहीं, छोटे-छोटे कस्बों तक में पिज्जा-चिप्स-बर्गर जैसे खानपान तेजी से प्रचलन में आए हैं । खानपान में हुई तब्दीली से महिलाओं में जो मोटापा बढ़ रहा है, उसकी कुछ प्राकृतिक वजहें भी है। महिला और पुरुष शरीर की बनावट में कुछ बुनियादी फर्क होते हैं और हार्मोंस भी इसके लिए जिम्मेदार होते हैं। पुरुषों के शरीर में ज्यादा बड़ी मांसपेशियां होती हैं और उनके दिल और फेफड़ों की क्षमता भी ज्यादा होती है। इसके अलावा पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के शरीर के जिन हिस्सों, जैसे कि कमर पर ज्यादा चर्बी जमा होती है, वहां से चर्बी मुश्किल से हटती है। प्रकृति ने महिलाओं के शरीर पर चर्बी जमा करने की जो व्यवस्था बनाई, तो इसके स्वाभाविक कारण रहे हैं। इसकी एक बड़ी वजह यह रही है कि मानव समाज हमेशा से पुरुष प्रधान रहा है। ऐसे में जब भी कठिनाई आई तो सबसे ज्यादा समस्या महिलाओं के लिए पैदा हुई। इन हालात में जब भोजन मुश्किल से मिलता था, जो हासिल किए गए भोजन का सबसे कम हिस्सा महिलाओं को दिया जाता था। आज भी हमारे समाज में यह मान्यता बड़े तबके में प्रचलित है कि घर के सभी सदस्यों के भोजन कर लेने के बाद बचा-खुचा खाना ही महिलाओं को उपलब्ध होता है। कभी वह भोजन आवश्यकता से काफी कम होता है तो कभी बहुत ज्यादा। दोनों ही स्थितियों से महिलाओं को निपटना पड़ता है। कम भोजन लेने की स्थिति में स्त्री का शरीर ऊर्जा बनाए रखने के मकसद से चर्बी को पिघलाने लगता है। अधिक भोजन लेने पर वह शरीर पर तुरंत चर्बी जमाने लगता है। असल में प्रकृति ने महिलाओं के शरीर में ऐसा इंतजाम किया कि जब भोजन उपलब्ध हो तो महिलाओं का शरीर ज्यादा चर्बी जमा कर ले, ताकि वह बुरे वक्त में काम आए। गर्भाशय की सुरक्षा के लिए भी अतिरिक्त चर्बी की परत जरूरी होती है। गर्भाशय और शिशु के स्तनपान के लिए अतिरिक्त ऊर्जा की जरूरत होती है, शरीर उसका भी इंतजाम करके रखता है, ताकि जरूरी पोषण न मिलने पर भी काम चल सके। महिलाओं के खानपान का एक पेच यह भी है कि उन्हें जो भोजन नसीब होता है- अक्सर वह वसा बढ़ाने वाला होता है। इसकी वजह यह है कि वसा वाले भोजन अपेक्षाकृत सस्ते होते हैं और उनमें स्वाद भी ज्यादा मिलता है। स्त्रियों को खुद को स्वस्थ-छरहरा बनाए रखने के लिए पुरुषों के मुकाबले ज्यादा परिश्रम या व्यायाम करने की जरूरत पड़ती है। अमेरिका की मिसुरी यूनिर्विसटी के वैज्ञानिकों ने एक शोध में पाया कि समान रूप से वजन घटाने और फिटनेस पाने के लिए पुरुषों को जितना व्यायाम करना पड़ता है, महिलाओं को उससे लगभग एक तिहाई ज्यादा व्यायाम करने की जरूरत होती है। यही नहीं, पुरुषों का सिर्फ व्यायाम करने से काम चल जाता है, जबकि महिलाओं को इसके अलावा अपने भोजन पर भी कठोर नियंत्रण करना पड़ता है।

स्पीड न्यूज

अब जम्मू-कश्मीर का होगा विकास : कुणाल

जमशेदपुर। सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने की प्रक्रिया को सही करार दिया है। इस ऐतिहासिक फैसले का भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने स्वागत किया। साथ ही कहा कि इससे अब राज्य का विकास तेज होगा। सोमवार को फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने माना कि अनुच्छेद 370 एक अस्थायी प्रावधान था। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद जम्मू-कश्मीर के लोगों को वो अधिकार मिला है, जिससे वह वंचित थे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने न केवल एक नया अध्याय लिखा है बल्कि 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना के साथ एकता और अखंडता को भी नई मजबूती दी है।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य : गुंजन

जमशेदपुर। भाजपा ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर को देश की मुख्य धारा में जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण एवं वोटबैंक की राजनीति की पोषक कांग्रेस ने धारा 370 हटाने का आखिरी दम तक विरोध किया। जिस लालचौक पर कभी तिरंगा लहराना मुश्किल होता था, आज वहां न सिर्फ शान से तिरंगा लहरा रहा है बल्कि सभी धर्म के प्रमुख त्यौहारों पर वहां उत्सव सा माहौल है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा संपन्न

टंडवा (चतरा)। प्रखंड अंतर्गत पदमपुर पंचायत भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, जिला विधायक प्रतिनिधि अक्षयवट पांडेय, टंडवा बीपीओ सुबोध पासवान व भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी वी स्थानीय मुखिया के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर विधिवत शुरुआत की गयी। इसी प्रकार राहम में भी इस कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला उपाध्यक्ष विजय चौबे, संयोजक मिथलेश गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल व बीपीओ सुबोध पासवान के द्वारा संयुक्त रूप में किया गया।

25 लोगोंने किया रक्तदान

कुंदा। रेड क्रॉस सोसाइटी चतरा और रक्तमित्र कुंदा के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को कुंदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 25 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में एक ही परिवार के चार सदस्यों ने रक्त दान किया। शिविर में उपस्थित रक्तदाताओं तथा आम जनता को संबोधित करते हुए रेड क्रॉस के सचिव धर्मेंद्र पाठक ने कहा कि रक्तदान महादान है।

सीएम आमंत्रण फुटबॉल

गिद्धौर। प्रखंड के अंतर्गत गांगपुर में स्थित फुटबॉल मैदान में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल मैच का आयोजन सोमवार को किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड प्रमुख अनीता यादव उप प्रमुख प्रीतम यादव 20 सूत्री अध्यक्ष विनोद पासवान सभी मुखियाओं एवं प्रखंड के अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। फुटबॉल मैच का शुरुआत प्रमुख ने किक मारकर की।

दो प्राचार्य सम्मानित

कोडरमा। मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार को शिक्षायान राष्ट्रीय सम्मान 2023-24 सत्र के लिए उनकी सेवाओं व शिक्षा के क्षेत्र में 22 वर्षों के लिए किये गए उत्कृष्ट परिवर्तन के लिए सम्मानित किया। वहीं **सेक्रेड हार्ट स्कूल** के प्राचार्य प्रमोद शर्मा को भी शिक्षायान राष्ट्रीय सम्मान 2023-24 सत्र के लिए उनकी उत्कृष्टतम सेवाओं व शिक्षा के क्षेत्र में 22 वर्षों के लिए किये गए उत्कृष्ट परिवर्तन के लिए सम्मानित किया गया। आर्यावर्त सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स और नालंदा सहोदया क्लस्टर के सामरिक सहयोग से होटल चाणक्य पटना में प्रिंसिपल सेक्रेटरी एन विजयलक्ष्मी की उपस्थिती में पदमश्री कपिल देव प्रसाद द्वारा शॉल ओढ़ाकर तथा सिक्किम, मेघालय और मणिपुर के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

देश के विकास में ज्ञान और व्यवसाय आधारित अर्थव्यवस्था बेहद जरूरी : डॉ सीके असनानी

धूमधाम से मना एनएमएल का 74वां गौरवशाली स्थापना दिवस

खबर मन्त्र ब्यूरो

समारोह में अतिथियों संग पुरस्कार विजेता।

समारोह को संबोधित करते सीएमडी डॉ सीके असनानी।

कार्यक्रम में उपस्थित वैज्ञानिक व कर्मचारी।

जमशेदपुर। सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल) ने 11 दिसंबर, 2023 को अपना 74वां स्थापना दिवस मनाया। मुख्य समारोह की शुरुआत मंच पर मौजूद गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुई। सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ एनसी मुर्मू ने स्वागत भाषण दिया और अपनी स्थापना वर्ष 1950 से देश के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विकास में सीएसआईआर-एनएमएल के योगदान के बारे में बात की। सीएसआईआर-एनएमएल के पूर्व निदेशक डॉ इंद्रनील चट्टोराज इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने भाषण में, उन्होंने सीएसआईआर-एनएमएल और खनिज, धातु और सामग्री के क्षेत्र में पिछले 74 वर्षों के ऐतिहासिक नवाचारों की विरासत को याद किया। डॉ रामानुज नारायण (निदेशक, सीएसआईआर-आईएमएमटी, भुवनेश्वर) ने देश में विशेष रूप से महत्वपूर्ण धातुओं के क्षेत्र में एनएमएल के वैज्ञानिक योगदान को याद दिलाया। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि सीएसआईआर-एनएमएल हमेशा अग्रणी रहा है और समय-समय पर देश की सेवा में अपनी वैज्ञानिक कुशलता साबित करता रहा है। इस अवसर पर यूरेनियम कॉर्पोरेशन अफ इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ. सीके असनानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ असनानी ने 'स्थायी आर्थिक विकास पर नवाचार-संचालित रणनीति के प्रभाव' विषय पर बात की। इसके अलावा, उन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी, व्यवसाय मडल, टिकाऊ उद्यम, औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन और उपयोग, सुरक्षा और व्यावसायिक स्वास्थ्य आदि विभिन्न क्षेत्रों के बारे में बात की। अपने भाषण में, उन्होंने किसी भी देश के समग्र विकास की भूमिका में व्यावसायिक अर्थशास्त्र, विशेष रूप से ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्थाओं और उनके सर्वोपरि महत्व के बारे में प्रकाश डाला। इस अवसर पर सीएसआईआर-एनएमएल ने कर्मचारियों के साथ-साथ कर्मचारियों के बच्चों को कुछ पुरस्कार प्रदान किए।

डॉ मनीष झा एंड टीम को मिला प्रो वीए अल्टेकर पुरस्कार

इस वर्ष प्रोफेसर वी ए अल्टेकर पुरस्कार पाने वालों में डॉ मनीष कुमार झा, डी. झुमकी हैत, डॉ रंजीत कुमार सिंह, डॉ पंकज कुमार चौबे, डॉ रेखा पांडा, ओम शंकर दिनकर और रुखशाना परवीन शामिल हैं।

डॉ स्नेहाशीष त्रिपाठी एंड टीम को मिला डॉ बीआर निझावन पुरस्कार

डॉ बी आर निझावन पुरस्कार डॉ स्नेहाशीष त्रिपाठी, डॉ संदीप घोष चौधरी, विकाश कुमार साहू, पीएस मनोरंजन जेना, डॉ एस तरफदार को बल्क नैनो-पर्लाइटिक स्टील्स और आगामी यांत्रिक गुणों के लिए मिश्र धातु डिजाइन मानदंड में स्थानीय संतुलन के महत्व पर उनके पेपर के लिए दिया गया। सर्वोत्तम इन-हाउस प्रोजेक्ट के लिए प्रोफेसर शीलभद्र बनर्जी पुरस्कार डॉ एसके झा, डॉ गोपी किशोर मंडल एवं महेश गुलाब वालुंज को प्रदान किया गया।

इन्हें मिला प्रो पी रामचंद्र राव पुरस्कार : सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी के लिए प्रो पी रामचन्द्र राव पुरस्कार तकनीकी श्रेणी में रामचन्द्र महतो, सीनियर टीओ-शैलेन्द्र कुमार, सीनियर टीओ और गैरतकनीकी श्रेणी में अजय तिर्की, एसओ (जी) व एवं श्री सलीम अंसारी, एसएसए (जी), को प्रदान किया गया। धन्यवाद ज्ञापन आदित्य मैनक, द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ।

सांसद धीरज साहू बड़े व्यवसायी हैं, उनके पास इतने पैसे मिलना बड़ी बात नहीं : चंपई

मंत्री ने कहा, कारोबार से जुड़े उनके पैसे एजेंसी द्वारा जब्त किये जा रहे हैं, इसकी जांच चल रही है जिसमें साफ हो जायेगा

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

यशपुर पंचायत में एक बुर्जुग महिला को कंबल देते मंत्री चपई सोरेन।

गम्हरिया। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू एक बड़े व्यवसाय हैं, उनके पास इतने पैसे मिलना बड़ी बात नही है। कारोबार से जुड़े उनके पैसे एजेंसी द्वारा जब्त किए जा रहे हैं।

इसकी जांच चल रही है जिसमें साफ हो जाएगा। उपरोक्तबातें राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के दौरान कही। वे सोमवार को गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत यशपुर पंचायत में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। इस मौके पर आयोजित शिविर का मंत्री चंपई सोरेन द्वारा दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि झारखंड पूरे देश का इकलौता राज्य है, जहां की सरकार खुद चलकर गांव से लेकर शहर तक आम जनमानस के बीच पहुंच रही है। सरकार के सभी लोक कल्याणकारी योजना का लाभ देने आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का शुरूआत किया गया है। उन्होंने कहा कि युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है कि गांव के लोग योजना का लाभ लेने, जिला मुख्यालय तक आने में असमर्थ हैं। ऐसे में सरकार खुद उनके पास चलकर आ रही है और योजनाओं का लाभ दिला रही है। मंत्री ने पूर्व के भाजपा सरकार पर निशान साधते हुए कहा कि 20 साल तक झारखंड में राज्य करने वाले भाजपा सरकार ने लोगों को ठगने का काम किया। डबल इंजन की सरकार के नाम पर लोगों को विकास से दूर रखा गया।

जिसका नतीजा रहा कि लोगों ने डबल इंजन सरकार को ही सीज कर दिया। कहा कि पूर्व की सरकार ने 11 लाख से भी अधिक राशन कार्ड को रद्द कर गरीबों का निवाला भी छीन लिया। इस मौके पर चंपई सोरेन ने लाभुकों के बीच कल्याणकारी सरकारी योजनाओं का लाभ और परिसंपत्तियों का भी वितरण किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों के बीच लैमिनेटेड जाति प्रमाण पत्र का वितरण, छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल क्रय के लिए प्रतीकात्मक चेक का वितरण, डीबीटी के तहत राशि का वितरण, स्वयं सहायता समूह व क्लस्टर सदस्यों के बीच आईडी कार्ड का वितरण, धोतीध्साड़ीध्लुंगी का वितरण व कंबल का वितरण भी किया गया। इसके अलावा शिविर में अन-द-स्पट कई शिकायतों का निवारण किया गया।

इसके अलावा सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, आधार कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, श्रमाधान पोर्टल पर प्रवासी श्रमिकों का पंजीकरण विभिन्न स्तरों के माध्यम से किया गया। इस मौके पर उपायुक्त रविशंकर शुक्ला, एडीसी सुबोध कुमार, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सीके गोराई, मंत्री के निजी सहायक चंचल गोस्वामी समेत सभी विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारी व स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

किसी की आंखों की रोशनी लौटाने का काम सबसे बड़ा पुण्य : डॉ आरएन शर्मा

आर्य समाज ट्रस्ट ने किया नेत्र शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सेवा का यह कार्य अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचाने वाला है, वो लोग जो किसी भी कारण से आज अपने जीवन के सबसे अनमोल चीज आंखों की रौशनी के अभाव में एक लाचार जीवन व्यतीत करने को विवश है, ऐसे में उनके जीवन में फिर से आंखों की रौशनी को वापस लाना, जीवन की सबसे बड़ी खुशी देने वाला काम है और यह पिछले लगातार तीन दशकों से चल रहा है। उक्त विचार समाजसेवी व जमशेदपुर आर्य समाज ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ आर एन शर्मा ने राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में जमशेदपुर आर्य समाज ट्रस्ट के संयोजन में आयोजित नेत्र शिविर के अपरेशन सत्र का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन करते हुए व्यक्त किया। उद्घाटन के अवसर पर ट्रस्टी देवेन्द्र चतरथ, संजीव, विनोद अरोड़ा के साथ रेड क्रस सोसाईटी के विजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्जवलित किया।

मुख्यमंत्री ने बोकारो के सोनाबाद में लाभुकों के बीच किया 321 करोड़ की परिसंपत्ति का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रदेश के मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन बोकारो जिले के चास प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोनाबाद में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इससे पूर्व बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम सोनाबाद में बने अस्थाई हेलीपैड पर डीसी कुलदीप चौधरी एवं एसपी प्रियदर्शी आलोक के द्वारा मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात पुलिस के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मुख्यमंत्री श्री सोरेन के कर कमलों द्वारा जिले के विभिन्न विभागों के कुल 168 करोड़ 21 लाख 88 हजार रुपये की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया एवं लाभुकों के बीच 321 करोड़ 56 लाख 79 हजार रुपये की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। अपने संबोधन में श्री सोरेन ने भाजपा पर जोरदार हमला बोलते हुए झारखंड सरकार को गरीबों की हितैषी बताते हुए सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने की प्रतिबद्धता प्रकट की। उन्होंने कहा कि बेटियां अब बोझ नहीं रहेंगी। उनके सर्वांगिन व समुचित विकास के लिए सरकार पूरी तरह कटिबद्ध है।कार्यक्रम में मंत्री बेबी देवी एवं सत्यानंद भोक्ता सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

हैप्पी स्ट्रीट में बच्चों ने किया प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन

बोकारो। बोकारो में लोगों का स्वस्थ और खुशहाल जीवन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बीएसएल के सहयोग से आयोजित हैप्पी स्ट्रीट का शुभारंभ डी आई अतिरिक्त प्रभार अतनु भौमिक बोकारो विधायक बिरंची नारायण उपायुक्त कुलदीप चौधरी सहित अन्य गणमान्य जनों ने किया। बोकारो मॉल के सामने से लेकर सेक्टर 4 गांधी चौक तक हैप्पी स्ट्रीट में डीपीएस बोकारो चिन्मय विद्यालय जीजीपीएस एआरएस पब्लिक स्कूल केन्द्रीय विद्यालय 1 सहित विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने झारखंड के पारंपरिक नृत्य योग संगीत, पेंटिंग, कसरत जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए अपनी प्रतिभा का खुलकर प्रदर्शन किया। डीपीएस बोकारो के सेल्फी प्वाइंट में प्रभारी डीआई विधायक व डीसी सहित कई लोगों ने अपनी तस्वीरें खिंचवाई। संत जेवियर्स के भूतपूर्व विद्यार्थियों की संस्था बोक्सा रोटरी मिडटाउन कपल्स सहित विभिन्न गैर सरकारी संस्थानों की ओर से भी स्टॉल लगाए गए। उक्त अतिथियों के अलावा आम लोगों ने भी पेंटिंग हस्ताक्षर नृत्य संगीत का आनंद लिया। बोक्सा के कैम्प में बीएस पोपीली कुमार अमरदीप अमित जौहर शशिभूषण शिव अग्रवाल आदि शामिल हुए।

खेल को बढ़ावा देना राज्य सरकार की प्राथमिकता

जमशेदपुर। खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के द्वारा पोटका प्रखंड मैदान में आयोजित सीएमआमंत्रण फुटबल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। पहले दिन 17 पंचायत की टीम ने भाग लिया, जिसमे सेमीफाईनल में चाकड़ी पंचायत की टीम ने जानमडीह पंचायत को हराकर फाईनल मे प्रवेश किया। मुख्य अतिथि के रूप मे पोटका के विधायक संजीव सरदार उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार खेल एवं खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिये लगातार काम कर रही है, जिसके तहत लगातार खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कर खिलाड़ियों को प्रत्याहित करने का काम किया जा रहा है।

1971 के युद्धवीरों के सम्मान में निकाली जायेगी पराक्रम यात्रा

17 दिसंबर के लिए पूर्व सैनिक परिषद् तैयारी में जुटा

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जमशेदपुर की बैनर तले 'वीर सम्मान समारोह' 17 दिसंबर को वीरों के सम्मान में पराक्रम यात्रा निकाल विजय दिवस मनाई जायेगी। यह जानकारी परिषद के जिला अध्यक्ष विनय यादव एवं महामंत्री जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में आयोजित बैठक में दी गई। पराक्रम यात्रा शहीद स्थल गोलमुरी से शुरू होकर आर डी टाटा तकनीकी संस्थान से होते हुए बजरंग मंदिर, गोलमुरी तक निकाली जाएगी जिसमें सैकड़ों पूर्व सैनिक, युवा और शहरवासी 1971 की जीत का जश्न मनाने एवं वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु एकत्रित होंगे। संगठन के वरिष्ठ सदस्य जसवीर सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सैन्य सम्मान और सैन्य कल्याण के साथ युवा तरुणाई में युद्ध इतिहास की जानकारी देकर राष्ट्रप्रेम के ज्वार को प्रवाहित करना ही अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर का उद्देश्य है।

खबर एक नजर में

आचार्य रजनीश का 92वां जन्मदिन मनाया गया

जमशेदपुर। आचार्य रजनीश ओशो के 92 वां जन्मदिन के उपलक्ष पर ओशोधारा बिष्टुपुर केंद्र में सत्संग एवं ध्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत केक कटिंग एवं सेलिब्रेशन के साथ की गई। कार्यक्रम में स्वामी अजय जी, आचार्य सुशील दुबे जी, आचार्य मनोज महापात्रा जी, मां पूजा एवं अन्य सन्यासी मित्र मौजूद थे। कार्यक्रम में स्वामी अजय जी ने ओशो की देशना 'जोरबा दि बुद्धा' पर अपने विचार व्यक्त किए।

विजया गार्डेन चित्रांश परिवार के पिकनिक में हेल्थ अवेयरनेस से संबंधित क्विज भी होंगे

जमशेदपुर। बारीडीह स्थित 'विजया गार्डेन चित्रांश परिवार' 17 दिसंबर को सिलवर सेंड रिर्सोट बृंदावन, एनएच-33 में पिकनिक का आयोजन करने जा रही है। जिसमें लोगों को हेल्थ अवेयरनेस से संबंधित क्विज आयोजन किया जायेगा। क्विज का उद्देश्य स्वास्थ्य संबंधित विकट परिस्थितियों से कैसे निपटा जाये भी रहेगा। प्रस्तावित पिकनिक की बैठक में मुख्य रूप से आर के वर्मा, एन एन वासुदेवा, किशोर श्रीवास्तव, नवीन वर्मा, डॉ विभूति शरण, नीरज शरण, अजित दास, रितेश सिन्हा, अजित वर्मा एवं अन्य सदस्य उपलब्ध रहे और कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिया। मिडिया सचिव नवीन वर्मा ने बताया कि पिकनिक में सुबह के नास्ता के बाद खेल-कूद का आयोजन किया जायेगा, जिसमें मुख्य रूप से गली क्रिकेट, बैडमिंटन, डांसिंग चेयर, फिसिंग बटल, रनिंग व अन्य खेलों का आयोजन होगा.पिकनिक में तरह-तरह के लजीज व्यंजन उपलब्ध रहेंगे, जिसका सभी आनंद उठायेंगे। साथ ही स्वास्थ्य को कैसे बेहतर रखा जाये उस पर चर्चा की जायेगी। विजया गार्डेन चित्रांश परिवार के बच्चों को पढ़ाई को और बेहतर करने एवं उचित मार्गदर्शन प्रदान करने के लिये हर 4 बच्चों पर एक मेंटर की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। साथ ही हर ब्लक एवं फेज में चित्रांश परिवार के ही कुछ डाक्टर एवं वोलेंटियर अपनी स्वेच्छा से नियुक्त होंगे, जो परिवार के सदस्यों के अचानक तबीयत बिगड़ने पर तत्काल उपलब्ध होंगे और उनका उपचार करेंगे। साथ ही उनके परिवार वालों को उचित दिशा-निर्देश देंगे कि बीमार व्यक्ति को जल्द उपचार के लिए कहां ले जाना उचित रहेगा।

आनंद मार्ग ने कराया मरीजों का ऑपरेशन

जमशेदपुर। आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल, सृजन योग साधना एवं पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से पिछले दिनों मोतियाबिंद जांच शिविर में चयनित 15 मोतियाबिंद रोगियों का अपरेशन कर सोमवार को मोतियाबिंद अपरेशन कर निशुल्क लेंस लगाया गया। पूर्णिमा नेत्रालय, आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं सृजन योग साधना के सहयोग से 80 लोगों का आंखों का जांच हुआ था। 15 मोतियाबिंद रोगियों का निशुल्क ऑपरेशन कर लेंस लगाया गया, दवा व चश्मा देकर सभी को घर पहुंचाया गया। लोगों के बीच 200 फलदार पौधे का वितरण भी किया गया।

जादूगोड़ा पुलिस प्रशिक्षण केंद्र से सासपुर तक बनेगी सड़क

जादूगोड़ा। घाटशिला विधायक राम दास सोरेन ने सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में दो योजनाओं का शिलान्यास किया। अन्य दो योजनाओ का शिलान्यास बाद में की जाएगी। जिस पर कुल 5 करोड़ 60 लाख खर्च होगे। पहला शिलान्यास जादूगोड़ा पुलिस प्रशिक्षण केंद्र से सासपूर फाटक नंबर 2 तक की गई। यह पीसीसी सड़क मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से बननी है। जिसका क्षेत्र के विधायक रामदास सोरेन ने नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। यह सड़क 275 किलोमीटर लंबी है। दूसरी सड़क पूर्णा पानी से घाघरा डीह (कैनाल, मऊभंडार) तक बनेगी। इस बाबत झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता बाघराय मार्डी ने कहा की कुल चार योजनाओं की स्वीति मिली है। जिसकी लागत पाच करोड़ 60 लाख है। सभी योजनाएं मुख्यमंत्री सड़क योजना व राज्य संपोषित योजना से कार्य होना है।इस मौके पर घाटशिला विधायक राम दास सोरेन, प्रधान सोरेन,पूर्व जिला परिषद बाघराय मार्डी, बबी मार्डी वही भाजपा की ओर से दिलीप पुराण, वरुण सिंह, नंद लाल गुप्ता रोहित राकेश समेत काफी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित थे।

इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन की छात्राओं ने देखा लाइव प्रसारण

जमशेदपुर। इंस्टीटयूट फॉर एजुकेशन कॉलेज में भारत सरकार द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार सोमवार को विकसित भारत ऐट 2047 कार्यक्रम को का प्रसारण को देखा गया। यह प्रसारण सभी सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में लिंक द्वारा किया गया था जिसमें 2047 तक भारत देश को विकसित देश बनाने की चर्चा है और इसमें युवाओं का सहयोग आवश्यक है। युवा पीढ़ी ही इस कार्य को सुचारू रूप से कर सकेगी। भारत सरकार ने लाइव प्रसारण के पश्चात इसके साथ प्रत्येक संस्थान को अपने विचार देने के लिए आमंत्रित किया है जिसमें अच्छे 10 विचारों को पुरस्कृत किया जाएगा। भारत सरकार ने अपेक्षा की है कि विकसित भारत के इस उद्देश्य को पूरा करने में युवा प्रण लें कि अपने कर्तव्य को पूरा करने में वे वचनबद्ध रहे और विकास में सहयोग करें। इस कार्यक्रम में शिक्षक और छात्र-छात्राओं तथा संस्थान के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रभुनाथ सिंह का 29वां और विभाष का 21वां एसडीपी दान

जमशेदपुर। भारतीय रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा चलाये जा रहे रक्तदान जागरुकता अभियान के कारण लगातार एसडीपी की जरूरत को पूरा करने के लिए रक्तदाता लगे हुए हैं और रेड क्रस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी एवं टाटा स्टील कर्मी प्रभुनाथ सिंह एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में अपनी भूमिका निभाते हैं और लगातार प्रोत्साहन देने के साथ अपना एसडीपी दान करते हैं, उन्होने 29वां एसडीपी दान किया और उनका कुल रक्तदान 65 हुआ, वहीं रेड क्रस सदस्य व टाटा स्टील कर्मी विभाष शुक्ला ने आज अपना 21वां एसडीपी दान कर अपना 39 रक्तदान पूरा किया। हमेशा रक्त जरूरत के समय आगे बढ़कर इस प्रकार मानवता की सेवा अभियान से जुड़े रक्तदाताओं का आभार रेड क्रस प्रकट करता है।

सड़क दुघर्टना में शहरबेड़ा निवासी युवक की मौत

चांडिल। सोमवार को शाम करीब सात बजे चांडिल थाना क्षेत्र के एनएच 33 रामगढ़ ओवरब्रिज हाथी अंडरपास के पास शहरबेड़ा निवासी साईकिल सवार 35 वर्षीय गणेश सोरेन की अंधेरे के कारण पिक अप वैन से टक्कर हो गई जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। चांडिल थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि घायल गणेश सोरेन को इलाज हेतु एमजीएम भेजा गया जहां डॉक्टरों ने इलाज का दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।

मासस ने भाजपा के खिलाफ की नुक्कड़ सभा

चिरकुंडा। चिरकुंडा शहीद चौक के समीप मासस द्वारा सोमवार को पार्टी के केंद्रीय महासचिव हलधर महतो के नेतृत्व में भाजपा के खिलाफ नुक्कड़ सभा की गई। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार देश विरोधी सरकार है। यहां मजदूर की हत्या,रोजगार की हत्या की जा रही है। 2024 में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना है। केंद्रीय महा सचिव हलधर महतो ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है, सरकार रोजगार पर बात नही कर रही है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जिन मुद्दों पर भाजपा चुनाव लड़ी थी उन सभी बातों पर असफल हो गयी है। जनता को ठगा जा रहा है। आने वाले चुनाव में भाजपा की जो मनसा है उसे पुरा नही होने दी जाएगी व केंद्र से भाजपा को हटाया जाएगा।

चिरकुंडा में लाभुकों को मिला योजनाओं का लाभ

कुमारधुबी/चिरकुंडा। सोमवार को चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या 11 स्थित वार्ड भवन में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कई विभागों का स्टॉल लगा कर लाभुकों को सरकार द्वारा दिए जा रहे योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। ताकि राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। वही चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या 11स्थित वार्ड भवन में स्थानीय लोगो की भारी भीड़ देखी गई। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

डॉ रागिनी भूषण और नरेश अग्रवाल को मिला कविवर निर्मल मिलिंद पुरस्कार

>> हिंदी और आदिवासी साहित्य उत्सव आयोजित करें कॉरपोरेट घरानें : अरुण कमल

खबर मन्त्र ब्यूरो

पुरस्कार समारोह में उपस्थित अरुण कमल व अन्य अतिथि।

जमशेदपुर। साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त विख्यात कवि अरुण कमल ने पटना से जमशेदपुर आकर 10 दिसंबर को कविवर निर्मल मिलिंद पुरस्कार समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। उन्होंने अपने भाषण के दौरान कहा कि एक जमाने में जमशेदपुर हिंदी, उर्दू, बांग्ला तीनों भाषाओं का केंद्र था। उन्होंने जमशेदपुर के कारपोरेट घरानों को सुझाव देते हुए कहा कि टिस्को, टेल्को, लाइफ इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ इंडिया व अन्य कारपोरेट घरानों को अपनी सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत साहित्य को बढ़ावा देने के लिए निर्मल मिलिंद पुरस्कार समारोह के अवसर पर विभिन्न भाषाओं के उत्सव का आयोजन करना चाहिए। इसमें विशेष कर आदिवासी भाषाओं को शामिल किया जाना चाहिए। इस तरह यह एक नायाब उत्सव होगा। इस उत्सव में उर्दू, बांग्ला, इंग्लिश, ओड़िआ वगैरह भाषाओं को भी शामिल किया जाना चाहिए। कवि अरुण कमल ने डॉ रागिनी भूषण और कवि नरेश अग्रवाल को निर्मल मिलिंद पुरस्कार के तहत दस-दस हजार रुपए का चेक और सर्टिफिकेट प्रदान किया। यह समारोह सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स के केपी हाल में आयोजित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाली डॉक्टर रागिनी भूषण के बारे में उन्होंने कहा कि हिंदी के साथ-साथ संस्कृत का ज्ञान रखने वाले लोग बिरले ही मिलते हैं। रागिनी भूषण में दोनों भाषाओं की गंगा जमुना बहती हैं। कवि अरुण कमल ने कहा कि युवा कवि नरेश अग्रवाल 25 सालों से साहित्य साधना कर रहे हैं। उनके द्वारा लिखी गई मजदूर संबंधी कविताएं नायाब हैं। कविवर निर्मल मिलिंद के बारे में उन्होंने कहा कि वे सिर्फ कवि थे। उनका जीवन कठिनाइयों से भरा रहा। अंतिम समय वे बीमार रहने लगे। इस दौरान भी वे लगातार लिखते रहे और लोगों को साहित्य से जोड़ते रहे। इस अवसर पर जनवादी लेखक संघ के राष्ट्रीय सचिव डॉ अली इमाम खान ने कहा कि निर्मल मिलिंद की कविताओं में सामाजिक और सामूहिक यथार्थ है। उन्होंने कविवर निर्मल मिलिंद की एक पंक्ति पढ़ते हुए कहा कि 'आगे पीछे कसाई खाने हैं हम हैं कि जीने की जिद ठाने हैं' विपरीत परिस्थितियों में भी जिजीविषा एवं जीवंतता को बचाए रखना बहुत मुश्किल काम होता है। यह काम निर्मल मिलिंद ने बहुत आसानी से किया, जिससे हमें प्रेरणा मिलती है। निर्मल मिलिंद पुरस्कार 2023 को पाने वाले जाने-माने कवि नरेश अग्रवाल ने कहा कि कविवर निर्मल मिलिंद की गजल की पुस्तक पढ़ने के बाद ही उन्होंने अपने लेखन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि झारखंड में इस तरह के पुरस्कार बहुत कम हैं। इस आयोजन से साहित्य को बढ़ावा मिलता है। अंत में समारोह के अध्यक्ष दिनेश्वर सिंह 'दिनेश' ने कहा कि साहित्यकारों को दिए जाने वाले बहुत से पुरस्कार दो-तीन सालों तक चलते हैं परंतु निर्मल मिलिंद स्मृति पुरस्कार 2016 से चल रहा है। समारोह में सिने स्टार प्रियंका चोपड़ा की नानी उषा वर्मा ने कविवर निर्मल मिलिंद पर एक कविता पढ़ी तथा पुरस्कार को बच्चों के बीच ले जाने का सुझाव दिया। समारोह का स्वागत भाषण जनवादी लेखक संघ के जिला अध्यक्ष अशोक शुभदर्शी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अशोक वर्मा ने किया तथा समारोह का संचालन जाने माने उद्घोषक शाहिद अनवर ने काफी कुशलता पूर्वक किया।

स्पीड न्यूज

बाला साहब देवरस का जन्म दिन भाषा दिवस के रूप में मनाया गया

कैरो। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरों में पूज्य बाला साहब देवरस की जन्म दिन भाषा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार एवं वरिष्ठ आचार्य देवा उरांव ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुरूआत की। प्राचार्य ने कहा कि बालासाहब देवरस एक मौन कर्मसाधक थे। किसी भी समस्या पर शीघ्र एवं अचूक निर्णय की उनकी क्षमता और आसाधारण थी।

डीसी ने अलाव की व्यवस्था का दिया निर्देश

मेदिनीनगर। जिले में बढ़ते ठंड के मद्देनजर उपायुक्त शशि रंजन ने सभी सीओ को उनके क्षेत्र के अनुसार अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी सीओ समेत मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त, विश्रामपुर नगर पर्षद के कार्यपालक पदाधिकारी, छतरपुर, हरिहरगंज व हुसैनाबाद नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को उनके क्षेत्र के चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था कराने हेतु निर्देशित किया है।

पूर्व वित्त पदाधिकारी को दी गयी विदाई

मेदिनीनगर। नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के पूर्व वित पदाधिकारी डॉ अश्विनी कुमार वैद्य को कर्मियों द्वारा सादे समारोह में विदाई दी गई। इस मौके पर कर्मियों ने वैद्य के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यों की प्रशंसा की। समारोह में अनुप्राश वर्मा, अविनाश कुमार, नवनीत कुमार सिंह, सौरभ सेन, आदित्य कुमार, सचिन कुमार, मनोज कुमार, संजय साव एवं आलोक उपस्थित थे।

18 लाभुकों को मिला गैस चूल्हा और सिलेंडर

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर प्रखंड के केतत ग्राम पंचायत में सोमवार को 18 लाभुकों को उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर व चूल्हा दिया गया। लाभुकों के बीच गैस सिलेंडर और चूल्हे का वितरण पंचायत समिति सदस्य रीना चौबे व उप मुखिया सत्य प्रकाश चौबे ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर पंसस रीना चौबे ने कहा कि सरकार के हर कल्याणकारी योजनाओं को वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिनको अभी तक इस महत्वाकांक्षी योजना से वंचित है, उन्हे भी जल्द ही इस योजना का लाभ दिलवाया जायेगा। मौके पर युवा समाजसेवी नवीन कुमार चौबे, हरिदत चौबे, मुन्ना ठाकुर, मार्कण्डेय चौबे, सीता राम पासवान, मनोज पासवान, शत्रुघ्न पासवान, राजेश चौबे, कांति कुंवर, नीरज ठाकुर, काजल सहित पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद थे।

जोगा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

उंटारी रोड पलामू। जिले के उंटारी रोड प्रखंड अंर्तगत जोगा पंचायत के जोगा उच्च विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन जिला समन्वयक सह नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार राम, मुखिया कमला देवी, विस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, लहर बंजारी मुखिया अशोक सिंह, मुरमा खुर्द मुखिया रामबच्चन राम, समाजसेवी कृष्णा पाल, मनरेगा बीपीओ आबेदीन अंसारी, शिक्षा विभाग के बीपीओ रोहित गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में सभी विभागों का स्टॉल लगाया गया था। शिविर में अबुआ आवास का आवेदन लिया गया। मनरेगा मजदूरों को जॉब कार्ड का वितरन किया गया। शिविर में छात्राओं को निः शुल्क साईकल का चेक प्रदान किया गया। मौके पर पंसस सुनैना देवी, शंकर राम, दसरथ साव, वार्ड सदस्य गोविंद चौधरी, मनोज चौधरी, नीरज चंद्रवंशी, अजय विश्वकर्मा, शिवकुमार चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

सतबरवा के रबदा में जनता दरबार

सतबरवा पलामू। प्रखंड के रबदा पंचायत सचिवालय में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें कई लोगों को लाभ दिया गया। कार्यक्रम का उदघाटन प्रखंड प्रमुख रीमा देवी, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, जिप सदस्य सुधा कुमारी, बीडीओ अभिषेक कुमार पांडेय, सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, रबदा पंचायत की मुखिया पुष्पा देवी, मुखिया रिंकी यादव, पूर्व पंसस धिरज कुमार, विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर स्कूली छात्रों को साइकिल का चेक दिया गया। वही छात्रों को बैग जूता और स्कूल कीट दी गई। आंगनबाड़ी केंद्र से दो महिलाओं की गोद भराई और दो का अन्न प्राशन जनप्रतिनिधि तथा सीओ और बीडीओ के द्वारा कराया गया। अंबुआ आवास योजना के ऑनलाइन कराने के लिए भीड़ लगी रही। वही बताया गया कि हाउसहोल्ड से ज्यादा सतबरवा में मनरेगा का जॉब कार्ड बनाया गया है। मौके पर मुखिया गिरवर प्रसाद राम, मनरेगा बीपीओ अमरेन्द्र कुमार, एम ओ अरविंद कुमार, बीएओ धर्मेंद्र कुमार, सुरेश ठाकुर, बीपीएम आलोक कुमार, पूर्व मुखिया शंभू उरांव, अवधेश सिंह चेरो, अरविंद सिंह, उमेश सिंह, संतोष तिवारी, डॉ तौफीक अहमद, सुधीर मिश्रा, किरण सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

जिशान खान अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष

मेदिनीनगर। अखिल भारतीय कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईमरान प्रतापगढ़ी के अनुमोदन पर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मंजुर अंसारी ने मुहर्रम इंतेजामिया कमिटी जेनरल पलामू के पूर्व अध्यक्ष जिशान खान को पलामू जिलाध्यक्ष पद पद मनोनीत किया गया है। जो तत्काल प्रभाव से लागू किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अंसारी ने शुभकामना देते हुए कहा कि पलामू जिला में अल्पसंख्यक विभाग को मजबूती प्रदान करने के साथ ही साथ कांग्रेस कमिटी का विस्तार जिला के हर प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर करेंगे। जिलाध्यक्ष मनोनयन के बाद जिशान खान ने कहा कि पलामू जिला में अल्पसंख्यक कोटे में आनेवाले सिक्ख, जैन एवं मुस्लिम समुदाय को मिलाकर एक जिला कमिटी का निर्माण किया जायेगा। जो झारखंड राज्य में अलग पहचान बनायेगी। खान ने कहा कि पार्टी में निष्ठा जताते हुए पूरी तन्मयता के साथ संगठन की मजबूती प्रदान करेंगे। इसके साथ ही पलामू जिला के सभी प्रखंडों में कमिटी का विस्तार बहुत जल्द ही किया जायेगा।

परशुराम युवा वाहिनी ने निकाला आक्रोश मार्च

मेदिनीनगर। राजपूत करणी सेना प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की कायराना हत्या के खिलाफ राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की झारखंड प्रदेश ईकाई ने आक्रोश मार्च निकाला। मुख्य संरक्षक गुरु पाण्डेय के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में पलामू मुख्यालय मेदिनीनगर के रेड़मा स्थित प्रदेश कार्यालय से लेकर चंद्रशेखर आजाद चौक तक सैकड़ों सनातनियों ने विरोध प्रदर्शन किया। एवं हत्यारों को जल्द से जल्द फांसी देने की मांग की। मौके पर राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण हित की बात करने वाला क्षत्रिय नहीं बल्कि सनातनी है। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या नहीं सनातन की राह में शहादत हुई है। जिनके हत्यारों को सरकार सीधे फांसी दे। राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के कार्यालय का दरवाजा सनातनियों के लिए खुला है। इस दौरान क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष संजय सिंह ने विप्र परिवार के संगठन राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी ने मार्गदर्शित करने का काम किया है।

आदिवासी महासभा ने का एक धरना

भंडरा। अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा ने भंडरा अंचल कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना देकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। महासभा के ज्ञापन में भंडरा अंचल अंतर्गत पोड़हा गांव के खाता नंबर 1 की 350 एकड़ भूमि को सर्वे 1908 के जोतकार के आधार पर किसानों को हस्तांतरित करने की मांग की गयी है। महासभा के ज्ञापन में मांग की गयी है कि उक्त भूमि की बिक्री या अन्य गतिविधि पर रोक लगायी जाये। गांव में अनुपस्थित कथित भूमि रयत पर उक्त जमीन का लगन रेंट काटने पर रोक लगायी जाये।

झारखंड ओपन कराटे चैंपियनशिप में लोहरदगा को तीन गोल्ड समेत 12 पदक

■ मुस्तरी, अमन और मृगांक ने गोल्ड मेडल जीत कर किया लोहरदगा का नाम रोशन

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वाधान में झारखंड ओपन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन हरिवंश राय ताना भगत इंदौर स्टेडियम होटवार रांची में किया गया। जिसमें झारखंड के सभी जिलों से 430 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। झारखंड के सभी कराटे स्टाइल के चीफ के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर इस चैंपियनशिप का शुभारंभ किया गया।

एसएस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के फाउंडर चेयरमैन सह लोहरदगा जिला कराटे संघ के सचिव रेंसी श्रवण साहू अपने 17 कराटेकों के साथ चैंपियनशिप टूर्नामेंट में पहुंचे थे। लोहरदगा के कराटेकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 03 गोल्ड, 04 सिल्वर और 05 ब्राउंज मेडल्स बटोरने में कामयाब हुए। झारखंड में अपने लोहरदगा जिला का नाम रोशन किया। लोहरदगा मेन डोजो के मुस्तरी खातून ने जुनियर बालिका वर्ग-60 किग्रा वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया, लोहरदगा एमबीडीएवी पब्लिक स्कूल के अमन उरांव ने 9 वर्ष बालक वर्ग-35 किग्रा वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया।

बताते चलें कि इसके साथ ही लोहरदगा मेन डोजो के मृगांक वैभव ने भी 7 वर्ष बालक वर्ग काता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया तथा कुमिते में सिल्वर मैडल प्राप्त किया। साथ ही मेन डोजो की सानिया परवीन, स्काई अप पब्लिक स्कूल कुम्हरिया के रणवीर उरांव और अंजली कुमारी ने भी द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मैडल प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी

वहीं कंचन रानी, जय करण साहु, उमर अंसारी, आदर्श उरांव और रुबी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्राउंज मैडल प्राप्त किया। ज्ञात हो कि इस कराटे चैंपियनशिप में सभी गोल्ड मेडलिस्ट बच्चों को कैश अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

टीम की इस जीत पर कराटे इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ इंडिया के हांसी भरत शर्मा, स्पोर्टस एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सीईओ सेंसाई केके सिंह तथा अध्यक्ष सिहान मानस सिन्हा, सेंसाई शशि पांडे, सेंसाई संजय मिश्रा, लोहरदगा जिला कराटे संघ के अध्यक्ष सह स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के उपाध्यक्ष सेंसाई जगनंदन पौराणिक, उपाध्यक्ष सेंसाई कयूम खान, संरक्षिका सुषमा सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके सुनहरे भविष्य की कामना की है।

आदिवासी अखड़ा समिति के 17वीं कार्तिक उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता बना झारखंड जगुआर

खेल में छिपा हुआ है हमारे दैनिक जीवन का दर्शन : सुखदेव भगत

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। नशा छोड़ो फुटबॉल खेलो पढ़ो लिखो और आगे बढ़ो मूल मंत्र के साथ आदिवासी अखड़ा समिति द्वारा 17वीं कार्तिक उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत थे। विशिष्ट अतिथि युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ मौजूद थे। समापन समारोह को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा कि इस टूर्नामेंट की अपना विशेषता है जिसमें समाज के हर वर्ग की सहभागिता के साथ सहयोग है एवं जिले में सर्वाधिक एक लाख विजेता को नगद एवं उपविजेता को 70000 रुपया नगद प्रदान किया जाता है। सुखदेव भगत ने अनुशासन समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ खेलने की बात कही। खेल में जीवन का दर्शन छिपा है गुमला लोहरदगा रांची की शानदार टीमों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया अधेड़ विवाहित महिलाओं का प्रदर्शन मैच आकर्षण का केंद्र रहा।

खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि।

मुख्य बातें : इसके पूर्व सुखदेव भगत के पहुंचने पर भव्य तरीके से परंपरागत रूप से नृत्य मंडली और गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया मुख्य अतिथि के साथ हजारों दर्शकों ने एक साथ राष्ट्रगान गाकर खेल आगाज किया। इस फुटबॉल मैच में झारखंड जगुआर के टीम ने बनगड़ी होटवार रांची को दो जीरो से हराया। विनर टीम को एक लाख एवं रनर टीम को 70000 नगद पुरस्कार दिया गया। यहां लोहरदगा आयुष समिति ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। जहां पर मरीजों की निःशुल्क जांच कर फ्री में दवा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ, आयोजन समिति के अध्यक्ष फुलदेव उरांव, शुक्रा उरांव भी थे।

पांच वर्षों में सड़क दुर्घटना में 872 लोगों की मौत, 419 लोग जख्मी

■ नशापान सड़क दुर्घटना का बना सबसे बड़ा कारण, बेतरतीब व तेज रफ्तार से वाहन चलाने से भी जा रही है लोगों की जान

■ ब्लैक स्पॉट की पहचान कर जिला परिवहन विभाग ने कुछ हद तक सड़क हादसों में लायी कमी

■ वर्ष 2021 में सबसे अधिक 203 लोगों की गयी जान

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। जिला में पिछले वर्ष की तुलना में सड़क हादसे में वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष 2022 में 183 सड़क हादसे हुए। जिसमें 149 लोगों की मौत हुई जबकि 70 लोग घायल हुए थे। वहीं वर्ष 2023 में नवंबर माह तक 183 सड़क हादसा हुआ। जिसमें 181 की मौत व 86 लोग घायल हुए। बीते पांच वर्षों का आंकड़ा देखे तो सड़क हादसे में 872 लोगों की मौत हुई है जबकि 419 लोग जख्मी हुए हैं। जिसमें वर्ष 2019 में 206 सड़क हादसे में 174 की मौत व 133 घायल, वर्ष 2020 में 189 सड़क हादसे में 165 की मौत व 88 घायल एवं वर्ष 2021 में 223 सड़क हादसे में 203 लोगों की मौत व 42 घायल हुए थे।

प्रमुख बातें : पांच वर्षों में सबसे अधिक मौत 2021 में सरकारी आंकड़ों में दर्ज की गयी। सरकार के लाख प्रयास के बाद भी सड़क हादसों में कमी नहीं आ रही। जबकि सरकार कई तरह के जुर्माना के साथ जागरूकता अभियान भी चला रहा है। बावजूद लोगों में सुधार नहीं हो रही है। लोग सरकार के इतने प्रयासों के बाद भी बिना हेलमेट के बाईक चलाते नजर आते हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि नशा कर वाहन चलाने वाले लोग ही सबसे अधिक सड़क हादसे का शिकार होते हैं। नशा के बाद बाइक की रफ्तार चालक तेज कर देते हैं और अपना नियंत्रण बाईक से खो देते हैं। आंकड़ों की मानें तो नवंबर से लेकर जनवरी तक सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या अधिक होती है। इन महीनों में मौसम खराब होने के साथ कोहरा भी छाया रहता है। स्कूल जाने वाले बच्चे भी वाहन सड़कों पर बेतरतीब दौड़ाते नजर आते हैं। जिस कारण भी सड़क हादसा कम नहीं हो रहा है। जिला परिवहन कार्यालय के द्वारा जिले के विभिन्न ब्लॉक स्पॉट की पहचान कर वहां दुर्घटनाएं कम करने का प्रयास किया गया है। जिसमें सफलता हाथ लगी है और ऐसे ब्लॉक स्पॉट पर दुर्घटनाएं कम हुई। परंतु नशा कर वाहन चलाने वालों पर पाबंदी लगना मुश्किल हो गया है। इधर, दिन ब दिन वाहनों की संख्या में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। जिसका खामियाजा पर्यावरण के साथ-साथ आम जनजीवन पर भी पड़ रहा है।

आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सोमवार को सदर प्रखंड के रामपुर पंचायत और कुडू प्रखंड के उडुमुडु में किया गया। कुडू प्रखंड के उडुमुडु पंचायत के बारीडीह ईदगाह मैदान में आयोजित कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी प्रिंस कुमार, तकनीकी विशेषज्ञ, वीसीडीसी, लोहरदगा शामिल हुए। इसमें उन्होंने अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति/ आय/ मृत्यु/ दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, राजस्व के जुड़े मामले जैसे म्युटेशन, मापी, लगान रसीद तथा ऑनलाइन रिकॉर्ड में सुधार करने से संबंधित मामले, आयुष्मान कार्ड, 15वें वित्त, जनजातीय कल्याण, मनरेगा समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में सभी सरकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये। कई योजनाओं के स्टॉल में ग्रामीणों ने योजनाओं की जानकारी ली और अहर्ताधारियों ने विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन समर्पित किया।

सरकार आपके द्वार शिविर में 10 महिला समूहों के बीच 6 लाख की परिसंपति बंटी

खबर मन्त्र संवाददाता

जारी। प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत सचिवालय में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम किया गया। जहां विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया। शिविर में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन के 10 कंबल, 30 धोती, 10 साड़ी 10 महिला समूहों के बीच 6 लाख का परिसंपतियों का वितरण किया है। मौके पर बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों के बीच शिविर लगाया जा रहा है। आप सभी ग्रामीण जो योजना की जरूरत है उस योजना में आवेदन करें। निश्चित आपको उसी योजना का लाभ मिलेगा। प्रखंड प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा ने कहा कि सरकार आपकी सुविधा के लिए आपके घर द्वार में शिविर लगाकर आपको योजना दे रही है। आप शिविर में आए और निश्चित रूप से इस योजना का लाभ लें।

■ जारी प्रखंड के गोविंदपुर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

जारी प्रखंड जेएमएम की बैठक संपन्न

जारी। प्रखंड के गोविंदपुर बाजार के समीप जेएमएम की बैठक प्रखंड सचिव गुलाम मुस्तफा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जरदा पंचायत अध्यक्ष के रूप में विनय एक्का सचिव तसलीम खान उप सचिव महबूब खान को चुना गया। वहीं प्रखंड अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने ग्रामीणों से आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार का लाभ उठाने की अपील की। वहीं झामुमो कार्यकर्ताओं से योजना के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करने की अपील की। मौके पर नवल लकड़ा, विल्सन उरांव, मनीरा देवी, समसुद्दीन अंसारी आदि मौजूद थे।

शोकाकुल परिवारों से मिले सुखदेव भगत

कुडू। प्रखंड के सलगी ग्राम के रहने वाले युवा कांग्रेस के नेता मनीष शर्मा के पिता का कल आकस्मिक निधन हो गया। जानकारी मिलते ही लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी पूर्व विधायक सुखदेव भगत सलगी ग्राम पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट किए एवं परिजनों को ढाढ़स बंधाया। श्री भगत ने कहा कि इस दुख की घड़ी में कांग्रेस शोकाकुल परिवार के साथ है। शोक व्यक्त करने वालों में लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक साहू भी मौजूद थे।

कुएं में डूबने से ग्रामीण की मौत

घाघरा। थाना क्षेत्र के गोमट गांव में कुआं में डूबने से 55 वर्षीय रोपना उरांव की मौत हो गयी। वहीं पुलिस शव में कब्जे में कर सोमवार को 11 बजे शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। थानेदार अमित कुमार चौधरी ने बताया कि बीते शनिवार को रोपना मवेशी चराने के लिए गया था। इसके बाद से वह लौटकर नहीं आया। काफी खोजबीन की गयी, पर कुछ पता नहीं चला। रविवार की सुबह इधर-उधर खोजबीन के दौरान घर से कुछ दूरी पर स्थित कुआं से रोपना का शव बरामद किया गया। जिसके बाद घर वाले रोपना के शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर निकले थे। इसी दौरान 100 नंबर पर फोन आया और घटना की जानकारी मिली। जिसके बाद रविवार की शाम घाघरा पुलिस गोमट गांव पहुंची और तो शव के अंतिम संस्कार के लिए शमशान घाट तक पहुंचा दिया गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में कर थाना लाया और सोमवार को पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया गया है। वहीं पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

■ : शव को अंतिम संस्कार के लिए ग्रामीण ले गये थे, पुलिस ने सूचना पर शव को लिया कब्जे में

शहर के मेन रोड में महीनों से गंदे व बदबूदार पानी की हो रही आपूर्ति

खबर मन्त्र संवाददाता

■ डीसी कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर स्थानीय लोगों ने सुधार की मांग की

गुमला। शहर के मेन रोड में पिछले कई महीनों से दूषित व बदबूदार जल की आपूर्ति लोगों के बीच किया जा रहा है। जिससे आम निवासी व गृहणी परेशान हैं। उस पानी को पीने व खाना बनाना तो दूर की बात लोग अपने घरों के फर्श को धोना व पोछना भी पसंद नहीं कर रहें हैं। उक्त समस्या की जानकारी पूर्व में भी कई बार गुमला चेम्बर व स्थानीय लोगों के द्वारा संबंधित विभाग को दी गयी है पर उसका समाधान नहीं हुआ। इस संबंध में आज मेन रोड निवासियों ने एक आवेदन बनाकर हस्ताक्षर कर उपायुक्त को सौंपा। परंतु उपायुक्त कार्यालय में नहीं मिलने के कारण उनके कार्यालय में ही आवेदन देकर रिसिविंग करवाकर लोग आ गये एवं उनसे इस संबंध में यथाशीघ्र सुधार की मांग की है। पूर्व चेंबर अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, हिमांशु केशरी, महेश लाल, दामोदर कसेरा आदि ने भी इस जनसमस्या को कई बार उजागर किया है।

सगा भाई-भाभी की हत्या के आरोपी को जेल

फोटो कैप्शन8 गिरफ्तार आरोपी

खबर मंत्र संवाददाता

भंडरा। थाना क्षेत्र के खवास खिजरी तेतर चुआ गांव में 10 दिसंबर को दिनदहाड़े घर में घुसकर अपने बड़े भाई एवं भाभी की हत्या टागी से कटकर करने का आरोपी जीतू उरांव को भंडरा पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। भंडरा पुलिस के अनुसार आरोपी के द्वारा अपना अपराध स्वीकार कर लिया गया है एवं घटना के पीछे आपसी बंटवारे का विवाद बताया जा रहा है। थाना प्रभारी के अनुसार इस घटना में अन्य बिंदु पर भी

पक्षकार अपने पारिवारिक विवादों का निपटारा सुलह व समझौता के आधार पर करें: पीडीजे

खबर मन्त्र संवाददाता

■ कुटुंब न्यायालय के लंबित पारिवारिक विवादों के त्वरित निपटारा के लिए स्पेशल मीडिएशन ड्राइव शुरू



गुमला। कुटुंब न्यायालय गुमला में लंबित पारिवारिक विवादों से संबंधित वादों के त्वरित निपटारे के लिए सोमवार से स्पेशल मेडिएशन ड्राइव का शुभारंभ हुआ। शिविर का प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश संजय कुमार चांधरियावी तथा प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री शेषनाथ सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर उद्घाटन किया गया। मौके पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश श्री चांधरियावी ने कहा कि विशेष मध्यस्थता ड्राइव समय समय पर झालसा रांची के निर्देशानुसार पर आयोजित किए जाते हैं तथा यह पक्षकारों को एक सुनहरा मौका देता है कि वह अपने पारिवारिक विवादों का निपटारा सुलह व समझौता के आधार पर त्वरित गति से कर सके।

कुगांव में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करना कार्यक्रम का उद्देश्य है: इंदु

खबर मन्त्र संवाददाता

घाघरा। प्रखंड के कुगांव ग्राम में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आईटीडीए निदेशक इंदु गुप्ता, प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीडीओ दिनेश कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम में कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विकास विभाग, पशुपालन विभाग, पेंशन, अबुआ आवास, मनरेगा सहित कई अन्य विभागों के स्टाल लगाए गये। इस क्रम में सावित्रीबाई फुले योजना के 21 आवेदन प्राप्त हुए जबकि पांच प्रमाण पत्र का वितरण व जॉब कार्ड का बितरण भी किया गया। साथ ही अबुवा आवास के 386, कुआं 22, जॉब कार्ड 109, गुरुजी क्रेडिट कार्ड 7, कल्याण विभाग के 28, श्रम कार्ड 64, आयुष्मान कार्ड 18, आवेदन शिविर में आये। वहीं शिविर में 75 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क दवा दी गयी।

योजना का लाभ लेनेवाली महिलाओं के साथ पदाधिकारी।

मुख्य बातें : मौके पर आईटीडीए निदेशक इंदु गुप्ता ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित करना है। आप आवश्यकतानुसार आवेदन भर कर जमा करें। जिससे आप लोगों को लाभान्वित किया जा सके। प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने भी सभी लोगों को आवेदन भरकर सरकार की योजना का लाभ उठाने की बात कही। बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि सभी आवेदन पर तत्वरित कार्रवाई कर लोगों को लाभ से जोड़ा जायेगा। मौके पर उपस्थित लोगों में पंसस सरवन उरांव, उपेंद्र उरांव, अशोक कुमार, संजय पांडे, विवेक कुमार सहित कई विभाग के कर्मी पदाधिकारी व ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को भंडरा प्रखंड अंतर्गत जमगाईं पंचायत में किया गया। इस मौके पर मोबाईल आईईसी वैन के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को प्रसारित किया गया और मौके पर उपस्थित विभागों के पदाधिकारियों द्वारा केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों को भारतवर्ष को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने और नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलायी गयी।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रनाम, नैनो फर्टिलाईजर, सर्वे ऑफ विपेज एंड मैपिंग विद इंफ्रोवाइज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेज एरिया आदि योजनाओं की जानकारी दिखायी गयी। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये थे।

कार्यक्रम में मौजूद लोग।

देश का समग्र विकास कर भारत को विकसित बनाने के लिए तत्पर है मोदी सरकार : गिरिराज

एजेंसी

बेगूसराय। केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार देश को विकसित बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं-परियोजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान तक बैठे लोगों का समग्र विकास कर रही है। मोदी सरकार का एकमात्र लक्ष्य है 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार करीब 34 करोड लोगों को आयुष्मान कार्ड दे चुकी है। 80 करोड लोगों को पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत प्रत्येक माह अनाज दिया जा रहा है। पीएम उज्जवला योजना से दस करोड़ 35

लाख लोगों को गैस कनेक्शन दिए गए। 2014 में एलपीजी कनेक्शन की संख्या मात्र 14 करोड़ थी, आज 33 करोड लोग एलपीजी गैस का उपयोग कर रहे हैं। 12 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है, 14 करोड लोग जल जीवन मिशन से जुड़े। स्वामित्व योजना के तहत दो लाख 80 हजार गांव का ड्रोन सर्वे किया गया तथा नौ करोड़ पार्सल डिजिटाइज्ड हो चुके हैं। सभी लोगों को बैंकिंग का लाभ देने के लिए शुरू किए गए प्रधानमंत्री जनधन योजना में 51 करोड लोगों ने खाता खुलवाया। जिसमें 27 करोड़ महिलाएं हैं, जनधन खाता में दो लाख करोड़ से अधिक राशि जमा है। सोशल सिक्योरिटी के लिए भी मोदी सरकार काफी काम कर रही है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से 35 करोड़ लोगों को जोड़ा गया, पांच करोड़ लोगों को अटल पेंशन योजना से जोड़ा गया। जबकि 17 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना से आच्छादित किया गया है। प्रधानमंत्री पोषण योजना से 15 लाख स्कूल के 27 करोड़ छात्र-छात्राओं को आच्छादित किया गया है। 2006 से 2014 तक जहां दो करोड़ ग्रामीण आवास बने थे, वहीं 2014 से अब तक तीन करोड़ 27 हजार लाख आवास बन चुके हैं। 22 लाख लोगों ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में आवेदन दिया है। रासायनिक खाद का उपयोग कम करने के लिए पीएम प्रणाम योजना शुरू किया गया तथा राज्यों को अल्टरनेट केमिकल फ्री फर्टिलाइजर के उपयोग के लिए इंसेंटिवाइज किया जा रहा है। मुद्रा योजना के तहत 25 लाख करोड़ लोन डिस्बर्समेंट किए गए। एक लाख से अधिक स्टार्टअप हैं, यूनिकॉर्न की संख्या एक सौ से अधिक हो गई है। 60 लाख लोगों को स्वनिधि योजना का लाभ मिला है। उन्होंने कहा है कि नरेन्द्र मोदी की सोच है कि देश में चार ही भारी जातियां है, गरीब, युवा, महिला और किसान। मोदी सरकार गरीबों की भलाई के लिए तत्पर है। 2014 में एक्सपोर्ट 19 लाख करोड़ का था, आज 70 लाख करोड़ का है। 2014 में एफडीआई 36 बिलीयन डॉलर था, आज एक सौ बिलियन डॉलर से अधिक हो गया है। 16 लाख करोड़ का बजट बढ़कर 45 लाख करोड़ से अधिक हो गया है। 2014 में इकोनॉमी में देश का ग्लोबल साइज दसवां था, आज पांचवां है और 2030 तक तीसरा हो जाएगा। ग्लोबल जीडीपी में भारत का शेयर 2.6 प्रतिशत से बढ़कर 3.2 प्रतिशत हो गया है। स्टार्टअप में 25 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। गिरिराज सिंह ने कहा कि 2014 में 10-11 किलोमीटर सड़क का रोज हो रहा था, आज सड़क निर्माण की गति 40 किलोमीटर प्रतिदिन तक पहुंच गई है। 42 लाख करोड़ से अधिक का डीबीटी किया गया। 302 बिलियन डॉलर का फॉरेन रिजर्व छह सौ बिलियन डॉलर से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि सात दशकों में शिक्षा के विस्तार बना नव वर्ष का विस्तार देखे तो कई बड़ी उपलब्धि मिली है। उन्होंने कहा है कि 1947 से 2014 तक देश में सात एम्स बनाए गए थे, आज 22 एम्स है। देश में मेडिकल कॉलेज की संख्या 641 से बढ़कर 1341 हो गई है। इन कॉलेजों में मेडिकल सीट 82 हजार 466 से बढ़कर एक लाख 52 हजार 129 हो गया है। आईआईटी की संख्या 16 से बढ़कर 23 हो गया है। आईआईएम की संख्या भी 13 से बढ़कर 20 हो गया है। 2014 में देश में 723 विश्वविद्यालय था, लेकिन आज 1113 विश्वविद्यालय हैं।

स्पीड न्यूज

आपकी योजना-आपकी सरकार कार्यक्रम के तहत ऑन द स्पॉट मिल रहा लाभ

गोड्डा। प्रखंड के पचरुखी पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में एसएचजी ग्रुप की महिला समुह के बीच 9,00,000 (09लाख) के केश क्रेडिट लिंकेज का वितरण किया गया। मौके पर एसएचजी समूह की दीदियों ने माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस राशि की सहायता से वे मछली पालन, बकरी पालन एवं मुर्गी पालन आदि व्यवसाय कर अपने आजीविका को बढ़ाएंगे साथ ही साथ अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा और उच्चतम जीवन प्रदान करगी।

कैंटिन की केयर टेकर ने जिला प्रशासन से लगायी इंसाफ की गुहार

दुमका। फूलो झानो मेडिकल कॉलेज में बीते दिन मारपीट की घटना को लेकर मेस व कैंटिन के केयर टेकर करिश्मा कुमारी ने परिसदन भवन परिसर में प्रेसवार्ता कर सोमवार को अपने पक्ष में सफाई दी। केयर टेकर ने कहा कि मेरी क्या गलती थी, जो मेरे एमबीबीएस के छात्रों ने ऐसा व्यवहार किया। प्रेसवार्ता में करिश्मा ने बताया कि जिस दिन मारपीट की घटना रात हुई थी। उस समय वह अपनी बच्चे के साथ अपने रूम में नींद में थी। अचानक से कुछ छात्र पीछे वाले बालकोनी में आकर दरवाजा एवं खिड़की में जोर-जोर से लात मारने लगा। जिससे दरवाजा खुल गया। इसके बाद लड़कों ने जबरन घसीट कर रूम से बाहर ले गया। उसके पति एवं सात साल के भांजा के साथ भी मारपीट करने लगे। ये सारी घटना में 2019-21 सत्र के कुछ सात से आठ लड़कों शामिल है। ये लड़के कॉलेज कर्मियों को हमेशा परेशान करते है।करिश्मा ने बताया कि जिस प्रकार से घसीट कर बाहर ले गया। उन लड़कों की क्या मंशा थी। इस प्रकार से आज उनके साथ घटना घटी है। कल दिन किसी और के साथ घटना घटेंगी। दंपति केयर टेकर ने जिला प्रशासन इंसाफ की गुहार लगायी। केंटिन की संचालिका प्रमिला मुर्मू ने कहा कि कई सालों से गर्ल्स का मेस व कैंटिन चलाती है। उनका संबंध सभी छात्र-छात्राओं एवं कॉलेज कर्मियों से अच्छा रहा है। लेकिन क्या बात हो गई कि छात्र उग्र होकर केंटिन में घुसकर तोड़फोड़ करने लगे। साथ ही उन्हें असामाजिक तत्व बताया गया। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि हम एक बार छात्र-छात्राओं से बात करना चाहते है। यदि हमारी गलती होगी, तो हम कैंटिन का टेंडर को वापस ले लेंगे। लेकिन एक बार छात्र हमसे बात करे। जो भी परेशानी होगी। हम उसे दूर करने की कोशिश करेंगे। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि इनसभी साजिश के पीछे किसी न किसी का हाथ है।

अमित शाह-नीतीश की मुलाकात के बाद जेडीयू में हलचल तेज, सीएम ने बुलाई बैठक; विधायक समेत कई नेता पहुंचे

अमित शाह के दिल्ली रवाना होने के एक दिन बाद ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेडीयू की अहम बैठक बुलाई। बैठक में पार्टी के विधायक, विधान पार्षद, पूर्व विधायक और पूर्व एमएलसी समेत अन्य नेता शामिल हुए हैं।

शाह-नीतीश की मुलाकात के बाद जेडीयू में हलचल तेज

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के दौरान राजधानी पटना में रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बीच मुलाकात हुई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़े ही गर्मजोशी के साथ अमित शाह का स्वागत किया। अमित शाह के दिल्ली रवाना होने के एक दिन बाद ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेडीयू की अहम बैठक बुलाई। इस बैठक में पार्टी के तमाम विधायक, विधान पार्षद, पूर्व विधायक और पूर्व एमएलसी समेत अन्य नेता शामिल हुए।

कुख्यात साइबर अपराधी को नवादा पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवादा। खाड़ी के देश में नौकरी दिलाने के नाम पर भोले-भाले युवाओं से लाखों रुपये की ठगी करने वाले पटना जिले के फुलवारी शरीफ थाने के खगोल निवासी आदिल साहब को नवादा पुलिस की साइबर टीम ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद की गई है। जिसमें लाखों रुपये ठगी के कई प्रमाण भी मिले हैं। नवादा साइबर थाना कांड संख्या 56/2023 के सूचक के खाते से साइबर अपराधी ने 4 लाख 97 हजार 691 रुपये की निकासी कर ली थी। जिसके विरुद्ध नवादा के एसपी अमरीश राहुल ने नवादा के सर्किल इंस्पेक्टर सुजीत कुमार के नेतृत्व में स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया था। जिसमें साइबर थाने के अवर निरीक्षक रवि रंजन मंडल सहित कई अधिकारी शामिल थे। साइबर थाने से जारी विज्ञप्ति के अनुसार पुलिस ने छापेमारी कर गल्फ कंट्री में नौकरी दिलाने का झांसा देकर अपने खाते में रुपये मंगाकर ठगी करने वाले आदिल साहब को उनके पटना जिले के फुलवारी शरीफ थाने के खगौल में छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कई लोगों से ठगी के मामले को भी स्वीकार किया है। पुलिस को पूछताछ में आदिल साहब के ठगी के कई संगीन मामले भी मिले हैं, जिसके विरुद्ध भी जांच की जा रही है। इस चकमे बाज ठग की गिरफ्तारी नवादा पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने जनता दरबार में 47 लोगों की समस्या सुनी, अधिकारियों को समुचित कार्रवाई का दिया निर्देश

एजेंसी

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनता दरबार में सोमवार को राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 47 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में मुंगेर जिला से आए अभिषेक कौशिक ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि शिक्षा विभाग में मेरे पिताजी कार्यरत थे, जिनकी मृत्यु हो गई है। अनुकंपा के आधार पर की जाने वाली नियुक्ति में विलंब हो रहा है, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय होती जा रही है, कृपया कर इसका समाधान निकाला जाए। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कैमूर जिला के मोहनिया प्रखंड से आए हुए एक ग्रामीण ने मुख्यमंत्री से शिकायत करते हुए कहा कि अर्रा गांव के सरकारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में स्थानीय निवासियों द्वारा गंदा पानी बहाया जाता है जिससे स्कूल में जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और पठन-पाठन कार्य में असुविधा होती है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुजफ्फरपुर जिला से आयी देवयानी भारती ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मैं वर्ष 2019 में स्नातक पास कर चुकी हैं लेकिन अभी तक मुझे मुख्यमंत्री बालिका (स्नातक) प्रोत्साहन योजना का लाभ नहीं मिला है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग को समुचित कार्य करने का निर्देश दिया। बक्सर जिला के

ब्रह्मपुर से आए हुए उदय कुमार उज्जैन ने सरकारी विद्यालय परिसर की जमीन का असामाजिक तत्वों द्वारा अतिक्रमण करने की मुख्यमंत्री से शिकायत की। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जहानाबाद जिला के मखदुमपुर से आयी हुए मंजू देवी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि उनके ससुर की मृत्यु कोरोना से हो गई थी लेकिन अब तक सहायता राशि नहीं मिली है, मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मधेपुरा जिला से आए हुए पिंटू कुमार ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि ग्वालपाड़ा प्रखंड के सुखासन पंचायत में सुरसा नदी द्वारा बरसात के दिनों में पानी का बहाव बढ़ने के कारण भीषण कटाव की स्थिति उत्पन्न होती है। ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए कटाव निरोधात्मक कार्य कराने की कृपा करें। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। समस्तीपुर जिले से आए हुए मो कलमुद्दीन ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मैं दिव्यांग हूं, मुझे बैटरी चालित ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई जाए, ताकि मुझे आवागमन में सहूलियत हो। मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। गया जिले से आए हुए मदन सिंह ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे गांव बड़की परासिया की आबादी 1200 से अधिक है, वहां प्राथमिक विद्यालय नहीं है। अतः मेरे गांव में विद्यालय का निर्माण कराया जाए। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में सामान्य प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, वित्त विभाग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, सूचना प्रावैधिकी विभाग, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, श्रम संसाधन विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित मामलों पर सुनवाई हुयी।

भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें 5 देशों के टूर्नामेंट के लिए वालेंसिया रवाना

बेंगलुरु। भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने 5 देशों के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए आज बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) से स्पेन के वालेंसिया के लिए उड़ान भरी। इस टूर्नामेंट का आयोजन 15 दिसंबर से 22 दिसंबर तक होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम 15 दिसंबर को टूर्नामेंट के पहले मैच में मेजबान स्पेन से भिड़ेगी, इसके बाद 16 दिसंबर को बेल्जियम, 19 दिसंबर को जर्मनी और अपने 21 दिसंबर को आखिरी मैच में आयरलैंड से भिड़ेगी। इसी तरह, भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने 5 देशों के टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में 15 दिसंबर को मेजबान स्पेन से भिड़ेगी, उसके बाद 16 दिसंबर को बेल्जियम, 19 दिसंबर को जर्मनी और 20 दिसंबर को फ्रांस के खिलाफ मुकाबला करेगी। वेलेंसिया के लिए उड़ान भरने से पहले, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने कहा, यह टूर्नामेंट हमें अगले महीने होने वाले महत्वपूर्ण एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 से पहले दुनिया की कुछ शीर्ष हॉकी टीमों के खिलाफ अमूल्य अनुभव देगा। टूर्नामेंट में जाने से हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हम अपने सभी कमियों को दूर करें और अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से खेलें। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने भी 5 देशों के टूर्नामेंट के महत्व को लेकर कहा, वर्तमान में हम दुनिया में तीसरे स्थान पर हैं, लेकिन हम पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले अपनी महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप सीढ़ी पर और ऊपर चढ़ने का प्रयास करेंगे। ऐसा करने के लिए हमें वालेंसिया में आने वाली कठिन टीमों के खिलाफ अपनी क्षमता का परीक्षण करना होगा और सुनिश्चित करना होगा कि हम शीर्ष पर आएं। यह एक शानदार अनुभव होगा और टीम इस टूर्नामेंट को शुरू करने के लिए उत्सुक है।

अंडर 19 विश्व कप : भारत का पहला मुकाबला 20 जनवरी को बांग्लादेश से

दुबई। भारत आईसीसी अंडर 19 विश्व कप में अपना पहला मैच 20 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका के ब्लोमफोनटेन में बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोमवार को इस प्रतियोगिता का संशोधित कार्यक्रम जारी किया। पहले यह टूर्नामेंट श्रीलंका में आयोजित किया जाना था लेकिन आईसीसी ने सरकारी हस्तक्षेप के कारण उसके क्रिकेट बोर्ड को निलंबित कर दिया और फिर अंडर 19 विश्व कप की मेजबानी दक्षिण अफ्रीका को सौंप दी। इस कारण प्रतियोगिता का नया कार्यक्रम जारी करना पड़ा।

प्रत्येक ग्रुप में शामिल टीम-

ग्रुप एः भारत, बांग्लादेश, आयरलैंड, अमेरिका
ग्रुप बीः इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्ट इंडीज, स्कॉटलैंड
ग्रुप सीः ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, नामीबिया, ज़िम्बाब्वे
ग्रुप डीः अफगानिस्तान, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, नेपाल

पेज 1 का शेष

अनुच्छेद 370 हटाना...

बरकरार रहेगा अनुच्छेद 370 निरस्त का फैसला। राष्ट्रपति के पास 370 पर फैसला लेने का अधिकार है। केंद्र सरकार का 5 अगस्त 2019 का फैसला बरकरार रहेगा। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि अनुच्छेद 370 जम्मू-कश्मीर के संघ के साथ संवैधानिक एकीकरण के लिए था और यह विघटन के लिए नहीं था, और राष्ट्रपति घोषणा कर सकते हैं कि अनुच्छेद 370 का अस्तित्व समाप्त हो गया है। पीठ ने फैसले में कहा 3 अनुच्छेद 370 मामले में फैसला पढ़ते हुए सीजेआई ने कहा, हम निर्देश देते हैं कि 30 सितंबर 2024 तक जम्मू और कश्मीर की विधान सभा के चुनाव कराने के लिए भारत के चुनाव आयोग द्वारा कदम उठाये जायेंगे। साथ ही कहा कि राज्य का दर्जा जल्द बहाल किया जाये। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र शासित प्रदेश के रूप में लद्दाख के पुनर्गठन को बरकरार रखा। शीर्ष अदालत ने 16 दिनों तक दलीलें सुनने के बाद 5 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा था कि पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले प्रावधान को निरस्त करने में कोई संवैधानिक धोखाधड़ी नहीं हुई थी। केंद्र की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए। केंद्र ने पीठ को बताया था कि जम्मू और कश्मीर एकमात्र ऐसे राज्य नहीं थे जिनका दस्तावेजों के माध्यम से भारत में विलय हुआ था, बल्कि आजादी के बाद कई अन्य रियासतें भी शर्तों के साथ भारत में शामिल हुई थीं। **केंद्र ने पीठ को बताया :** केंद्र सरकार ने पीठ को बताया कि 1947 में आजादी के समय 565 रियासतों में से अधिकांश गुजरात में थीं और कई में कर, भूमि अधिग्रहण और अन्य मुद्दों से संबंधित शर्तें थीं। केंद्र ने यह भी प्रस्तुत किया था कि केंद्र शासित प्रदेश के रूप में जम्मू- कश्मीर की स्थिति केवल अस्थायी है और इसे राज्य का दर्जा बहाल किया जायेगा। हालांकि, लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना रहेगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि अनुच्छेद 370 अब अस्थायी प्रावधान नहीं है और जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा के विघटन के बाद यह स्थायी हो गया है।

ऐतिहासिक फैसला...

संवैधानिक रूप से 5 अगस्त 2019 को भारत की संसद के निर्णय को बरकरार रखने वाला है। इस पोस्ट के साथ उन्होंने हैशटैग नया जम्मू कश्मीर' लिखा। उन्होंने कहा, यह जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में हमारी बहनों और भाइयों के लिए आशा, प्रगति और एकता की एक शानदार घोषणा है। न्यायालय ने अपने गहन विवेक से एकता के उस सार को मजबूत किया है जिसे हम भारतीय होने के नाते सबसे ऊपर मानते हैं। पीएम ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके सपनों को पूरा करने की उनकी सरकार की प्रतिबद्धता अटूट है। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ हैं कि प्रगति का फल न केवल आप तक पहुंचे, बल्कि हमारे समाज के सबसे कमजोर और हाशिए वाले वर्गों तक भी उनका लाभ पहुंचे, जो अनुच्छेद 370 के कारण पीड़ित थे।

1932 आधारित नियोजन...

साथ ही, पशुधन विकास योजना के तहत गाय के अतिरिक्त भैंस भी सरकार दे रही है। कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बेबी देवी, विधायक कुमार जयमंगल सिंह, योगेन्द्र महतो, सीएम के सचिव विनय कुमार चौबे समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

मोहन यादव होंगे...

जिस चीज ने सभी का ध्यान खींचा, वह नवनिर्वाचित सीएम का पूर्ववर्ती और तीन बार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के पैर छूना था। पूर्व सीएम को नये कप्तान को आशीर्वाद देते हुए यादव के सिर को थपथपाते हुए देखा गया। नाम की घोषणा होते ही चौहान ने मंच पर यादव को फूलों का गुलदस्ता देकर बधाई दी। दोनों में कुछ शब्दों का आदान-प्रदान हुआ और दोनों एक-दूसरे को देखकर मुस्कुराये। तब यादव ने सिर हिलाकर मुख्यमंत्री की बात पर हामी भरी।

रांची में छठे दिन...

जानकारी के अनुसार धीरज साहू और उनके संबंधित शराब कंपनियों के खिलाफ प्रेडिकेट ऑफेंस की पड़ताल करने का निर्देश ओड़िशा ईडी जोनल आफिस को दिया गया है। **आय और अचल संपत्तियों से आठ गुना पैसा बरामद :** सांसद धीरज साहू की घोषित आय, उनकी चल-अचल संपत्तियों से 10 गुना अधिक पैसा केवल आयकर के छापे में कैश के रूप में ही बरामद किया गया है। धीरज साहू के पास 31.16 लाख रुपये की कंपनियों की शेयर हैं। इसके अलावे कंप्लसरी डिपोजिट स्कीम के तहत कुल 75.46 लाख का निवेश किया गया है। उनके और उनके परिवार के पास 1.51 करोड़ रुपये के जेवरात हैं। धीरज साहू के पास कुल 14 करोड़ 85 लाख 25 हजार की कुल अचल संपत्ति है। चुनावी हलफनामे के मुताबिक, 2.36 करोड़ का लोन बैंक और निजी लोगों से लिया गया दिखाया गया है। **दिल्ली में सांसदों ने हल्ला बोला :** रांची से भाजपा सांसद संजय सेठ ने संसद में राज्यसभा के सांसद धीरज साहू के ठिकानों से बरामद करोड़ों के कैश का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि अब तक 500 करोड़ की गिनती हो चुकी है। अभी गिनती जारी है। इस मुद्दे पर सदन में भाजपा सांसदों ने जम कर हंगामा किया। संसद भवन परिसर में भाजपा ने कांग्रेस के खिलाफ जमकर हल्ला बोला।

केंद्रीयकर्मियों को झटका...

ओपीएस बहाल की योजना नहीं : प्रश्नकाल में वित्त मंत्री से लोकसभा सांसद ए गणेशमूर्ति और ए राजा ने सवाल किया कि क्या सरकारी कर्मचारियों के एसोसिएशन ने योगदान वाले पेंशन स्कीम की जगह आखिरी वेतन के आधार पर दिये जाने वाले ओल्ड पेंशन स्कीम को फिर से बहाल करने की मांग की है और इन मांगों पर सरकार का क्या रुख है? इस प्रश्न पर लिखित जवाब में वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा, एक जनवरी 2004 को या उसके बाद नियुक्त किए गए कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम को फिर से बहाल करने का भारत सरकार के सामने कोई प्रस्ताव नहीं है।

काला धन का काला सच उजागर, भ्रष्टाचारी जाएंगे जेल : अमृत पांडे

खबर मन्त्र संवाददाता

पाकुड़। जिला अध्यक्ष अमृत पांडे के नेतृत्व में सोमवार को स्थानीय गांधी चौक पर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के घर से छापेमारी में भारी मात्रा में मिले नगदी तथा राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई के द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए नुक्कड़सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़सभा में प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश मंत्री मिस्त्री सोरेन,शर्मिला रजक, अनुग्राहित प्रसाद साह, दुर्गा मरांडी, दानियल किस्कु, बाबूधन मुर्मू, हिसाबी राय, दिलीप कुमार सिंह सहित दर्जनों कार्यकताओं मौजूद थे। भाजपा जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने धीरज साहू मामले में ईडी से जांच कराने की मांग की और कहा कि आजादी के बाद से ही कांग्रेस और भ्रष्टाचार का इतिहास रहा है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू

के मामले ने झारखंड को बदनाम किया है।उन्होंने कहा कि 300 करोड़ नगद रुपए का मिलना कांग्रेस के इतिहास को दोहराया है। भाजपा प्रदेश मंत्री मिस्त्री सोरेन ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह की सरकार तक भ्रष्टाचार के बड़े-बड़े मामले उजागर हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब तो कांग्रेस की हालत यह हो गई है कि भ्रष्टाचार के मामले में राज्य स्तर के नेता और राष्ट्रीय स्तर के नेताओं में कंपटीशन सी लग गई है। उन्होंने कहा की जब पकड़े जाते हैं, तो उल्टे जांच एजेंसियों पर ही आरोप लगाते हैं। भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ आम जनता की आवाज बनकर लगातार सड़क से लेकर सदन तक उठाते हैं ओर मांग करते हैं कि इसकी जांच ईडी से कराया जाए। नुक्कड़ सभा को प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अनुग्राहित प्रसाद साह मैं अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री का प्रयास है कि देश के जनता के लुटे पैसे को भ्रष्टाचारियों को एक-एक कर लौटना होगा और भ्रष्टाचारियों को जेल भी जाना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न माध्यमों से पता चला है कि झारखंड में अब तक 7000 करोड़ के भ्रष्टाचार उजागर हुए हैं। इन मामलों को सडक से सदन तक उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर 500 करोड़ के लेनदेन का आरोप लगा है। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष पंकज कुमार साह ने किया तथा कार्यक्रम में अंत में धन्यवाद ज्ञापन भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय ने किया। नुक्कड़सभा को बाबूधन मुर्मू, दानियल किस्कु, दुर्गा मरांडी, विवेकानंद तिवारी, विश्वनाथ प्रसाद भगत, साहेब हांसदा ने संबोधित किया। मौके पर पाकुड विधानसभा के विस्तारक जयप्रकाश यादव, मनोरंजन सरकार, कैलाश सिंह, पार्थ रक्षित, धर्मेंद्र त्रिवेदी, रतन भगत, अजय कुमार, राजदीप कर्मकार, चार्लेस हेम्ब्रम, विषण हेम्ब्रम, रामसेन, सुकुमार मंडल, मोनू हांसदा, गुरूदयाल साहा, राजीव साहा, दौलत साहा, नायका सोरेन, संजीत मुखर्जी आदि मौजूद थे।

दक्षिणी गाजा में एक और दुर्दांत हमास कमांडर हवाई हमले में ढेर

एजेंसी

गाजा पट्टी। दक्षिणी गाजा के प्रमुख शहर खान यूनिस में फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के खिलाफ इजराइल के सुरक्षा बलों के हमले जारी हैं। इस बीच इजराइल की सेना ने हमास के खूंखार आतंकवादी इमाद क्रिके को ढेर कर दिया है। साथ ही अपने चार शहीद सैनिकों के नामों का खुलासा करते हुए फोटो जारी किए हैं आईडीएफ ने एक्स हैंडल पर कहा है कि इमाद क्रिके हमास की शेजैया बटालियन का कमांडर था। वह शेजैया बटालियन के पिछले कमांडर के मारे जाने से पहले डिप्टी कमांडर था। क्रिके गाजा

हमास की शेजैया बटालियन का कमांडर था इमाद क्रिके

सिटी ब्रिगेड में टैंकरोधी मिसाइल प्रशिक्षण का भी जिम्मेदार था। वह रविवार को हमले में मारा गया। वह हमास के ताकतवर कमांडर था। इजराइल के प्रमुख अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार खान यूनिस में रातभर के इजराइल के सुरक्षाबलों ने हमला किया है। सुबह दक्षिणी इजरायल के लोगों को हमास के संभावित हमले के लिए सचेत करते हुए वायु रक्षा प्रणाली को सक्रिय किया गया है। आईडीएफ ने गाजा पट्टी पर छिड़े युद्ध के 66वें दिन आज अपने चार शहीद सैनिकों के फोटो और विवरण जारी किया है। इनमें सार्जेंट

55वीं पैराट्रूपर्स ब्रिगेड के 35 वर्षीय मेजर गिदोन इलानी, किरयाती ब्रिगेड की 8111वीं बटालियन के 36 वर्षीय मेजर एटे पेरी, किरयाती ब्रिगेड की 8111वीं बटालियन के 42 वर्षीय मेजर एविएटर कोहेन और उत्तरी कमान के 36वें डिवीजन के 34 वर्षीय मेजर गैल बेचर शामिल हैं। आईडीएफ ने कहा कि चारों दक्षिणी इजराइल में कल एक सैन्य वाहन की टक्कर में मारे गए। आईडीएफ ने कहा है कि इस युद्ध में उसके 102 जवानों की शहादत हो चुकी है।

गाजा में फैल सकती है महामारी

वाशिंगटन। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इजराइल और हमास के बीच गाजा में छिड़े युद्ध पर गंभीर टिप्पणी की है। इसमें कहा गया है कि गाजा में महामारी फैलने की आशंका है। साथ ही मिस्र पर बड़े पैमाने पर विस्थापन का दबाव बढ़ेगा।

द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने चेतावनी दी थी कि मिस्र के साथ गाजा की सीमा के पास दबाव बढ़ रहा है। इस सीमा पर हजारों फिलिस्तीनी एकत्र हैं। यह लोग इजराइल के सैन्य अभियान से घबराकर भागे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि सार्वजनिक व्यवस्था जल्द ही पूरी तरह से खत्म हो जाएगी और इससे भी बदतर स्थिति सामने आ सकती है। गंभीर खतरा महामारी फैलने का है। इसके अलावा मिस्र में बड़े पैमाने पर विस्थापन के लिए दबाव बढ़ सकता है। अखबार के अनुसार विश्व स्वास्थ्य संगठन के कार्यकारी बोर्ड के आपातकालीन सत्र में महानिदेशक टेड्रोस एडनोम घेबियस ने कहा है कि गाजा की स्वास्थ्य प्रणाली और उपचार व्यवस्था घुटनों पर आ गई है।

एक नजर में

पाकिस्तान के बाद ईरान ने 13 हजार अवैध अफगान के नागरिकों को देश से निकाला

काबुल। पाकिस्तान के बाद ईरान ने भी अवैध अफगान नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 13,204 अवैध अफगान प्रवासियों को देश से निष्कासित कर दिया है। खुरासान रजावी में सीमा सुरक्षा के कमांडर माजिद शोजाई ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अवैध प्रवासियों के निष्कासन पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन प्रवासियों की पहचान पिछले सप्ताह में की गई थी और वे डोघरौन में बारह सीमा क्रासिंग के माध्यम से अपने देश लौट गए। सीमा सुरक्षा के कमांडर ने कहा कि अवैध रूप से देश में प्रवेश करने वाले अफगान नागरिकों को गिरफ्तार कर निष्कासित कर दिया जाता है। खामा प्रेस के अनुसार हाल के महीनों में ईरान और पाकिस्तान से अफगान प्रवासियों को निकालने की प्रक्रिया तेज हुई है। हाल ही में ईरान के गृह मंत्री ने चार लाख अफगान प्रवासियों को देश से बाहर निकालने की घोषणा की थी। इससे पहले करमानशाह प्रांत में विदेशी नागरिकों और अप्रवासी मामलों के महानिदेशक ने देश के 16 प्रांतों में अफगान नागरिकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी।

रूस ने कीव पर रातभर किया हवाई हमला

कीव। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव में ताबड़तोड़ विस्फोट किए हैं। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने सोमवार कहा है कि रूस ने कीव पर रातभर हवाई हमला किया है। यूक्रेन के प्रमुख अखबार द कीव इंडिपेंडेंट के अनुसार मेयर विटाली क्लिट्स्को ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप में यह जानकारी साझा की है। मेयर के अनुसार इस हमले में गिराए गए हथियारों का मलबा कई जिलों पर गिरा और एक आवासीय इमारत को इससे नुकसान पहुंचा। क्लिट्स्को ने कहा है कि आपातकालीन सेवाओं को कीव के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में होलोसिवस्की जिले में भेजा गया। वहां एक मिसाइल का हिस्सा एक आवासीय इमारत की छत से टकराया था । उन्होंने बताया कि शहर के दो अन्य जिलों में भी आपातकालीन सेवाएं भेजी गई हैं। उन्होंने कहा कि कीव सिटी सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने राजधानी में हवाई हमले की चेतावनी पहले ही जारी कर दी थी। अखबार के अनुसार इस हमले में एक आवासीय इमारत की खिड़कियां टूट गई और कांच के टुकड़ों से एक बच्चा और दो वयस्क घायल हो गए।

पूर्वी ईरान के रिफाइनरी में विस्फोट

तेहरान। पूर्वी ईरान के बिरजंद विशेष आर्थिक क्षेत्र में स्थित हाइड्रोकार्बन रिफाइनरी में रविवार को लगी आग के बाद हुए भीषण विस्फोट से हड़कंप मच गया है। आग की लपटों ने रिफाइनरी के सभी 18 भंडारण इकाइयों को अपनी चपेट में ले लिया। आग अभी बुझ नहीं सकी है। यह विशेष क्षेत्र दक्षिण खुरासान प्रांत में है। ईरान के सरकारी मीडिया के अनुसार यह छोटी रिफाइनरी है। हादसे में अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। नुकसान का आकलन भी अभी तक नहीं किया गया है। गवर्नर अली फजेली ने कहा है कि आग रिफाइनरी के सभी 18 भंडारण इकाइयों तक फैल चुकी है। इससे तीन भंडारण इकाइयां फट चुकी हैं। भयावह स्थिति की वजह से बचाव दल अस्थायी रूप से घटनास्थल से हट गए हैं।

बलूचिस्तान में धमाका, पुलिस अधिकारी की मौत

कराची। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को एक विस्फोट में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बलूचिस्तान के खुजदार में सुल्तान इब्राहिम रोड के निकट हुए विस्फोट में आतंकवाद निरोधक विभाग के प्रभारी मोहम्मद मुराद की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी पिंडरानी ने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार वाहन में एक बम लगाया गया था। इस हमले की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मीर हुसैन लेहरी ने कहा कि घटना में एक राहगीर भी घायल हो गया।

निराश हूं, संघर्ष जारी रहेगा : उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि वह संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त किए जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय के फैसले से निराश हैं, लेकिन निरुत्साहित नहीं हैं। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा को अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने में दशकों लगे और वह भी लंबी लड़ाई के लिए तैयार हैं। अब्दुल्ला ने कहा कि निराश हूं, लेकिन निरुत्साहित नहीं हूं। संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने उम्मीद न खोने का संदेश देते हुए मशहूर शायर फैज अहमद फैज का एक शेर भी साझा किया। नेकां नेता ने कहा कि दिल नाउम्मीद तो नहीं, नाकाम ही तो है, लंबी है गम की शाम, मगर शाम ही तो है। उच्चतम न्यायालय ने पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के सरकार के पांच अगस्त 2019 के फैसले को बरकरार रखते हुए सोमवार को कहा कि अगले साल 30 सितंबर तक विधानसभा चुनाव कराने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा जल्द से जल्द बहाल किया जाए।

पीओके हमारा है लेकर रहेंगे : शाह

गृह मंत्री बोले- पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लिए 24 सीटें रखा है रिजर्व

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) हमारा है। हम उसे लेकर रहेंगे। उस क्षेत्र के लिए हमने 24 सीटें आरक्षित रखी हैं। शाह ने सोमवार राज्यसभा में जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 पर चर्चा के दौरान कहा कि पहले जम्मू में 37 सीटें थीं, अब नए परिसीमन आयोग के बाद वहां 43 सीटें की गई हैं। पहले कश्मीर में 46 सीटें थीं जिसे बढ़ाकर 47 कर दी गई हैं। परिसीमन आयोग की इस रिपोर्ट को हमने स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 24 सीटें आरक्षित कर दी गई हैं क्योंकि पीओके हमारा है। उसे कोई हमसे छीन नहीं सकता है। शाह ने कहा कि धारा 370 को हटाने के लिए जो पहल हमारी पार्टी, संसद और राष्ट्रपति की थी उसपर आज सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगा दी है। हमारे कदम न्यायसंगत, राष्ट्रसंगत और जम्मू-कश्मीर के हित में थे। सुप्रीम कोर्ट ने आज याचिकाकताओं के सारे तर्क को खारिज कर दिया। कोर्ट ने साफ कर दिया है कि अब जम्मू-कश्मीर के संविधान का कोई मतलब नहीं है। विपक्ष के सारे तर्क अब कुतर्क साबित हो गए हैं। शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 80 के दशक में आतंकवाद की शुरूआत हुई। जिसके कारण बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों को पलायन करना पड़ा। कश्मीरी पंडित अपने ही देश में विस्थापित कहे जाने लगे। 46 हजार से अधिक लोग विस्थापित हुए थे। हमारी सरकार अब उनके खोए हुए सम्मान को वापस दिला रही है। एक लाख से अधिक लोग कश्मीर लौट रहे हैं। शाह ने कहा कि कश्मीर में जो युवा पत्थर लेकर घूमा करते थे वह आज लेपटॉप लेकर घूम रहे हैं। कश्मीर की जनता अब विकास और संविधान की बात करती है। कांग्रेस की 40 साल की गलतियों को हम एक-एक करके सुधार रहे हैं। यूपीए के शासनकाल में 07 हजार 217 आतंकी घटनाएं हुई थी लेकिन मोदी सरकार में आतंकी घटनाओं में 70 फीसदी की कमी आई है।

साहू के पास नकदी जब्ती से कोई लेना-देना नहीं : चिदंबरम

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को फिर कहा कि उसके राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू से संबंधित परिसरों से बड़े पैमाने पर नकदी की जब्ती से उसका कोई लेना-देना नहीं है तथा इस विषय पर खुद साहू जवाब देंगे। साहू के परिवार के स्वामित्व वाली बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ आयकर अधिकारियों द्वारा तलाशी लिए जाने के दौरान 351 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने संवाददाताओं से कहा कि मैंने अपने जीवन में 350 करोड़ रुपये नहीं देखे। अगर आप पूछेंगे कि 350 करोड़ में कितने शून्य होते हैं तो मुझे गिनना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया है कि जब्ती से कोई लेना-देना नहीं है। इस बारे में साहू को स्पष्टीकरण देना है। चिदंबरम ने कहा कि किसी व्यक्ति विशेष के कारोबार से पार्टी का संबंध नहीं होता है।

साय कल लेंगे शपथ प्रधानमंत्री रहेंगे मौजूद

एजेंसी

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मंत्रिमंडल के सदस्य बुधवार 13 दिसम्बर को शपथ लेंगे। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में दोपहर दो बजे शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया, छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन सहित अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। राज्य में भाजपा के प्रमुख आदिवासी चेहरे साय को रविवार को यहां नवनिर्वाचित 54 भाजपा विधायकों की बैठक के दौरान विधायक दल का नेता चुना गया। राज्य की कुल 90 विधानसभा सीट में से भाजपा ने 54 सीट जीती हैं। 2018 में 68 सीट जीतने वाली कांग्रेस इस बार 35 सीट पर सिमट गई है। राज्य में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एक सीट जीतने में कामयाब रही।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं महुआ मोइत्रा, निष्कासन को दी चुनौती

नयी दिल्ली। टीएमसी की नेता महुआ मोइत्रा ने लोकसभा से अपने निष्कासन के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने शीर्ष अदालत के समक्ष एक याचिका दायर कर अपने निष्कासन के फैसले को चुनौती दी है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर रुपए लेकर लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। उनकी शिकायत पर इस मामले में संसद की आचार समिति ने जांच की। समिति की सिफारिश पर आठ दिसंबर को लोकसभा ने सुश्री मोइत्रा के निष्कासित संबंधी प्रस्ताव पारित किया था।

किसानों से दो लाख टन प्याज खरीदेगी सरकार

एजेंसी

▸▸ बफर स्टॉक का इस्तेमाल खुदरा कीमतों में वृद्धि को रोकने के लिए किया जाएगा

नयी दिल्ली। निर्यात पर प्रतिबंध के खिलाफ महाराष्ट्र में प्याज किसानों के विरोध के बीच केंद्र ने सोमवार को कहा कि वह किसानों के हितों की रक्षा के लिए सभी मंडियों से अपने बफर स्टॉक के लिए लगभग दो लाख टन खरीफ प्याज फसल खरीदेगी। खरीद यह सुनिश्चित करेगी कि घरेलू थोक दरें स्थिर रहें और प्रतिबंध के कारण तेज गिरावट न आये।

दूसरी ओर, सरकार ने कहा कि बफर स्टॉक का इस्तेमाल खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी को रोकने के लिए किया जाएगा। प्याज की घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए केंद्र ने आठ दिसंबर को अगले साल 31 मार्च तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके चलते महाराष्ट्र के नासिक जिले में प्याज किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि निर्यात प्रतिबंध का किसानों पर कोई असर नहीं होगा क्योंकि सरकारी खरीद जारी है। इस साल अबतक हमने 5.10 लाख टन प्याज की खरीद की है तथा लगभग दो लाख टन खरीफ प्याज फसल की और खरीद की जायेगी। आमतौर पर सरकार रबी प्याज के लंबे समय तक खराब न होने की गुणवत्ता को देखते हुए

राजस्थान में भाजपा विधायक दल की बैठक आज, सीएम पर होगा फैसला

जयपुर। राजस्थान में विधानसभा चुनाव के बाद सरकार गठन को लेकर अब गतिविधियां तेज हो गई हैं और 115 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल करने वाली भाजपा के विधायक दल की बैठक मंगलवार को सायं चार बजे होगी।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं विधायक भजनलाल शर्मा ने बताया कि बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुलाई गई है जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सह-पर्यवेक्षक भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय और राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावडे मौजूद रहेंगे और नवनिर्वाचित विधायकों से मिलेंगे। श्री शर्मा ने बताया कि सभी नव-निर्वाचित विधायकों को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी की ओर से बुलावा भेजा गया। उन्होंने बताया कि दोपहर डेढ़ बजे से भाजपा के सभी नव-निर्वाचित विधायकों का रजिस्ट्रेशन प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि सभी नव-निर्वाचित विधायकों को अनिवार्य रूप से विधायक दल की बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं। विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद शीघ्र विधायक दल की बैठक नहीं होने से मुख्यमंत्री के नाम को लेकर खूब चर्चाएं चल रही है और अब मंगलवार को बैठक होने के बाद मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा के पश्चात चर्चाओं पर विराम लग जायेगा।

सेंसेक्स 70,000 के करीब पहुंचा

निफ्टी 27 अंक तेजी के साथ अबतक के उच्चतम स्तर 20,997 पर बंद

मुंबई। बैंक, आईटी तथा धातु शेयरों में लिवाली से बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 102 अंक की बढ़त के साथ 70,000 अंक के करीब बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 21,000 अंक के पास पहुंच गया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में बढ़त के साथ खुला और कारोबार के दौरान 70,057.83 अंक तक गया। बाद में, यह 102.93 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 69,928.53 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 18 लाभ में जबकि 11 नुकसान में रहे। एक में कोई बदलाव नहीं हुआ।

पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी भी कारोबार के दौरान 21,026.10 अंक तक पहुंच गया था। अंत में यह 27.70 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की तेजी के साथ अबतक के उच्चतम स्तर 20,997.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट सबसे ज्यादा 3.04 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा नेस्ले, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक, टीसीएस, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील और टाटा स्टील में तेजी रही। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और हिंदुस्तान यूनिलीवर, मारुति, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस शामिल हैं। निवेशकों की नजर एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) की कल होने वाली बैठक भी है। इससे उन्हें भविष्य में नीतिगत दर में कटौती के बारे में संकेत मिलेंगे। साथ ही वे नीतिगत दर यथावत रहने की उम्मीद कर रहे हैं। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और जापान का निक्की लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में जर्मनी का डीएएक्स अपरिवर्तित रहा जबकि फ्रांस का सीएसी-40 लाभ में और लंदन का एफटीएसई नुकसान में रहा।

अक्षरा सिंह का गाना 'पटना की लड़की है...' रिलीज

एजेंसी

मुंबई। भोजपुरी सुपर स्टार एक्ट्रेस अक्षरा सिंह का एक्शन से भरपूर गाना पटना की लड़की है... रिलीज हो गया है। इस गाने में अक्षरा सिंह पहली बार पूरे गाने में एक्शन करती नजर आई हैं। यह गाना यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है, जिसे उनके फैंस के साथ-साथ भोजपुरी म्यूजिक लवर्स खूब पसंद कर रहे हैं।

गाना पटना की लड़की है... को अक्षरा सिंह ने अपने मदमस्त अंदाज में गाया है और इसके गीतकार ऋषि ग्वाला हैं, जबकि संगीतकार आशीष वर्मा हैं। गाने के टीजर ने ही इसके प्रति लोगों में उत्सुकता बढ़ा दी थी। अब यह गाना भी रिलीज के साथ वायरल होने लगा है। अक्षरा सिंह ने कहा कि यह गाना लड़कियों के लिए प्रेरणादायक है। हमने इसे मकसद से इस गाने को बनाया है और यह लोगों को पसंद आ रहा है। उन्होंने कहा कि गाने की शुरूआत एक स्टोरी से होती है। इसमें कुछ गुंडे लड़कियों की तस्करी करते नजर आते हैं, जहां पटना की लड़की का एंट्री होती है और वह उन गुंडों से फाइट कर उन सभी लड़कियों को आगे छुड़ाती है। उन्होंने कहा कि एक कांसेप्ट के साथ यह गाना बेहद खास बना है।

मैं पटना समेत बिहार की तमाम लड़कियों से अपील करेंगे कि आप इस गाने को जरुर देखें और अपने अंदर से अपने डर को निकालें। क्यूंकि लड़कियां किसी से कम नहीं है. एक हिचक उन्हें कमजोर बनती है, लेकिन जब उससे लड़कियां बाहर निकल जाती है तो उनका व्यक्तित्व मजबूत और निर्भीक हो जाता है। इसलिए यह गाना महिला सशक्तिकरण के लिए एक आवाज बनकर उभरेगी।

फिल्म खो गए हम कहां का ट्रेलर रिलीज

मशहूर फिल्म खो गए हम कहां का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। तीन दोस्तों, प्यार और ब्रेकअप की कहानी पर आधारित इस फिल्म को लेकर फैंस उत्सुक हैं। ट्रेलर रिलीज होने के साथ ही अब फैंस के बीच इस फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। फिल्म खो गए हम कहां में अनन्या पांडे, आदर्श गौरव और सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।खो गए हम कहां का ट्रेलर काफी दमदार लग रहा है। खो गए हम कहां के ट्रेलर में अनन्या पांडे अहाना के किरदार में नजर आ रही हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी इमाद की भूमिका में और आदर्श गौरव नील की भूमिका निभा रहे हैं। ट्रेलर की पृष्ठभूमि में मुंबई को दिखाया गया है।

आरएसएस ने 370 पर कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने सोमवार को कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने संबंधी केंद्र के फैसले को उच्चतम न्यायालय द्वारा बरकरार रखे जाने से राष्ट्रीय एकता मजबूत होगी। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने एक बयान में कहा कि संघ शुरू से ही संविधान के अनुच्छेद 370 का विरोध करता रहा है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुच्छेद 370 समाप्त करने को वैधता प्रदान किया जाना स्वागत योग्य है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस निर्णय का स्वागत करता है। संघ शुरू से ही अनुच्छेद 370 का विरोध करता रहा है और इसने इस विषय पर कई प्रस्ताव भी पारित किए हैं तथा समस्त आंदोलनों में सहभागिता की है। यह निर्णय राष्ट्रीय एकता को मजूबत करेगा।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar – II	₹ 120	English Grammar – II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !